रजिस्ट्री संख्या डी एल-33001/92 REGISTERED NO. DL-33001/92



भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 26] नई दिल्ली, शनिवार, जून 27, 1992 (आषाढ़ 6, 1914)
No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 27, 1992 (ASHADHA 6, 1914)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	505
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	639
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	11
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1107
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	651
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	801
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2511
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	97
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक . .	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं

1—121 GI/92

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	505
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	639
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	11
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1107
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . . .	651
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . . .	801
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2511
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	97
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

दिनांक 26 मई 1992

सं० 36-प्रेज 92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री अरबिन्दो मंडल (मरणोपरांत)
कांस्टेबल सं० 810700725
8वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
अजनाला ।

श्री सुरेन्द्र सिंह (मरणोपरांत)
कान्स्टेबल सं० 791180349
8वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
अजनाला ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2 मार्च 1989 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ कुख्यात उग्रवादी गांव आबूसैदा थाना रामदास में पियारे सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में छिपे हुए हैं। अजनाला के सैक्टर कमान्डेंट के आदेश पर श्री जी० बी० सिंघाड़ी पुलिस उप-अधीक्षक के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की बी/8 और ई/8 बटालियन के जवान एस०एच० ओ० रामदास के साथ उक्त मकान पर छापा मारने के लिए चल पड़े जबकि सहायक कमान्डेंट (प्रचालन) के नेतृत्व में एक विशेष टुकड़ी को आक्रमण के लिए रिजर्व में तैयार रखा गया। संदेहग्रस्त मकान को घेरने और भागने के सभी संभावित रास्तों को बन्द करने के बाद एस० एच० ओ० रामदास ने अपने जवानों के साथ घर पर छापा मारा। सुरक्षा बलों द्वारा अचानक हमला कर देने से उस घर में छिपे आतंकवादी हैरान हो गए और उन्होंने पुलिस दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप एक कांस्टेबल ड्राईवर मारा गया और एस० एच० ओ० रामदास, एक सहायक उप-निरीक्षक गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक और घायल को वहां से हटाया जा सके इस दृष्टि से सुरक्षा कार्मिकों ने तत्काल जवाब में गोलियां चलाईं इसी बीच सहायक कमांडेंट (प्रचालन) के नेतृत्व में विशेष दल (कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह और अरबिन्दो मंडल सहित) घटना स्थल पर पहुंचा जिसका प्रयोग आतंकवादियों को बाहर खदेड़ने के लिए अन्तिम हमले के रूप में किया जाना था। अन्दर बन्द आतंकवादियों ने भागने की कोशिश में दरवाजा खोला और घर के सामने खड़े पुलिस बल पर भारी गोलाबारी की। इसी बीच श्री सुरेन्द्र सिंह और श्री अरबिन्दो मंडल ने तेजी और युक्तिपूर्ण ढंग से भारी गोलाबारी के बीच लेट पार करके मिट्टी की दीवार के दूसरी तरफ गए तथा उनके भागने का रास्ता बन्द कर दिया और इस प्रकार से उनकी कोशिश विफल कर दी। भारी गोलीबारी से विचलित हुए बिना तथा व्यक्तिगत खतरे में वे आगे बढ़े, जहां उन्होंने देखा कि एक आतंकवादी अर्ध खुली खिड़की से गोली चला रहा है। आतंकवादियों का सफाया करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ दोनों कांस्टेबल श्री सुरेन्द्र सिंह और श्री अरबिन्दो मंडल ने मिट्टी की दीवार पार की, घर में घुसे, अच्छी प्रकार मोर्चा संभाले हुए आतंकवादी की तरफ रेंगते हुए गए और उसे मारने में सफल हो गए। नई शक्ति और दृढ़ निश्चय के साथ वे दोनों रेंगते हुए आगे बढ़े और देखा कि एक अन्य आतंकवादी अनाज भंडार कम्पार्टमेंट के एक कमरे के ऊपर से रुक-रुक कर गोली चला रहा था जो पुलिस कार्मिकों द्वारा हथगोले फेंकने के बावजूद जख्मी नहीं हुआ था। कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह और कांस्टेबल अरबिन्दो मंडल बिना समय गंवाए इसे समाप्त करने के लिए रेंगते हुए आगे गए लेकिन दुर्भाग्यवश आतंकवादी ने उन्हें देख लिया जिसने अपने मोर्चे से उनपर गोली चलाई जिससे वे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद वे अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहे और आतंकवादी को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया जो बाद में मर गया। कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह और कांस्टेबल अरबिन्दो मंडल की भी अपना कार्य पूरा करने के बाद जख्मों के कारण मृत्यु हो गई।

मृतक आतंकवादियों की बाद में सुखविन्दर सिंह उर्फ पप्पू और हरजीत सिंह उर्फ तोता के रूप में शिनाख्त की गई और घटनास्थल से 2 ए० के०-47 स्वचालित राईफल, 5 ए० के०-47 राईफल मैगजीन, ए० के०-47 राइफलों के 1200 सक्रिय कारतूस, एक 12 बोर बैरल शार्टेन्ड डी० बी० बी० एल० गन और बड़ी संख्या में प्रयुक्त गोलियों के खोल बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री अरबिन्दो मंडल और श्री सुरेन्द्र सिंह कान्स्टेबलों ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 3 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृति भत्ता भी दिनांक 2 मार्च 1989 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 37-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री अब्दुल माजीद,
लांस नायक,
18वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

आतंकवादियों ने 8 तथा 17–18 अगस्त, 1990 की मध्य रात्रि में जालन्धर जिले के मुकाबल एवं गेल गांवों से तीन लड़कियों का अपहरण किया। उनमें से एक लड़की को आतंकवादियों द्वारा उसी रात को मार दिया गया। इससे स्थानीय जनता में काफी रोष उत्पन्न हो गया और आतंकवादियों से शेष दो लड़कियों को छुड़ाने के लिए प्रशासन पर दबाव डाला।

24 अगस्त 1990 को यह सूचना मिलने पर कि दो आतंकवादी दो लड़कियों के साथ गिल गांव के तेजा सिंह के घर में छिपे हुए थे, पंजाब पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक संयुक्त दल ने कपूरथला के एस० एस० पी० के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया। श्री अब्दुल माजीद भट, एस० एस० पी० कपूरथला की एस्कार्ट पार्टी के सदस्य थे। उस गांव में पहुंचने पर पुलिस दल ने तेजा सिंह के घर में कुछ संदिग्ध हलचल देखी और तुरन्त ही मकान को घेर लिया जिससे आतंकवादी भाग न सकें। इसके जवाब में घर में छिपे आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं। पुलिस दल ने भी मोर्चा संभाला और आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरू कर दी डेढ़ घंटे तक गोलाबारी जारी रही। पुलिस दल द्वारा की गई गोलाबारी का जब कोई प्रभाव नहीं पड़ा तो आतंकवादियों को बाहर खींचने के लिए मकान के अन्दर हथगोले दागने का निर्णय लिया गया। श्री अब्दुल माजीद भट ने यह जोखिम भरा काम अपने ऊपर लिया और भारी गोलाबारी के बीच अत्याधिक जोखिम के साथ रेंगते हुए छत पर चढ़े और उस पर छेद किए तथा आतंकवादियों को घर से बाहर आने के लिए मजबूर करने हेतु घर में अश्रुगैस के गोले छोड़े। एक अपहृत लड़की घायल अवस्था में बाहर आने में सफल हुई और पुलिस दल को सूचित किया कि अपहृत दूसरी लड़की को आतंकवादियों ने मार दिया है। अश्रु गैस के गोले छोड़ने के बाद भी जब आतंकवादी लगातार गोलाबारी करते रहे तो एस० एस० पी० कपूरथला ने लांस नायक श्री भट को छत के ऊपर छेदों से हथगोले छोड़ने का निर्देश दिया आतंकवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी के बीच अपने प्राणों को जोखिम में डाल कर वह फिर रेंगते हुए छत के ऊपर चढ़ गए और हथगोले दागे। जब आतंकवादियों की ओर से कोई गोलाबारी नहीं हुई तब पुलिस दल द्वारा तलाशी ली गई और दो आतंकवादियों व एक लड़की के शव पड़े मिले। बाद में मृतक आतंकवादियों की पहचान की गई जो गांव गेली के सुखदेव सिंह पुत्र उजागर सिंह तथा अमरजीत सिंह निकले। दोनों ही आतंकवादियों के सी० एफ० गुरमुख सिंह नगोक ग्रुप के सक्रिय सदस्य थे। मुठभेड़ स्थल से 2 ए० के० 47 राइफलें, 4 मैगजीन, एक 32 बोर पिस्तौल, 211 चक्र गोलियां तथा 51,650/- रुपये नकदी भी पकड़ी गई।

इस मुठभेड़ में लांस नायक श्री अब्दुल माजीद ने उत्कृष्ट वीरता साहस व उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 अगस्त, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 38-प्रेज 92—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री जय प्रकाश,
कमांडेन्ट,
7वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री समिउल्ला खान, (मरणोपरान्त)
उपनिरीक्षक,
7वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

17 नवम्बर, 1990 को लगभग 7300 बजे सूचना मिलने पर श्री समिउल्ला खान उपनिरीक्षक डी० कम्पनी 7वीं बटालियन सी० आर० पी० एफ० 15 कार्मिकों सहित और एस० एच० ओ० अजनाला, 6 कार्मिकों सहित श्री सविन्दर सिंह ग्राम गोरे नांगल पुलिस स्टेशन रामदास के फार्म हाउस में पहुंचे। कुछ ही देर में श्री खान ने आतंकवादियों को घेर लिया तब आतंकवादियों ने पुलिस दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी लेकिन भयभीत न होते हुए श्री खान ने अपने आदमियों को गोलीबारी करने के आदेश दिए और आतंकवादियों की गोलीबारी पर अपना दबदबा बनाए हुए पूरे समय तक उनके आदमी तैनात रहे इस परिस्थिति में एक आतंकवादी अपने साथियों द्वारा भारी गोलीबारी से घेरे को तोड़कर भाग निकला और उसने स्वयं अपनी ए० के०-47 राइफल से गोली चलाई। श्री खान मुड़े और भागते हुए आतंकवादी पर गोली चलाई लेकिन नजदीक से चलाई गई गोली से वह घायल हो गए। अपने घावों की परवाह न करते हुए उन्होंने आतंकवादी पर गोली चलाना जारी रखा और दूर जाने से पहले उसे मार दिया। दृढ़ निश्चयी श्री खान ने अपने साथियों को और अधिक बल पहुंचने तक लड़ने के लिए प्रेरित किया। घायल श्री खान को अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उन्होंने दम तोड़ दिया।

मुठभेड़ की सूचना मिलने पर श्री जय प्रकाश कमांडेंट के अन्तर्गत अपने वाला दल और श्री भारद्वाज पुलिस उपाधीक्षक और उनका दल घटना स्थल पर पहुंचे। तुरन्त श्री जय प्रकाश ने आदेश दिया और दक्षिण तरफ एक नलकूप पर एल० एम० जी० तैनात की और जी० एफ० राइफल और 2" मोर्टर तैनात किए आतंकवादी सुरक्षित स्थान से रोशनदानों, खिड़कियों दरवाजों और खाली पशु-छप्परों से बदल-बदल कर गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस महानिरीक्षक (आपरेशन्स) सी० आर० पी० एफ० पंजाब और अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक अमृतसर मुठभेड़ देखने के लिए पहुंचे श्री जय प्रकाश ने उनको अगली कार्रवाई के बारे में बताया और श्री भारद्वाज, पुलिस उपाधीक्षक को पूर्वी तरफ स्थानान्तरित किया क्योंकि उस ओर से पुलिस दल भारी गोली-बारी का सामना कर रहा था। श्री भारद्वाज ने उस ओर एक एल० एम० जी० तैनात की। इसी बीच श्री जय प्रकाश दक्षिणी और पूर्वी तरफ से पैदल आगे बढ़े लेकिन उनके वाहन पर गोलियों की बौछार कर दी। इस स्थिति में पुलिस महानिरीक्षक के कांस्टेबल (ड्राइवर) श्री एम० के० विर्क ने इस तथ्य को पूरी तरह से जानते हुए कि दूसरे वाहन पर भारी गोलीबारी हो रही है तुरन्त अपेक्षित भारी हुई राइफल ग्रेनेड लाकर के अदम्य वीरता दिखाते हुए वाहन को सुरक्षित रखा। अत्यन्त कठिनाई से उन्होंने अपने वाहन को हटाया। आतंकवादी की एक गोली श्री विर्क को लगी और उन्हें तुरन्त अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मृत्यु हो गई। श्री जय प्रकाश ने उत्तर से उनके दल का नेतृत्व किया जब एस० एच० ओ० को अजनाला के अन्तर्गत आने वाला दल दक्षिण से आया। फार्म हाऊस के पास पहुंचने पर पुलिस दल ने गोलीबारी रोक दी लेकिन आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी जारी रखी, श्री जय प्रकाश अपने वाहन से कूद पड़े और फार्म हाउस के आहते के भीतर हथगोला फेंका जिससे आतंकवादियों ने एक कमरे और पशु-शैड में शरण ली और इससे पहले कि वह इस सदमें को बर्दाश्त कर पाते एक कमरे की छत पर एक एल० एम० जी० तैनात किया जिससे आतंकवादियों को एक कमरे से दूसरे कमरे में आने-जाने में रुकावट हो गई। आतंकवादियों ने एल० एम० जी० पर भारी गोलाबारी की लेकिन इसी बीच श्री जय प्रकाश ने दूसरे कमरे की छत पर दो आदमी तैनात करें। श्री भारद्वाज पुलिस अधीक्षक तब तक श्री जय प्रकाश के दल में शामिल हो गए थे। पशु शैड की छत पर चढ़ गए और छत पर छेद करने के पश्चात कुछ हथगोले उस स्थान पर फेंके जहां पर आतंकवादी गोलीबारी कर रहे थे ऐसा करने के पश्चात् आतंकवादियों ने गोलीबारी रोक दी। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री भारद्वाज ने कमरों की तलाशी लेने के लिए छोटे से दल का नेतृत्व किया लेकिन इस प्रक्रिया से उन्हें ए० के० 47 राइफल से नजदीक से आती हुई गोली लगी। उन्होंने अपनी पिस्तौल से गोली दागी। जबकि उनके दाएं हाथ पर गोली लगी थी और उनके साथ अन्य घायल

कार्मिक को अस्पताल ले जाया गया और हथगोले फैंकने और एल० एम० जी० चलाने के पश्चात् उन्होंने अपने छोटे दल का नेतृत्व किया और लगभग 1930 बजे फार्म हाउस की तलाशी ली । इस मुठभेड़ में छः कट्टर आतंकवादी मारे गए जबकि ए० के० 47 राइफल एक .303 राइफल, एक पिस्तौल और जिन्दा और खाली कारतूसों को काफी मात्रा मुठभेड़ के स्थान से बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री जयप्रकाश कमांडेन्ट और श्री समिउल्ला खान, उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 नवम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए०के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 39-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पता

श्री एस० सी० भारद्वाज,
पुलिस उपाधीक्षक,
7 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री एम० के० बर्की, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल (ड्राइवर),
7 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

17 नवम्बर, 1990 को लगभग 7.00 बजे सूचना मिलने पर, श्री समिउल्ला खान, उप-निरीक्षक, डी कम्पनी 7 बटालियन, सी० आर० पी० एफ०, 15 कार्मिकों सहित और एस० एच० ओ० अजनाला, 6 कार्मिकों सहित, श्री मविन्दर सिंह ग्राम गोरे नांगल पुलिस स्टेशन, राम दास के फार्म हाउस में पहुंचे । कुछ ही देर में श्री खान से आतंकवादियों को घेर लिया तब आतंकवादियो ने पुलिस दल पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी लेकिन भयभीत न होते हुए श्री खान ने अपने आदमियों को, गोलीबारी करने के आदेश दिये और आतंकवादियों की गोलीबारी पर अपना वर्चस्व बनाए हुए पूरे समय तक उनके आदमी तैनात रहे । इस परिस्थिति में, एक आतंकवादी अपने साथियों द्वारा भारी गोलीबारी से घेरे को तोड़कर भाग निकला और उसने स्वयं अपनी ए०के०-47 राइफल से गोली चलाई । श्री खान मुड़े और भागते हुए आतंकवादी पर गोली चलाई लेकिन नजदीक से चलाई गई गोली से वह घायल हो गए । अपने घावों की परवाह न करते हुए उन्होंने आतंकवादी पर गोली चलाना जारी रखा और दूर जाने से पहले उसे मार दिया । वृद्ध निष्ठावी श्री खान ने अपने साथियों को और अधिक बल पहुंचने तक लड़ने के लिए प्रेरित किया । घायल श्री खान को अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उन्होंने दम तोड़ दिया ।

मुठभेड़ की सूचना मिलने पर, श्री जयप्रकाश कमांडेंट के अन्तर्गत अपने वाला दल और श्री भारद्वाज पुलिस उपाधीक्षक और उनका दल घटना स्थल पर पहुंचे । तुरन्त श्री जयप्रकाश ने आदेश दिया और दक्षिण तरफ एक नलकूप पर एल० एम० जी० तैनात की और जी० एफ० राइफल और 2" मोर्टर तैनात किए आतंकवादी सुरक्षित स्थान से रोशनदानों, खिड़कियों, दरवाजो और खाली पशु-छप्परों से बदल-बदल कर गोलीबारी कर रहे थे । पुलिस महानिरीक्षक (आपरेशन्स), सी० आर० पी० एफ० पंजाब और अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक अमृतसर मुठभेड़ देखने के लिए पहुंचे । श्री जयप्रकाश ने उनको अपनी कार्रवाई के बारे में बताया और श्री भारद्वाज, पुलिस उपाधीक्षक को पूर्वी तरफ स्थानांतरित किया क्योंकि उस ओर से पुलिस दल भारी गोली-बारी का सामना कर रहा था । श्री भारद्वाज ने उस ओर एक एल० एम० जी० तैनात की । इसी बीच श्री जयप्रकाश दक्षिणी ओर पूर्वी तरफ से पैदल आगे बढ़े लेकिन उनके वाहन पर गोलियों की बौछार कर दी । इस स्थिति में, पुलिस महानिरीक्षक के कांस्टेबल (ड्राइवर) श्री एम० के० बर्की ने इस तथ्य को पूरी तरह से जानते हुए कि दूसरे वाहन पर भारी गोला-बारी हो रही है तुरन्त अपेक्षित भरी हुई रायफल ग्रेनेड लांचर के अदम्य वीरता दिखाते हुए वाहन को सुरक्षित रखा । अत्यन्त कठिनाई से उन्होंने अपने वाहन को हटाया । आतंकवादी की एक गोली श्री बर्की को लगी और तुरन्त अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मृत्यु हो गई । श्री जयप्रकाश ने उत्तर से उनके दल का नेतृत्व किया जब एम० एच० ओ० अजनाला के अन्तर्गत आने वाला दल दक्षिण से आया । फार्म हाउस के पास पहुंचने पर पुलिस दल ने गोलीबारी रोक दी लेकिन आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी जारी रखी, श्री जयप्रकाश अपने वाहन से कूद पड़े और फार्म हाउस के अहाते के भीतर हथगोला फैंका जिससे आतंकवादियों ने एक कमरे और पशुशैड में शरण ली और इससे पहले कि वह इस सबमे को बर्दाश्त कर पाते, एक कमरे की छत पर एक एल० एम० जी० तैनात किया जिससे आतंकवादियों को एक कमरे से दूसरे कमरे में आने-जाने में रुकावट हो गई । आतंकवादियो ने एल० एम० जी० पर भारी गोली-बारी करी लेकिन इसी बीच श्री जयप्रकाश ने दूसरे कमरे की छत पर दो आदमी तैनात करे । श्री भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक तब तक श्री जय प्रकाश के दल में शामिल हो गए थे । पशु शैड की छत पर चढ़ गए और छत पर छेद करने के पश्चात कुछ हथगोले उस स्थान पर फैंके जहां पर आतंकवादी गोलीबारी कर रहे थे, ऐसा करने के पश्चात आतंकवादियों ने गोलीबारी रोक दी । अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री भारद्वाज ने कमरों की तलाशी लेने के लिए छोटे से दल का नेतृत्व किया, लेकिन इस प्रक्रिया में उन्हें ए० के० 47 राइफल से नजदीक से आती गोली लगी । उन्होंने अपनी पिस्तौल से गोली दागी । जबकि उनके बांए हाथ पर गोली लगी थी और उनके साथ अन्य घायल कार्मिक को अस्पताल ले जाया गया और हथगोले फैंकने और एल० एम० जी० चलाने के पश्चात उन्होंने अपने छोटे दल का नेतृत्व किया और लगभग 19.30 बजे फार्म हाउस की तलासी ली । इस मुठभेड़ में छः कट्टर आतंकवादी मारे गए जबकि 4 ए० के० 47 राइफल, एक .303 राइफल, एक पिस्तौल और जिन्दा और खाली कारतूसों की काफी मात्रा मुठभेड़ के स्थान से बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री एस० सी० भारद्वाज, पुलिस उपाधीक्षक और श्री एम० के० बर्की, कांस्टेबल (ड्राइवर) ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ते भी दिनांक 17 नवम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 40-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एस० एन निम्बालकर,
सहायक कमांडेंट,
76वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री आर० एस० मीना,
कांस्टेबल,
76वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

5 दिसम्बर, 1990 को लगभग 07·35 बजे जबकि सूर सिंह ग्राम में एक विशेष तलाश/खोजबीन अभियान चल रहा था, लगभग 600 गज की दूरी पर शस्त्र से लैस चार संदिग्ध व्यक्ति पु० स्टे० झबल के अन्तर्गत मल्लियन गांव के लगभग 2 कि० मी० करीब गुरुद्वारा बाबा सिधों की ओर भागते हुए देखे गए । जब खोजी दल ने उन्हें खोजबीन हेतु रुकने के लिए ललकारा तो उन्होंने तत्काल ही खोजी दल पर स्वचालित हथियारों से गोलाबारी शुरु कर दी किन्तु खोजी दल ने भी आत्म-रक्षा के लिए गोली चलाई । तथापि आतंकवादी भागने में सफल हो गए और मल्लियान गांव में छिप गए। गांव को शीघ्र ही घेर लिया गया और अधिक पुलिस बल की मांग की गई । सूचना मिलने पर सहायक कमांडेंट श्री एस० एन० निम्बालकर कांस्टेबल श्री आर० एस० मीना समेत अपने बल के साथ घटना स्थल पर लगभग 08.00 बजे पहुंचे । इसी बीच दूसरी कम्पनी भी वहां पहुंच गई और श्री निम्बालकर ने स्थिति का जायजा लिया । भू-स्थिति और भू-आकृति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने घेरा और मजबूत करके खोज अभियान शुरू किया । उन्होंने भागने के सभी सम्भाव्य मार्गों पर नजर रखते हुए तीन प्रमुख मकानों की छत पर दलके तीन ग्रुपों को तैनात किया। खोज अभियान के दौरान एक घर में आतंकवादियों का पता चल गया जिन्हें घर से जाने के लिए ललकारा गया, किन्तु आतंकवादी घर से बाहर नहीं निकले । भीतर से कोई उत्तर न मिलने पर पुलिस दल ने छत पर किए एक छेद में से दो गोले फेंके । इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मकान से बाहर भागा और अपने स्वचालित हथियार से गोलियां बरसाने लगा जिसमें एक सब-इंस्पैक्टर की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई । वह आतंकवादी भी छत पर खड़े दल के अन्य सदस्यों द्वारा मार डाला गया । गोले गिराने से मकान में छिप रहे किसी भी आतंकवादी के कोई नुकसान नहीं पहुचा और वे पुलिस दल पर दरवाजों/खिड़कियों में से गोलाबारी करते रहे । श्री निम्बालकर ने दृढ़ निश्चयी और चारों तरफ से घिरे हुए आतंकवादियों को समाप्त करने की दृष्टि से एक अंतिम प्रयास का निर्णय किया। बड़े ही उत्साह के साथ और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उस मकान के जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे, सामने लगभग 15 फीट की दूरी पर स्थित दूसरे मकान की छत पर चढ़ गए और मकान के भीतर अपने एल एम जी० हथियार से गोली बरसाने लगे । उन्होंने आतंकवादियों को मारने के लिए लगभग 27 राउंड गोलाबारी की और ग्लाइंड गोलों को नष्ट कर दिया । इसी समय श्री निम्बालकर के निर्देश कांस्टेबल श्री आर० एस० मीना ने छत पर एक दूसरा बड़ा छेद कर दिया और कमरे के भीतर माल्टोव कोकटेल गैस फेंके । कुछ आंतरायिक फायरिंग को छोड़ कर भीतर से हो रही गोलाबारी बंद हो चुकी थी, आन्तरायिक फायरिंग को भी श्री निम्बालकर ने छत से पुनः हथगोले फेंक कर बंद कर दिया था । लगभग 16·30 बजे गोलाबारी पूर्ण रूप से बंद हो गई । मकान की तलाशी लेने पर जस्सा सिंह उर्फ जागीर सिंह, बलविन्दर सिंह और अवतार सिंह नामक आतंकवादी मृतक पाए गए जबकि चौथे आतंकवादी का पूरा शरीर झुलस जाने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं की जा सकी ।

इस मुठभेड़ में श्री एस० एन० निम्बालकर, सहायक कमांडेंट और श्री आर० एस० मीणा, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 दिसम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 41-प्रेस/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री बिन्देश्वरी सिंह,
हैड कांस्टेबल,
41वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 25 मई, 1991 को हैड कांस्टेबल, श्री बिन्देश्वरी सिंह के नेतृत्व में 41वीं बटालियन की "बी" कम्पनी की छठी प्लाटून की एक टुकड़ी को 18-00 बजे से 2300 बजे के बीच चनी विन्ड (अमृतसर) नामक स्थान पर नाका ड्यूटी पर तैनात किया गया था । लगभग 2030 बजे दो संदिग्ध साईकल सवारों को नाका दल की ओर आते हुए देखा । नाकादल ने तुरन्त संदिग्ध व्यक्तियों को ललकारा । ललकारे जाने पर वे साईकल से उतर गए और उनमें से एक व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति को वहीं छोड़कर स्वयं नाका-बंदी वाले स्थान के काफी करीब आ गया । जब ड्यूटी पर तैनात एक कांस्टेबल उस संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने के लिए आगे बढ़ा तो उस आतंकवादी ने तुरन्त एक पिस्तौल निकाली और गोली चला दी । कांस्टेबल ने प्रतिक्रिया में तत्काल लेट कर पोजीशन ले ली और अपने आप को गोली के वार से बाल-बाल बचा लिया । श्री बिन्देश्वरी सिंह, जो नाका चौकी की दूसरी ओर तैनात थे, पिस्तौल की गोली की आवाज सुनकर तुरन्त घूमे तथा स्थिति का तेजी से मूल्यांकन करते हुए और दृढ़ निश्चय

और बुद्धिमता का परिचय देते हुए रेंगते हुए आतंकवादी के ऊपर झपटे और उसे दबोच लिया, जिससे आतंकवादी की गोलियां निष्प्रभावी हो गई । परन्तु युवा आतंकवादी ने श्री बिन्देश्वरी सिंह की कलाई मोड़ डाली, जिसके परिणाम-स्वरूप गोली चल पड़ी और श्री बिन्देश्वरी सिंह की बांई बाजू को भेदती हुई निकल गई । गहरे घावों के बावजूद और अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने आतंकवादी को कस कर पकड़े रखा और फुर्तीले कांस्टेबल ने आतंकवादी को गोली से मार डाला ।

इस मठभेड़ में श्री बिन्देश्वरी सिंह, हैड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 42-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री आन सिंह, (मरणोपरान्त)
उप-निरीक्षक,
66वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

पुलिस उप-निरीक्षक के नेतृत्व में नन्दपुर गांव के आस-पास भेजी गई कुमक के सदस्य श्री आन सिंह, उप-निरीक्षक 7 सितम्बर, 1990 को लगभग 10.00 बजे, जहां पर सुरक्षा बल गन्ने के खेतों में छुपे हुए आतंकवादियों को पहले से ही उलझाए हुए थे । सुरक्षा बलों ने गन्ने के खेतों को घेर रखा था, परन्तु आतंकवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों से भारी गोलाबारी करने के कारण पुलिस दल खेतों में नहीं पहुंच पा रहे थे । इस स्थिति में यह निर्णय लिया गया कि गन्ने के खेतों में छापा मार कर आतंकवादियों का सफाया किया जाए । श्री आन सिंह उप-निरीक्षक को इस प्रत्यक्ष खतरे की पूरी जानकारी थी, फिर भी छापामार दल का नेतृत्व करने के लिए वे स्वयं आगे आये । अपने दल सहित श्री सिंह बड़े ही युक्तिपूर्ण ढंग से अपनी एलन एम जी से आतंकवादियों पर गोली चलाते हुए आगे बढ़े, जिससे आतंकवादियों ने अपने को पूरी तरह से घिरा समझ पाकर अपना मोर्चा बदलने का निर्णय किया । वे भागने के इरादे से छापामार दल पर गोली चलाते रहे, जिससे काफी लोग हताहत हुए । आतंकवादियों के प्रयास को व्यर्थ साबित करने के लिए श्री आन सिंह एकदम आगे बढ़े । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए तथा केवल आतंकवादियों का सफाया करने के अभिप्राय से वे उत्कृष्ट साहस का परिचय देते हुए उनपर झपट पड़े । उन्होंने अपनी एल० एम० जी० से आतंकवादियों पर गोली चलाई और उनमें से एक को गोली से मार डाला । उसी समय दो अन्य आतंकवादियों से उनका मुकाबला हुआ जो निकट से उनपर गोली चला रहे थे । इसके परिणाम-स्वरूप वे गोलियों से गम्भीर रूप से घायल हो गए और नीचे गिर पड़े परन्तु फिर भी वे प्रभावी रूप से अपने दल का नेतृत्व करते रहे और अपने दल को आतंकवादियों का मुकाबला करते रहने का आदेश देते रहे । उनके कुशल नेतृत्व तथा निर्देशन में अन्य आतंकवादी भी गोली से मार दिए गए परन्तु इस प्रक्रिया में श्री आन सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए । कुल मिलाकर तीन आतंकवादी मारे गए और उनसे भारी मात्रा में शस्त्र तथा गोली बारूद बरामद हुआ ।

इस मुठभेड़ में श्री आन सिंह, उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 सितम्बर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 43-प्रेज/92— राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री डी० ए० धनञ्जैया,
कमांडेन्ट,
66 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री पी० वी० सिंह,
सहायक कमांडेन्ट,
66 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री यशवीर सिंह,
लांस नायक सं० 800661701,
66 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री देवेन्द्र पाल,
कांस्टेबल सं० 880942368,
66 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

29 मई, 1991 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि के० एल० एफ० निशान मुख्य गुट के स्वयंभू ले० जनरल बलदेव सिंह देबा उर्फ लंगड़ा एक अन्य कट्टर आतंकवादी बलवीर सिंह उर्फ बुला बट्टी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार की हत्या करने के इरादे से उमोक, कैरों तथा वामनीवाला गांव के आस-पास घूम रहा है, श्री बी० पी० सिंह, सहायक आयुक्त (प्रचालन) योजना के मुताबिक तुरन्त हरकत में आ गए और आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर आक्रमण तलाशियां की गई। उपरोक्त गांव के फार्म हाउसों की तलाशी के लिए श्री सिंह के नेतृत्व में सिविल पुलिस सहित सुरक्षा बल को तीन टुकड़ियों में बांट दिया गया। जब एक तलाशी टुकड़ी जामनीवाला गांव के निकट पहुंची तो उन पर एक घर से गोली चलाई गई। पुलिस दल ने तुरन्त घर के निकट सामरिक पोजीशन ले ली जब सिविल पुलिस का एक सब-इंस्पेक्टर अत्यन्त साहस पूर्वक गोली चलाने के स्थान का पता लगाने के लिए संकरी गलियों में घुस गया लेकिन उस पर गोली चलाई गई और गोली उसके गरदन में लगी और वह गिर पड़ा। लांसनायक श्री यशवीर सिंह और कांस्टेबल देवेन्द्र पाल ने आतंकवादियो की गोलीबारी का जवाब दिया और उन्हें काबू में रखा। इस बीच श्री पी० वी० सिंह जो पास के गांव में थे घटना की खबर पाकर घटना स्थल की ओर दौड़े और सब इंस्पेक्टर को अब भी वहां पड़ा हुआ पाया और उसे वहां से हटाने की आवश्यकता थी। लेकिन उसके आस-पास जाना अत्यधिक जोखिम भरा कार्य था क्योंकि आतंकवादी भारी गोलाबारी कर रहे थे, श्री सिंह जोखिम और परिणाम की परवाह किए बिना एक सहायक के साथ उस स्थान पर पहुंचे और गम्भीर रूप से घायल एस० आई० को अस्पताल पहुंचाया। इस बीच श्री डी० ए० धनन्जैया, कमांडेंट घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद श्री सिंह को कार्य-योजना की जानकारी दी। योजना के मुताबिक श्री धनन्जैया और श्री सिंह ने उस घर की छत पर पहुंचने का फैसला किया जहां आतंकवादी छुपे हुए थे। जब ये दोनों अधिकारी एक छत से दूसरी छत में जा रहे थे तो आतंकवादियों ने रोशनदानों से उन्हें देख लिया और उनपर गोली चलाई। लेकिन भारी गोली बारी की परवाह किए बिना ये दृढ़ प्रतिज्ञ अधिकारी गम्भीर खतरा उठाकर अत्यन्त दिलेरी दिखाते हुए दीवार पर चढ़े और घर की छत पर पहुंच गए। मिट्टी तथा कड़ियों से बनी छत पतली थी जहां गोलियां आर-पार हो सकती थी। श्री सिंह ने श्री धनन्जैया के मार्गनिर्देश में एक लोहे की छड़ी से छत में सुराख करने शुरू कर दिए जिससे आतंकवादियों ने उनपर गोलियों की झड़ी लगा दी लेकिन अधिकारी बुद्धिमत्ता पूर्वक उनसे अपने को बचा गए। दोनों अधिकारियों ने छत पर सुराख करने के बाद हथगोले से हमला बोल दिया जिसके पीछे एल० एम० जी० की भारी गोलीबारी की गई और श्री धनन्जैया ने अपने सर्विस रिवाल्वर से गोली चलाई धावा बोलने के बाद कमांडेंट श्री धनन्जैया, सहायक कमांडेन्ट श्री बी० पी० सिंह, लांसनायक और श्री देवेन्द्र पाल कांस्टेबल की सुरक्षा कवच गोलीबारी में अपनी जान की परवाह किए बिना अन्तिम हमले के लिए आंगन में प्रविष्ट हुए जिसके दौरान आमने सामने की मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों की ले० जनरल बलदेव सिंह उर्फ देबा उर्फ लंगड़ा तथा बलवीर सिंह उर्फ बुला के रूप में पहचान की गई और उनके पास से हथियार तथा गोलाबारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री डी० ए० धनन्जैया, कमांडेंट, श्री बी० पी० सिंह, सहायक कमांडेंट, श्री यशवीर सिंह, लांसनायक तथा श्री देवेन्द्र पाल, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 मई, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 44-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री सुभाष उपाध्याय,
उप निरीक्षक सं० 650172086, (मरणोपरांत)
46वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

श्री प्रह्लाद सिंह,
कांस्टेबल नं० 891180065,
46वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8 मार्च, 1991 को श्री सुभाष उपाध्याय, उप निरीक्षक को श्री प्रह्लाद सिंह, कांस्टेबल सहित उनके दल के साथ एस० आर० डी० सो०/सिविल क्रासिंग पर आतंकविरोधी ड्यूटियों के लिए तैनात किया गया था, जहां पर पहले अपहरण तथा हत्या की घटनाएं हुई थी। दल 0745 बजे पैदल रवाना हुआ और दो ग्रुपों में बंट गया। श्री उपाध्याय ने सड़क के दोनों ओर 9 आदमियों को तैनात किया और आगे की ओर से स्वयं अपनी टुकड़ी का नेतृत्व किया। जब दल खराजाबाग नामक स्थान पर पहुंचा तो निकटवर्ती भवनों तथा बाड़ में छुपे हुए आतंकवादियों ने घात लगाई उन्होंने सभी दिशाओं से पुलिस दल पर छुट-पुट गोलीबारी

शुरू कर दी। श्री उपाध्याय ने अपने कर्मिकों को तुरन्त गोली का जवाब गोली से देने का निर्देश दिया। दोनों ओर से लगभग 20 मिनट तक गोली चलती रहीं, इस प्रक्रिया में श्री उपाध्याय को एक गोली लगी और वे नीचे गिर गए। घायल होने की हालत में भी उन्होंने स्थिति से अपना नियंत्रण नहीं खोया और अपने हथियार से आतंकवादियों पर गोली चलाते रहे और साथ ही साथ बेहोश होने तक अपने वायरलैस सेट से नियंत्रण कक्ष के साथ सम्पर्क बनाए रखा। अपनी इस दृढ़निश्चय तथा वीरतापूर्ण कार्रवाई से श्री उपाध्याय ने आतंकवादियों को नियंत्रित रखा, जिसके परिणामस्वरूप कुछ आतंकवादियों वहां से भाग गए। इसी बीच जख्मों के कारण श्री उपाध्याय की मृत्यु हो गई। श्री उपाध्याय को घायल तथा बेहोश स्थिति में देखकर, एक आतंकवादी स्थिति का फायदा उठाकर, श्री उपाध्याय का हथियार और वायरलैस सेट छीनने के लिए समीप के भवन की एक दीवार से कूदकर श्री उपाध्याय के पास पहुंचा। उग्रवादी को अपनी ओर आता देखकर श्री प्रहलाद ने तुरन्त उसपर गोली चला दी और उसे घटनास्थल पर ही मार दिया। श्री प्रहलाद ने अपनी सूझ-बूझ तथा तत्काल कार्रवाई से 30 राउण्ड सहित, एक कारबाईन तथा एक वायरलेस सेट को बचा लिया। मृत आतंकवादी की बाद में एरिया कमांडर के रूप में शिनाख्त की गई और उसके कब्जे से 3 मैगजीन तथा ए० के०-47 राइफल के 57 सक्रिय राउण्ड की एक थैली मिली।

इस मुठभेड़ में श्री सुभाष उपाध्याय, उप-निरीक्षक तथा श्री प्रहलाद सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 मार्च, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 45 प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एस० इलांगो,
पुलिस उप-अधीक्षक,
73वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

श्री एस० इलांगो, पुलिस उप-अधीक्षक, 14 जनवरी, 1991 को सांय लगभग 5 बजे जब अपने दल के साथ बुटाला गांव क्षेत्र में गश्त लगा रहे थे तो उन पर लगभग दस आतंकवादियों के एक दल ने हमला कर दिया था। गश्ती दल ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया तथा जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। कुछ देर की मुठभेड़ के बाद आतंकवादियों ने विभिन्न दिशाओं में दौड़ना शुरू कर दिया। 6-7 आतंकवादी बुटाला गांव से होकर भागने में सफल हो गए लेकिन अन्य तीन आतंकवादियों ने नजदीक के एक बाग में घुस कर गश्ती दल पर गोली बारी करना जारी रखा। श्री इलांगो ने तत्काल अपने दल को दो ग्रुपों में विभाजित कर दिया। इनमें से एक ग्रुप ने आतंकवादियों का पीछा किया जबकि दूसरा ग्रुप ग्राम के निकट सड़क की ओर चल दिया ताकि आतंकवादियों को भागने से रोका जा सके। तीन आतंकवादी, जिनका पीछा गश्ती दल कर रहा था, एक फार्म हाऊस में घुस गए तथा इसकी चारदीवार फांद कर भागने की कोशिश करने लगे लेकिन दूसरी पार्टी ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया। इसके परिणामस्वरूप, आतंकवादियों को फार्म हाऊस में शरण लेनी पड़ी थी। श्री इलांगो ने तत्काल उपलब्ध बल के साथ फार्म हाऊस को घेर लिया तथा इसी बीच और अधिक बल भेजने के लिए सूचना भेज दी। फार्म हाऊस के अन्दर छिपे आतंकवादी गश्ती दल पर काफी गोलीबारी कर रहे थे लेकिन इतने विचलित हुए बिना श्री इलांगो ने गश्ती दल को पुनः संगठित किया, फार्म हाऊस के चारों ओर घेरे को कस दिया तथा अपनी टीम के सदस्यों को स्थान बदल कर उपयुक्त मोर्चा संभालने का निर्देश दिया आतंकवादियों ने फार्म हाऊस से गोली चलाना जारी रखा लेकिन श्री इलांगो ने कुमुक आने तक उनको रोके रखा। इसी समय श्री इलांगो ने महसूस किया कि अंधेरा तेजी से बढ़ता जा रहा था तथा फलैट ट्रैजेक्टरी हथियारों से गोली बारी का उक्त प्रभाव नहीं पड़ रहा था। इसलिए उन्होंने अन्तिम हमला करने की आवश्यकता महसूस की। कुमुक के साथ आए कमांडेट के मार्ग निर्देशन में वह खतरे की परवाह न करते हुए पांच अन्य जवानों के साथ रेंगते हुए फार्म हाऊस के अन्दर प्रवेश कर गए। श्री इलांगो भारी गोली बारी के बावजूद रेंगते हुए कमरे की दीवार तक पहुंच गए जहां पर तीन आतंकवादियों ने मोर्चा संभाला हुआ था तथा अपने स्वचालित हथियारों से लगातार गोली बारी कर रहे थे। हालांकि श्री इलांगो पर भारी गोलीबारी हो रही थी लेकिन उन्होंने इसकी परवाह न करते हुए अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ना जारी रखा जिस कमरे से आतंकवादी गोली चला रहे थे उस कमरे में गोलियों की बौछार करके तथा हथगोले फैंक कर उन्होंने आतंकवादियों की गोलीबारी को नियंत्रण में रखा। यह मुठभेड़ 15 मिनटों तक चली जिसमें तीन दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया गया था जिसमें बुटाला गांव का बख्शीश सिंह डोगर तथा उसके दो सहयोगी, प्रताप सिंह तथा माखन सिंह कोबरा शामिल थे। उनके पास से दो ए० के०-47 राइफल, 6 मैगजीनें, 83 जिन्दा तथा 160 खाली कारतूस बरामद किए गए थे।

इस मुठभेड़ में श्री एस० इलांगो, पुलिस उप-अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

(ए० के० उपाध्याय)
निदेशक

सं० 46-प्रेज/92—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद :
श्री भैरो सिंह,
हैड कांस्टेबल सं० 650032017,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।
श्री आर० बी० भामरे,
कांस्टेबल सं० 881271086,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 7 मई, 1991 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि 2 नागरिक श्री मदन लाल व श्री किशन लाल का अपहरण किया गया है और एक हैड कांस्टेबल को 6 मई, 1991 को एक बस से घसीट कर बाहर निकाला गया है, एक घेराबंदी/तलाशी अभियान प्रारंभ किया गया। सिविल पुलिस और श्री भैरों सिंह हैड कांस्टेबल व आर० बी० भामरे सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को विस्तार में बताया गया और प्रातः 6.15 बजे विभिन्न फार्म घरों की तलाशी शुरू हुई । यह पता लगाया कि अपहरणकर्ता ग्राम रटौल में छुपे हुए हैं, इसलिए तलाशी दलों को तत्काल रटौल में बुलाया गया और संक्षेप में बताने के बाद, तलाशी प्रातः 10.30 बजे प्रारम्भ हुई। तलाशी के दौरान अपहरण में इस्तेमाल एक बजाज चेतक स्कूटर व टी० वी० एस० सुजूकी को उस क्षेत्र से बरामद किया गया । आतंकवादियों के छुपने की पुष्टि होने पर दोपहर 1 बजें पुनः एक विस्तृत तलाशी शुरू की गई। जब तलाशी दल एक मिस्त्री बलबीर सिंह के घर की तलाशी ले रहा था, उन्होंने देखा कि इसके पिछले दरवाजें पर ताला लगा हुआ है जिसे जब तोड़ा गया तो उसमें बहुत बड़ा गड्ढा पाया गया । यह महसूस किया गया कि आतंकवादी बच निकले हैं और तलाशी दलों को ग्राम के चारों तरफ फैलने के लिए सतर्क कर दिया गया । उसी समय भूमिगत बंकर के शटर का पता लगा । यह सोचकर कि आतंकवादी बंकर में शरण लिए हुए हैं, इससे गोले दागे गये और तलाशी के बाद बंकर से शस्त्र/गोली बारूद बरामद किये गये । इसी बीच कांस्टेबल भामरे ने एक आतंकवाद को पास के मकान से बाहर झांकते हुए देखा । तत्काल मकान को घेर लिया गया, जहां दो आतंकवादी छुपे हुए थे । पुलिस दल ने छुपे हुए आतंकवादियों पर गोली चलानी शुरू कर दी परन्तु इसका कोई लाभ नहीं हुआ । क्योंकि आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से जवाब में गोली चलानी शुरू कर दी । श्री भामरे अपने जीवन की परवाह न करते हुए नजदीक की दीवार पर चढ़कर छत पर पहुंच गयें और छत पर एक छेद करके घर के अन्दर हथगोले दागे । हथगोलों के फटने से पूर्व, आतंकवादी दूसरे कमरे में चले गयें और नजदीक के घर के प्रांगण में कूद गए। श्री भामरे ने छत पर आतंकवादियों की गोलीबारी का बिना साहस खोए सामना किया और अपनी एस० एल० आर० से आतंकवादियों पर गोली बरसानी शुरू कर दी और उनमें से एक को मार दिया । मृत आतंकवादी बी० टी० के० एफ० का ले० जनरल देवेन्द्र उर्फ हरिन्द्र सिंह एस० एस० था और उसके पास से गोलियों सहित एक ए० के०-47 बंदूक बरामद हुई ।

इसी बीच में अन्य आतंकवादी प्रांगण की दीवार पर चढ़कर भाग गया और उसने एक भूमिगत बंकर में शरण ले ली और पुलिस दल पर लगातार गोली बारी करनी शुरू कर दी जिसमें एक पुलिस उप अधीक्षक जख्मी हो गए व वहीं पर ही एक कांस्टेबल मारा गया । पुलिस दल ने आतंकवादियों द्वारा छुपे हुए घर को घेर लिया और उसे सील कर दिया । श्री भैरो सिंह अपने जीवन को खतरे में डाल कर घर में घुस गये और यह सोचकर कि आतंकवादी बंकर में छुपे हुए हैं, बंकर में हथगोले दागे, लेकिन एक आतंकवादी नजदीकी कमरे के कोने में छुपा था । श्री भैरो सिंह अपने जीवन को खतरे में डालते हुए साहस पूर्वक आगे बढ़ते रहे और आतंकवादी को अपने हथियार से वहीं पर ही जान से मार दिया । मारा गया आतंकवादी मेहर सिंह उर्फ मेजर सिंह था और उसके पास से एक ए० के०-47 राइफल व गोलियां बरामद की गई । आतंकवादियों ने 8-5-1991 को प्रातः 3.45 बजें रात में भागने के कई प्रयास किये लेकिन जिस मकान में वे छुपे हुए थे, की घेराबंदी को चुस्त कर दिया गया, जिसकी वजह से तथा गोलीबारी के कारण आतंकवादी रात के दौरान भाग नहीं सके । संयुक्त कार्रवाही 9-5-1991 तक जारी रही जिस में पांच और आतंकवादी मारे गये तथा उनके पास से काफी संख्या में शस्त्र व गोली बारूद बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री भैरो सिंह, हैड कांस्टेबल व श्री आर० बी० भामरे ने उत्कृष्ट वीरता, साहस व उच्च-कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

(ए० के० उपाध्याय)
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं० 47-प्रेज/92—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद :

श्री आर० एस० कुहार (मरणोपरान्त)
सैकिन्ड-इन-कमान्ड,
द्वितीय बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री मोहन राम बरयाईक,
हैड कान्स्टेबल,
द्वितीय बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री राजेन्द्र सिंह,
कान्स्टेबल,
द्वितीय बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

हाल ही में सीमा पार करके घाटी में आए उग्रवादियों को ईदगाह क्षेत्र से खदेड़ने और उन्हें समाप्त करने के लिए 7 अक्तूबर, 1990 को एक विशेष अभियान चलाया गया। इससे पहले कि उग्रवादी अपने गलत इरादों को कार्य रूप देने में सफल हो सकें, श्री आर० एस० कुहार, सैकिन्ड-इन-कमान्ड को उनका सफाया करने के का कार्य सौंपा गया । अन्य कमांडेन्टों और अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के बाद, वे द्वितीय बटालियन के कमान्डेन्ट और अपने दल के साथ (हैड कान्स्टेबल मोहन राम बरयाईक और कान्स्टेबल राजेन्द्र सिंह सहित) अलग-अलग वाहनों में ईदगाह क्षेत्र की ओर चल पड़े। जब आगे वाला वाहन, जिसमें श्री कुहार और हैड कांस्टेबल मोहन राम बरयाईक यात्रा कर रहे थे, कोडबारा पहुचा तो उनके वाहन पर तीन चार हथगोले फेंके गए और उसके बाद ए० के०-47 राइफलों से गोली-बारी की गयी । माथे पर हथगोलों के टुकड़ें लगने से जख्मी होने के बावजूद श्री कुहार ने विचलित हुए बिना उग्र-वादियों पर अपनी पिस्तौल से जवाब में गोली चलाई । इसी बीच उन्होंने देखा कि उनका ड्राईवर जख्मी हो गया है, इस पर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने मोर्चा बदला और दाहिनी तरफ गोली चलायी जहां से ड्राईवर पर गोली चलायी गयी थी । हथगोले की फटने की आवाज सुनकर हैड कांस्टेबल मोहन राम बरयाईक अपने वाहन से बाहर कूदे कान्सटेबल राजेन्द्र सिंह को अपनी एल० एम० जी० से पिछवाड़े के दाहिनी तरफ गोली चलाने का आदेश दिया और इसी बीच उन्होंने अपनी स्टेन कार्बाइन-से गोली चलाकर स्वयं श्री कुहार को बल दिया । कान्स्टेबल राजेन्द्र सिंह की प्रभावकारी गोलीबारी से उग्रवादी बिलकुल शांत हो गए ।

हालांकि उग्रवादियों ने बहुत अच्छी प्रकार से घात लगायी थी, परन्तु श्री कुहार श्री मोहन राम बरयाईक और श्री राजेन्द्र सिंह की युक्तिपूर्ण और प्रभावकारी गोलीबारी से उग्रवादियों द्वारा की गयी शुरूआत व्यर्थ हो गयी । हालांकि श्री कुहार शुरू में जख्मी हो गए थे । लेकिन उन्होंने अपना सन्तुलन नहीं खोया । दुर्भाग्यवश दाहिनी ओर से की गयी गोलीबारी की बौछार से उनका सिर जख्मी हो गया और वे बेहोश होकर गिर पड़े । जब कमान्डेन्ट और उसके दल ने श्री कुहार को होश में लाने की कोशिश की तो, मोहन राम बरयाईक और राजेन्द्र सिंह ने उग्रवादियों को दूर रखने का साहसिक कार्य किया, जब तक श्री कुहार को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया । हैड कान्स्टेबल मोहन राम बरयाईक और कान्स्टेबल राजेन्द्र सिंह ने उग्रवादियों को कुमुक पहुंचने तक दूर रखा और उग्रवादियों द्वारा लगायी गयी घात को निष्फल कर दिया और इस प्रकार अपने साथियों के बहुमूल्य जीवन को बचाया ।

इस मुठभेड़ में श्री आर० एस० कुहार, सैकिन्ड-इन-कमान्ड, श्री मोहन राम बरयाईक, हैड कान्स्टेबल और श्री राजेन्द्र सिंह कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 48-प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री सुशील कुमार त्यागी,
कांस्टेबल सं० 85711052,
69 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

27/28 फरवरी, 1990 की मध्यवर्ती रात्रि को सीमा चौकी नूरवाला के नजदीक सीमा-सुरक्षा बल की बटालियन के कार्मिकों (निरीक्षक आर० के० शर्मा तथा कांस्टेबल एस० के० त्यागी सहित) ने एक विशेष नाका डाला । लगभग 0100 बजे निरीक्षक, आर० के० शर्मा को 3-4 व्यक्तियों का एक ग्रुप दिखायी दिया जो भारत की ओर से आ रहा था तथा पाकिस्तान की तरफ जा रहा था । श्री आर० के० शर्मा ने अपने दल के कार्मिकों और निकटवर्ती नाका दलों को एक विशेष संकेत देकर तुरन्त सतर्क किया और उग्रवादियों को निकट आने दिया । ज्यों ही वे नाका बल के नजदीक पहुंचे तो नाका बल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के

लिए ललकारा, परन्तु उन्होंने नाका दल पर गोली चला दी। नाका दल ने भी जवाब में गोली चलाई। सर्व श्री शर्मा तथा त्यागी निर्भीक तथा अविचलित बने रहे तथा उन्होंने स्थिति को अनुकूल बनाए रखा और आतंकवादियों पर सुसमन्वित ढंग से गोली चलाई। दोनों ओर से लगभग साढ़े तीन घंटे तक गोली-बारी होती रही। उसके बाद आतंकवादियों की ओर से गोली चलानी बन्द हो गई। दिन में क्षेत्र की तलाशी करने के बाद चार शव बरामद हुए, उनमें से दो की बाद में देवेन्द्र सिंह तथा सुखवन्त सिंह उर्फ सुखा के रूप में शिनाख्त की गई। एक आतंकवादी को कसूर नाला के नजदीक से जिन्दा पकड़ लिया गया, जहां पर वह छिप रहा था। उसने अपना नाम विक्रमजीत सिंह बताया। पूछताछ करने पर उसने बाद में मृत उग्रवादियों में से एक उग्रवादी को सुखदेव सिंह उर्फ सुखा बताया, न कि सुखवन्त सिंह उर्फ सुखा। मुठभेड़ वाले स्थान से बड़ी मात्रा में शस्त्र तथा गोला बारूद भी बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री सुशील कुमार त्यागी, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 28 फरवरी, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 49-प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :
श्री छत्तर सिंह कटोच,
सहायक कमांडेंट,
69वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

यह सूचना प्राप्त हुई कि सीमा चौकी कलास से उग्रवादी भारत में घुसपैठ करेंगे। सीमा सुरक्षा बल की 69वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री छत्तर सिंह कटोच ने (लांस नायक राम सुन्दर, कान्स्टेबल त्रिभुवन सिंह, रणधीर सिंह और गुरुबख्श सिंह सहित) सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों को भागने के सभी सम्भावित रास्तों को बन्द करने के लिए तैनात किया।

31 जनवरी, 1990 की मध्यवर्ती रात्रि को लगभग 5 बजे प्रातः उन्होंने देखा कि नाका नं० 10 और सीमा चौकी के बीच से 4-5 उग्रवादियों ने घुसपैठ की। लांस नायक रामसुन्दर, जो नाका नं० 10 पर ड्यूटी पर थे, ने उग्रवादियों को पाकिस्तान की तरफ से आते हुए और दो नाका पार्टियों के बीच से विकर्णतः सीमा पार करते हुए देखा। अपने साथियों को सावधान करने के बाद उन्होंने उग्रवादियों पर गोली चलायी साथ ही साथ उन्होंने श्री सी० एस० कटोच को भी सूचित किया, जो उपलब्ध बल को तत्काल वहां ले गए और उन्हें उग्रवादियों को चारों ओर से घेरने के लिए तैनात किया ताकि उनके आने और जाने के सभी रास्ते बंद हो जाएं। नाका नं० 10 से की गयी गोलीबारी प्रभावी सिद्ध नहीं हुई क्योंकि उग्रवादियों ने ट्यूबवेल के नजदीक एक खाई में मोर्चा सम्भाल लिया था। जब श्री कटोच उग्रवादियों को उलझाए रखने के लिए बल को तैनात करके वापस आ रहे थे तो उन पर उग्रवादियों ने गोलियां चलायी। जिसके परिणामस्वरूप उनके बांई कोहनी में गोली लग गयी। गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद वे उग्रवादियों पर गोली चलाते रहे और उनके मोर्चे के स्थान पर हथगोले फेंके और साथ-साथ अन्य कार्मिकों का नेतृत्व भी करते रहे।

इसी बीच कांस्टेबल रणधीर सिंह और कान्स्टेबल गुरुबख्श सिंह ने अन्य कार्मिकों के साथ मोर्चा संभाला और उग्रवादियों पर गोली चलायी। ढाई घंटे तक दोनों ओर से भारी गोलीबारी होती रही। इस गोलीबारी में 2 उग्रवादी मारे गए। तथापि अन्य उग्रवादी किसी तरह मिट्टी के ढेर और ऊंची नीची जमीन का फायदा उठाकर पाकिस्तान की ओर वापस भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री छत्तर सिंह कटोच, सहायक कमांडेंट ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 31 जनवरी, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 50-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री बिरसा चोदरे, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 67755092,
56 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

4 मई, 1990 को सूचना मिली कि उग्रवादियों का एक दल पाकिस्तान सीमा को पार कर भारत के समवाली गली (कुपवाड़ा) के क्षेत्र में छिपा है।

इंसपेक्टर अमपाल सिंह को ग्राम बैंक क्षेत्र में विशेष सैनिक कार्रवाई का काम सौंपा गया था। लगभग 1.30 बजे

दोपहर को जब पार्टी समाबाली गली की चोटी पर पहुंची तो इंसपेक्टर जसपाल सिंह को सीमा सुरक्षा बल पार्टी को संरक्षण प्रदान करने के लिए, जिसपर उग्रवादी भारी मात्रा में गोलीबारी कर रहे थे, और उनके छिपने के स्थानों पर छापा मारने का सबसे अधिक चुनौती पूर्ण कार्य दिया गया था। इंसपेक्टर जसपाल सिंह ने स्थिति का जायजा लिया, अपने साथियों को संक्षेप में बताया, उग्रवादियों द्वारा बड़ी मात्रा में गोलीबारी करने, और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, उनके छिपने के स्थान तक रेंग कर पहुंचे। इंसपेक्टर जसपाल सिंह ने उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर छापा मारा और उन्हें छिपने के स्थानों को छोड़ने के लिए मजबूर किया, जिसके फलस्वरूप उग्रवादियों ने विभिन्न दिशाओं में भागना शुरू किया। उग्रवादियों ने भागते हुए सीमा सुरक्षा बल पार्टी पर फायर जारी रखा, परन्तु इंसपेक्टर जसपाल सिंह व उनकी पार्टी के सदस्यों ने चारों तरफ से उन्हें घेर लिया और दोनों तरफ से फायर होने के परिणामस्वरूप घटना स्थल पर चार उग्रवादियों ने दम तोड़ दिया।

इस बीच में इंसपेक्टर बिरसा चांदरे जो कि अपने साथियों के साथ "स्टाफ ग्रुप" में ग्राम केनवेस के नजदीक तैनात थे। लगभग 4.45 बजे कांस्टेबल चांदरे ने तीन सशस्त्र उग्रवादियों को केनवेस नार की तरफ अपनी दांयी ओर से भागते हुए देखा। कांस्टेबल चांदरे ने समय बरबाद किए बिना उग्रवादियों पर अंधाधुंध फायर शुरू कर दिया। परन्तु उग्रवादी बिना घायल हुए भाग गए। कांस्टेबल चांदरे ने अपने साथियों समेत भागते हुए उग्रवादियों का पीछा किया, उग्रवादियों ने श्री चांदरे पर फायर किया ताकि वह उनका पीछा छोड़ दे। जब उग्रवादियों ने देखा कि दृढ़ संकल्प और निडर कांस्टेबल फिर भी उनका पीछा कर रहा है, तो वे खाई में कूद गए और पत्थर की दीवार के पीछे पोजीशन लेते हुए उग्रवादियों पर फायर किया। उग्रवादियों की गोली कांस्टेबल चांदरे की दांयी किडनी में लगी। घायल होने के बाद भी उसने उग्रवादियों का पीछा किया, साथ ही साथ अपने साथियों को भागते हुए उग्रवादियों को चारों तरफ से घेरने के लिए कवर फायर भी किया। वह आखिरी सांस रहने तक उग्रवादियों पर फायर करता रहा।

इसी बीच में इंसपेक्टर जसपाल सिंह और अन्य सीमा सुरक्षा बल पार्टियों ने उग्रवादियों को चारों तरफ से घेर लिया और उग्रवादियों को फायर करने का मौका नहीं दिया तीन उग्रवादियों ने अपने हथियारों और गोला बारूद समेत आत्मसमर्पण कर दिया और जिन्हें बाद में मुख्तियार अहमद, गुलाम हसन और अलताब हुसैन के रूप में पहचाना गया।

इस मुठभेड़ में श्री बिरसा चांदरे, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 मई, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 51-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री मोहन सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 675446187,
75वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

10 सितम्बर, 1990 को लगभग रात के 11.45 बजे सीमा सुरक्षा बल की 75वीं बटालियन को अपर उपमहानिरीक्षक की कमांड में श्रीनगर सोनमार्ग रोड पर गांव थूने के क्षेत्र में विशेष आपरेशन के लिए तैनात किया गया था। 11-9-90 को प्रातः 4.30 बजे कार्रवाई करते समय सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने सोनमार्ग की तरफ से आती हुई बस की हैडलाइटों को देखा क्योंकि ऐसे बेमौके पर किसी भी व्यक्ति द्वारा बस से यात्रा करने की आशा नहीं थी। सीमा सुरक्षा बल पार्टी को एक ग्रुप साजिश का संदेह हुआ और उन्होंने इस बस को रोकने का निर्णय लिया। सीमा सुरक्षा बल पार्टी तीन भागों में बंट गयी। दो ग्रुप (समूह) सड़क के दोनों तरफ तैनात हुए और तीसरा ग्रुप दोनों ग्रुपों से लगभग 30 गज की दूरी पर जा बैठा।

ज्योंही बस सीमा सुरक्षा बल पार्टी के नजदीक पहुंची तब सूबेदार जागीर सिंह व उनके साथ तैनात कांस्टेबल सुकुमार घोष, मोहन सिंह और मोहर बन सिंह ने बस को रोकने का इशारा किया यद्यपि बस ड्राइवर ने बस को धीमा किया परन्तु उसने बस को नहीं रोका, ठीक इसी समय बस में बैठे यात्रियों ने सूबेदार जागीर सिंह के ग्रुप पर स्वचालित हथियारों से अन्धाधुन्ध फायर करना शुरू कर दिया। इस प्रकार सूबेदार जागीर सिंह और कांस्टेबल मोहन सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए चालक की तरफ बढ़े ताकि वह बस को आगे न ले जाए। कांस्टेबल मोहन सिंह ने ड्राइवर को बस की सीट से बाहर खींचने का प्रयत्न किया। इसे देखकर उग्रवादियों ने मोहन सिंह को अपना निशाना बनाकर फायर किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहन सिंह को गंभीर रूप से घायल देखकर श्री जागीर सिंह ने ड्राइवर पर पिस्तौल से फायर किया जिसके परिणामस्वरूप वह मर गया।

कांस्टेबल मोहन सिंह को बुरी तरह घायल देख कर कांस्टेबल सुकुमार घोष तुरन्त ही अपने घायल साथी की तरफ बढ़ा। इसको देख कर उग्रवादियों ने कांस्टेबल सुकुमार घोष पर फायर किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। जख्मों की चिन्ता न करते हुए वह रोड पर बनी पुलिया

की तरफ लुढ़का और पोजीशान लेते हुए उग्रवादियों पर फायर करना शुरू कर दिया।

ठीक इसी समय, सूबेदार हरभजन सिंह ने चार उग्रवादियों को बस के बांई तरफ के दरवाजे से उतर कर भागते हुए देखा। हरभजन सिंह व उसके साथी कांस्टेबल यशपाल सिंह और महेश चन्द्र शर्मा ने उग्रवादियों का पीछा किया। जब उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों का पीछा करते हुए देखा तो उन्होंने स्वचालित हथियारों से उन पर फायर किया जिसके परिणामस्वरूप दोनों कांस्टेबल बुरी तरह घायल हो गए। उग्रवादियों के फायर की परवाह न करते हुए सूबेदार हरभजन सिंह और उसके दोनों घायल साथियों ने उग्रवादियों का पीछा करते हुए उन पर फायर किया। इस प्रक्रिया में चारों उग्रवादियों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई।

ठीक इसी बीच सीमा सुरक्षा बल के दो ग्रुपों ने उग्रवादियों को उलझाए रखा जो कि सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों पर बस के अन्दर से स्वचालित हथियारों से फायर कर रहे थे। जिस समय उग्रवादियों और सीमा सुरक्षा बल कार्मिक एक दूसरे पर फायर कर रहे थे उग्रवादियों द्वारा बस में ले जाए जा रहे बड़ी मात्रा में हथियारों/गोलाबारूद और डिस्कोटक में विस्फोट हुआ जिसके परिणामस्वरूप बस पूरी तरह से जल गयी। जब आग बुझी तो बस की तलाशी ली गई और उस बस में यात्रा कर रहे सभी उग्रवादियों को मृत पाया गया। कांस्टेबल मोहन सिंह की बाद में मृत्यु हो गई।

इस मुठभेड़ में श्री मोहन सिंह कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 सितम्बर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 52-प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :
श्री बृजेश कुमार सिंह,
कान्स्टेबल सं० 881232321,
123वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

सीमा सुरक्षा बल की 123वीं बटालियन के कान्स्टेबल बृजेश कुमार सिंह को यूनिट के जलाया उप-क्षेत्र में तैनात किया गया था, जहां बंगला देश राइफल ने सीमा पर तनाव उत्पन्न किया हुआ था। इस सीमा क्षेत्र की स्थिति को, जिसका सीमांकन नहीं किया गया था, बंगला देश के नागरिकों तथा बंगला देश राइफल के कार्मिकों द्वारा अपने आक्रमणकारी रवैये के कारण प्रतिकूल बनाया गया था, जो उस सीमा के एक भू-खण्ड पर भारतीय नागरिकों को खेती नहीं करने दे रहे थे।

18 जुलाई, 1990 को कांस्टेबल बृजेश कुमार सिंह इस क्षेत्र में प्रचालन ड्यूटी पर थे। बंगलादेश राइफल के कार्मिक इस क्षेत्र में उगाई गई फसलों को नष्ट करने के लिए कुछ बदमाशों को उकसा रहे थे और कांस्टेबल बृजेश कुमार इस प्रकार के बदमाश नागरिकों तथा बंगलादेश राइफल के कार्मिकों/जवानों की हर प्रकार की शरारत को रोकने के लिए काफी सतर्क थे। 18-7-1990 को लगभग 12.30 बजे बंगला देश राइफल के कार्मिकों ने भारतीय सिविल नागरिकों और उस क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों पर बगैर किसी कारण के अचानक गोली चला दी। कांस्टेबल बी० के० सिंह ने घटना के बारे में तुरंत अपने कमांडरों को सूचित किया। बंगलादेश राइफल के कार्मिकों ने सीमा सुरक्षा बल की उस संतरी चौकी पर भारी मशीन गनों से गोलियां चलाई, जहाँ पर कांस्टेबल बी० के० सिंह ड्यूटी दे रहे थे। श्री बी० के० सिंह ने निर्भीक होकर अपनी 7.62 एम० एम० राइफल से गोली के जवाब में गोली चलाई और अपने कमांडरों को दुश्मन की गतिविधियों और जहां-जहां से गोलियां चल रही थी, उन स्थानों के बारे में सूचना देते रहे। इस प्रक्रिया में दुश्मन की गोली लगने से वह सीने तथा उदर के पास तीन जगहों पर गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद वे दुश्मनों पर गोली चलाते रहे। कांस्टेबल बी० के० सिंह ने इस कार्रवाई से उस क्षेत्र में दुश्मन की गोली बारी को प्रभावी रूप से नाकामयाब करने में अपने चौकी कमांडर की बहुत बड़ी सहायता की तथा दुश्मन की गोली से भारतीय नागरिकों को भी बचाया।

इस मुठभेड़ में श्री बृजेश कुमार सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 जुलाई, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 53-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री वेद प्रकाश,
हैड कांस्टेबल,
48वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

10 मार्च, 1991 को लगभग 12.30 बजे 48वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल वेद प्रकाश को नाथमोकल-धापलखजाला ग्रामों के उन क्षेत्रों में, जो पुलिस स्टेशन कुआ दियान, जिला बटाला के अंतर्गत उग्रवादी ग्रस्त क्षेत्र थे, विशेष कार्रवाई के लिए भेजा गया था। उसकी टुकड़ी को धापाल ग्राम के घरों/डेरों की तलाशी करने तथा उजाला की तरफ जाने का काम सौंपा गया जहां उसकी प्लाटून की शेष टुकड़ी ग्राम धापाला के उत्तर-पश्चिम में तलाशी कर रहे थे।

जब श्री वेद प्रकाश तलाशी का काम कर रहे थे, तो उन्होंने एक व्यक्ति को जागीर सिंह के डेरा की तरफ भागते हुए देखा। यह डेरा नाथमोकल के आखिरी छोर पर गन्ने के खेतों तथा गेहूं की फसल के खेतों के बीच स्थित था। बिना किसी विलम्ब के, श्री वेद प्रकाश ने अपनी टुकड़ी को डेरा की तरफ जाने का आदेश दिया। जैसे ही वे डेरा के पिछली तरफ पहुंचे, तो उक्त डेरा की ओर से उनकी टुकड़ी पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी हुई। श्री वेद प्रकाश ने अपनी टुकड़ी को पोजीशन लेने तथा डेरा को घेराबंदी करने का आदेश दिया। जैसे ही वे आगे बढ़े श्री वेद प्रकाश ने नोट किया कि गोलाबारी उक्त डेरा में बंकर से हो रही है। उन्होंने स्थिति का तत्काल जायजा लिया, अपनी टुकड़ी को बायीं ओर से लक्ष्य पर हमला करने का आदेश दिया, जबकि उन्होंने साहसिक कार्रवाई में हथगोला अपने हाथ में ले लिया तथा बंकर से भारी गोलाबारी के बावजूद वे रेंगते हुए आगे बढ़े। गोलाबारी की परवाह न करते हुए वे आगे बढ़ते रहे तथा अपनी जान की परवाह न करते हुए उस बंकर के नजदीक पहुंचे। उग्रवादियों ने उन पर हथगोला फैंका। लेकिन उन्होंने खुद को बचा लिया। वे बंकर के उस छेद के निकट पहुंचने के लिए आगे बढ़े जहां से उग्रवादी गोलाबारी कर रहे थे। इस दुःसाहसी कार्रवाई में, श्री वेद प्रकाश अपनी पोजीशन से बाहर आए तथा बंकर के अंदर दो हथगोले फैंके तथा बंकर के अंदर से गोलाबारी बंद हो गई।

इस बीच गोलाबारी की खबर सुनने के पश्चात उनकी प्लाटून की अन्य टुकड़ी तथा पुलिस कार्मिक भी मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए तथा क्षेत्र को घेर लिया। श्री वेद प्रकाश ने डेरा के अंदर चार हथगोले दोबारा फैंके। तलाशी के दौरान, एक पुरुष आतंकवादी तथा एक महिला आतंकवादी के मृत शरीर पाए गए। मृतक आतंकवादी की बाद में जसविंदर सिंह खजाला उर्फ सिपाही के जो खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू ले० जनरल थे, रूप में पहचान हो गई जिसके सिर पर पांच लाख रूपये का इनाम था तथा जो 50 से अधिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था। मृतक महिला मृत आतंकवादी की पत्नी थी। मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोलाबारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री वेद प्रकाश, हेड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 मार्च, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 54-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद :

श्री चन्द्रशेखर देसाई,
कमांडेंट,
3 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री सुरेन्द्र प्रसाद,
नायक नं० 71032115,
3 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

11 अक्तूबर, 1990 को श्री चन्द्रशेखर देसाई, कमांडेंट, तीसरी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल को खबर मिली कि गांव मोहालम, थाना सदर, फिरोजपुर में उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ चल रही है, वह उपलब्ध बल के साथ तत्काल मुठभेड़ वाले स्थान की ओर चल दिए।

वहां पहुंचकर उन्होंने देखा कि आतंकवादी एक पक्के मकान में छिपे हुए थे और चलने फिरने की आवाज पर रुक-रुक कर गोलियां बरसा रहे थे। कुछ समय तक दोनों ओर से गोलियां चलती रहीं। जब 2" मोर्टार और राइफल

ग्रेनेडों से आतंकवादियों को समाप्त नहीं किया जा सका तो श्री देसाई और उनकी पार्टी ने मकान की छत पर चढ़ने का फैसला किया। सीमा सुरक्षा बल के नायक सुरेन्द्र प्रसाद ने इस दल को ऊपर चढ़ने में मदद दी और वे इस पार्टी के छत पर चढ़ने के लिए कवरिंग फायर करते रहे।

चूंकि चार कमरों में से सिर्फ दो में रोशनदान थे अतः जिन कमरों में रोशनदान नहीं थे उनकी छतों में हंसिया की सहायता से खोदकर सुराख किए गए। जब सुराख खोदे जा रहे थे, आतंकवादियों ने कमरे के अन्दर से छत से गोलियां चलानी जारी रखीं। चूंकि इसकी उम्मीद थी अतः सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों द्वारा पहले से ही उचित सावधानी बरती गई थी। जब सुराख खोद लिए गए, श्री देसाई ने रोशनदान के शीशे तोड़ दिए और अन्दर ग्रेनेड फैंके। इसके बाद सभी कमरों में साथ-साथ ग्रेनेड फैंके गए ताकि आतंकवादी बचकर एक कमरे दूसरे कमरे में न जा पाएं इसके बाद श्री देसाई ने एस० एस० पी० फिरोजपुर से मुख्य कक्ष का दरवाजा खोलने के लिए एक बुलेट प्रूफ जिप्सी अन्दर भेजने को कहा। जैसे ही जिप्सी ने परिसर में प्रवेश किया इस पर आतंकवादियों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। फिर श्री देसाई ने छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए मकान में आग लगाने की मंशा से एस० एस० पी० फिरोजपुर से पेट्रोल भेजने का अनुरोध किया। फिर मोलोटोव काकटेल/ जले हुए टायर अन्दर फेंके गए। इस पर एक आतंकवादी कमरे से बाहर आया और उसने साथ लगी रसोई में आश्रय लिया। श्री देसाई अन्धेरे के कारण उसके चलने फिरने को नहीं देख पाए। जैसे ही श्री देसाई रोशनदानों के माध्यम से कुछ और मोलोटोव काकटेल फेंकने के लिए दीवार पर झुके, आतंकवादियों ने श्री देसाई पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की परन्तु सौभाग्य से उन्हें कोई चोट नहीं आई। फिर आतंकवादी कमरे में घुस गए और छत से गोलीबारी करने लगे तथा सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों को इस गोलीबारी से बचने के लिए नीचे कूदना पड़ा।

इसी बीच नायक सुरेन्द्र प्रसाद ने चारदीवारी के साथ ऐसे स्थान पर पोजीशन ले ली जहां से वह दरवाजे पर नजर रख सकता था। अचानक उसने एक आतंकवादी को कमरे से बाहर आते हुए और बाथरूम की ओर भागते हुए देखा। उसने आतंकवादी पर गोली चलाई लेकिन वह बाथरूम में घुसने में सफल हो गया। फिर नायक सुरेन्द्र प्रसाद बाथरूम के नजदीक गए और कूदकर बाथरूम में एक ग्रेनेड फैंक कर आतंकवादी को मार डाला परस्पर गोलीबारी में दूसरा आतंकवादी भी रसोईघर में छिपा था, मारा गया।

उक्त मुठभेड़ में कुल चार आतंकवादी मारे गए।

इस मुठभेड़ में श्री चन्द्रशेखर देसाई, कमांडेंट और श्री सुरेन्द्र प्रसाद, नायक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक।

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं० 55–पेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री भगवान सिंह,
सहायक कमांडेंट,
103वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री यशपाल सिंह,
कांस्टेबल सं० 880012526,
103वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 6 फरवरी, 1991 को करीब 10.00 बजे थाना सदर बटाला, के अन्तर्गत गांव नानक नांगल के निकट सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच एक मुठभेड़ हुई। सीमा सुरक्षा बल की 103वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट, श्री भगवान सिंह जोकि अपने साथियों के साथ नियमित गश्त लगा रहे थे, घटना की खबर मिलने पर, उस स्थान पर पहुंच गए। बुरी तरह से घायल एक उग्रवादी ने दम तोड़ने से पहले बताया कि कुछ उग्रवादी गांव वीरो नांगल के हजारा सिंह नामक एक व्यक्ति के घर में छिपे हुए हैं। अपने दल (कांस्टेबल/ड्राईवर यशपाल सिंह सहित) श्री भगवान सिंह गांव वीरो नांगल की ओर रवाना हो गए। जब श्री भगवान सिंह और श्री यशपाल सिंह मुख्य द्वार के निकट पहुंचे तो आतंकवादियों ने उन पर भीषण गोलीबारी की, परन्तु वे दोनों बाल-बाल बच गए। उन्होंने तुरन्त मोर्चे संभाले और जवाब में गोलियां चलाईं। श्री यशपाल सिंह ने जख्मी उग्रवादियों को उलझाए रखा और भगवान सिंह घर की छत पर पहुंचने में सफल हो गए और उन्होंने घर की छत से नीचे झुक कर दरवाजे से कमरे में हथगोले फेंके। तत्पश्चात श्री भगवान सिंह ने कमरे की छत में तीन छेद किए और कमरे में हथगोले फेंके।

सर्वश्री भगवान सिंह और यशपाल सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की चिन्ता किए बिना सम्पूर्ण कार्रवाई के दौरान अदम्य कार्य कुशलता और साहस का परिचय दिखाया। दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान, चार उग्रवादी मारे

गए, जिनकी बाद में अवतार सिंह, सुरजीत सिंह उर्फ पप्पू गुरपाल सिंह उर्फ हैप्पी और जीत सिंह उर्फ जीता के रूप में पहचान की गई। तलाशी लेने पर घटना स्थल से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री भगवान सिंह, सहायक कमांडेंट और श्री यशपाल सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तगत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 56-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल ने निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

बलबीर सिंह,
हैडकांस्टेबल सं० 685885783,
103वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री दया नन्द
नायक सं० 75001127,
103वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री महाबीर सिंह
कांस्टेबल सं० 88677478,
58वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 17 नवम्बर, 1990 को करीब 07.30 बजे सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गांव गोरेनांगल, थाना रामदास, जिला मजीठा में एक मुठभेड़ हुई है।

पुलिस अधीक्षक (प्रचालन), बटालियन, मख्खालय गए और सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों से अनुरोध किया कि वे उस स्थान पर जल्दी से पहुंचें जहां आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ चल रही थी। लगभग 16.00 बजे सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों का दल घटना स्थल पर पहुंचा। नायक दया नन्द और कांस्टेबल महाबीर सिंह सहित हैड कांस्टेबल हथगोलों और अपने शस्त्रों सहित अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना फार्म हाउस की ओर गए जब कि अन्य पुलिस/सीमा सुरक्षा बलों के कार्मिकों ने आतंकवादियों को उलझाए रखा। उन्होंने फार्म हाउस के निकट पहुंचने के लिए उत्कृष्ट प्रकृति की व्यावसायिक कुशलता और दक्षता का परिचय दिया। उन्होंने उन कमरों में हथगोले फेंके जहां से आतंकवादी काफी देर से भीषण गोलीबारी कर रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप एक कमरे में तीन आतंकवादी मारे गए। तत्पश्चात, आंगन का विभाजन करने वाली दीवार पर चढ़े, और आतंकवादियों द्वारा विभिन्न दिशाओं से की जा रही भारी गोला-बारी के बावजूद दूसरे कमरे की ओर गए। इस प्रक्रिया में, सर्व/श्री दलबीर सिंह, दयानन्द और महाबीर सिंह गोली लगने से जख्मी हो गए। गोली लगने से जख्मी होने के बावजूद, उन्होंने तत्काल आतंकवादियों पर जवाबी भीषण गोलीबारी की और उन पर हमला किया। दोनों ओर से गोलियां चलने से शेष आतंकवादी भी मारे गए। इस मुठभेड़ में कुल मिला कर छः खूंखार आतंकवादी मारे गए। तलाशी लेने पर, घटना स्थल से, 4 ए०के० -47 राइफलें, एक .303 राईफल, दो 9 मि०मी० की पिस्तोल, तथा बड़ी मात्रा में खाली/बिना चले कारतूस तथा गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री बलबीर सिंह, हैड कांस्टेबल, दयानन्द नायक और श्री महाबीर सिंह कांस्टेबल ने उत्कृष्टता वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 नवम्बर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय, निदेशक

सं० 57-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुनील कुमार,
कांस्टेबल सं० 69142154,
47वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

19 दिसम्बर, 1990 को जिला पुलिस प्राधिकारियों ने विशेष अभियान चलाने के लिए सीमा सुरक्षा बल की 47 वीं बटालियन के दो भागों की मांग की। सुलतानपुर लोदी के पुलिस उप-अधीक्षक के आदेश से सीमा सुरक्षा बल का एक दल गांव की तलाशी लेने के लिए लगभग 15.30 बजे शेख मांगा गांव पहुंचा।

तलाशी के दौरान उन्होंने देखा कि स्वचालित हथियारों से लैस 5 उग्रवादी एक मकान से दूसरे मकान में भाग रहे हैं। अन्य पलिस दलों को शीघ्र ही सावधान कर दिया गया जिन्होंने शेखमांगा गांव को घेर लिया। उग्रवादियों ने गोलाबारी शुरू कर दी, सीमा सुरक्षा बल व पुलिस कार्मिकों ने भी एल० एम० जी० और राइफल्स के साथ जवाबी गोलाबारी की। तत्पश्चात उस कमरे में हथ-गोले फेंके गए जहां से उग्रवादी गोलाबारी कर रहे थे। कांस्टेबल सुनील कुमार ने अपनी एल० एम० जी० बन्दूक उठाई और बहुत ही प्रभावी ढंग से उस मकान की ओर गोलाबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप उग्रवादियों को भागने का मौका नहीं मिल पाया। कांस्टेबल सुनील कुमार की गोलीबारी से एक उग्रवादी बुलट लगने से जमीन पर गिरते देखा गया जवाबी गोलाबारी में कांस्टेबल सुनील कुमार के बाएं गाल पर बुलट चोट लगी किन्तु चोट लगने के बावजूद भी उसने उग्रवादियों पर गोलाबारी जारी रखी।

सूचना मिलने पर उप-कमांडेंट श्री गिल जो मांड के गुड्डा क्षेत्र में पहले ही धर पकड़ का अभियान चला रहे थे, सीमा सुरक्षा बल के अन्य कार्मिकों के साथ शेख मांगा गांव पहुंचे। सीमा सुरक्षा बल की 47 वी बटालियन के कमांडेंट भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसी बीच श्री गिल ने गांव के घेरे को यह सुनिश्चित करने के लिए पुनः संचालित किया कि कोई उग्रवादी भाग न सके। श्री गिल अन्य कार्मिकों के साथ उस मकान की ओर आगे बढ़े जहां से उग्रवादी गोलाबारी कर रहे थे। श्री गिल ने हैड कांस्टेबल व नायक के साथ कमरे में गोले फेंके। इस तरह से उन्होंने उग्रवादियों को कमरों से बाहर आने के लिए बाध्य किया यद्यपि सभी उग्रवादी बुरी तरह से घायल हो गये थे, फिर भी उन्हें मकान के साथ बने कच्चे हटमेंट में, जिसका रसोई के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, शरण लेनी पड़ी। श्री गिल और उनकी पार्टी ने पुलिस पोइया से कच्चे हटमेंट को गिरा दिया। इस प्रक्रिया में सभी उग्रवादी जो हथगोलों/बुलट से गम्भीर रूप से घायल हो गए थे, हटमेंट्स के मलबे में दब गये। श्री गिल ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए पार्टी का पुनः संचालन करते हुए मकान की तलाशी ली और कच्चे मकान के मलबे को हटाया व बुरी तरह से घायल पांच उग्रवादियों को मलबे से बाहर निकाला तथा सभी को मृत पाया। उनमें से चार कट्टर उग्रवादी थे जबकि पांचवे की शिनाख्त नहीं की जा सकी। तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से 4 असाल्ट राइफल्स, एक 7.62 एम० एम० एस० एल० आर०/माउजर पिस्तौल तथा बड़े पैमाने पर जीवित/खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री सुनील कुमार, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 सितम्बर 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई, 1992

सं० 58-प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री लाल सिंह,
सूबेदार,
दूसरी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक (संचालन), फीरोजपुर ने सीमा सुरक्षा बल की दूसरी बटालियन के कमांडेंट को 22-23 फरवरी, 1991 की रात को सूचित किया कि आतंकवादियों के एक गिरोह के ग्राम शाडे शाहवाला या ग्राम चारे शाह, थाना मालनवाला, फीरोजपुर में इकट्ठे होने की संभावना थी। उन्होंने उपलब्ध बल को इकट्ठा किया तथा दोनों ग्रामों को घेरने तथा उनकी तलाशी लेने की योजना बनायी। सीमा सुरक्षा बल की दूसरी बटालियन के कमांडेंट ने 101 अधिकारियों/जवानों (सूबेदार लाल सिंह तथा कांस्टेबल भंवर लाल सहित) तथा 70 पुलिस कार्मियों एवं पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर के साथ दोनों ग्रामों को 23-2-1991 को 7 बजे सुबह में घेर लिया।

ग्राम शाडेवाला की तलाशी लेने के बाद सीमा सुरक्षा बल/पुलिस दल ने लगभग 12.30 बजे ग्राम चारे शाह में पहुंचकर सभी ग्राम वालों को अपने-अपने घरों से निकल कर गांव के स्कूल में इकट्ठा होने को कहा। सभी गांव वाले गांव के प्राइमरी स्कूल में इकट्ठे हो गए थे। इसके बाद तलाशी का काम शुरू हुआ। गांव के एक तरफ कुछ संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। इस गतिविधि को देखने के बाद आंतरिक घेरा बंदी की योजना बनाई गयी तथा सीमा सुरक्षा बल/पुलिस दल मोहिंदर सिंह तथा भजन सिंह के घरों के पास पहुंच गए। सामने के गेट के नजदीक पहुंचने पर दोनों घरों को काबू करने के लिए एल० एम० जी० लगा दी गई थी। यह देखने पर आतंकवादियों ने सैनिकों पर गोली चलाना शुरू कर दिया। सीमा सुरक्षा बल के कमांडेंट ने सीमा सुरक्षा बल के कांस्टेबल भंवर लाल

को आतंकवादियों पर एल० एम० जी० से गोली चलाने का आदेश दिया ताकि आतंकवादी कमरे से बाहर न जा सकें । उपलब्ध कवर का अच्छी तरह इस्तेमाल करते हुए गेट के एक तरफ से दूसरी तरफ अपनी स्थिति बदलते हुए कांस्टेबल भंवर लाल ने आतंकवादियों को रोके रखने तथा सैनिकों पर ठीक ढंग से गोली चलाने से उनको रोकने के उद्देश्य से आतंकवादियों पर प्रभावी ढंग से गोली-बारी की । आतंकवादी तीन तरफ से गोली चला रहे थे तथा कमरों तथा खिड़कियों से हथगोले फेंकने के लिए कमरे तक पहुंचना कठिन था । किसी प्रकार का कवर उपलब्ध नहीं था । स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद अधिकारियों ने एल० एम० जी० चलाने वाले जवान को गोली बारी जारी रखने के आदेश दिए तथा हथगोले फेंकने के लिए छत में छेद करने के लिए चार पार्टियों को तैनात किया ।

जब सैनिक छत में छेद कर रहे थे तो आतंकवादियों ने उन पर भारी गोला-बारी शुरूकर दी लेकिन सूबेदार लाल सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए कमरे में हथगोला फेंक दिया । इसके बावजूद आतंकवादियों ने सैनिकों पर तीन तरफ से गोली चलाना जारी रखा ताकि वे हथगोले फेंकने के लिए छत में छेद न कर पायें । सूबेदार लाल सिंह ने एक बार फिर अपनी जान की परवाह न करते हुए रेंग कर साथ वाले कमरे में हथगोला फेंका जहां से आतंकवादी गोली-बारी कर रहे थे । इससे अन्य पार्टियों को प्रत्येक कमरे में हथगोले फेंकने में अवसर मिली तथा इस प्रकार आतंकवादियों की तरफ से होने वाली गोली-बारी रुक गयी । तब यह पता करने के लिए कि कोई आतंकवादी जीवित है या नहीं एक बुलेट प्रुफ वाहन आंगन के अंदर भेजा गया । तलाशी के दौरान सूबेदार लाल सिंह चुपके से एक कमरे के पास पहुंच गए तथा उपयुक्त रणनीति अपनाते हुए जब उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला तो उसे खाली पाया । इसके बाद सतर्कता की स्थिति में अपने दाहिने हाथ में स्टेन गन पकड़े दूसरे कमरे के पास पहुंच कर उन्होंने दरवाजा खोल कर गोलियों की बौछार कर दी । तभी कमरे के अन्दर से आतंकवादियों द्वारा की गई गोलियों की बौछार से सूबेदार लाल सिंह के दाहिने हाथ में गोली लगी और उसकी कलाई जख्मी हो गई ।

इस मुठभेड़ में श्री लाल सिंह, सूबेदार ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फल-स्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 59—प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राजेश कुमार,
कांस्टेबल सं० 88255065,
48वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

अक्तूबर 1990 के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में आतंकवादियों ने थाना क्वाडीन क्षेत्र में अनेक हत्याएं, अपहरण और अन्य जघन्य अपराध किए । यह पता लगा कि आतंकवादियों की आतंक पैदा करने के उद्देश्य से दीवाली की पूर्व संध्या पर निर्दोष व्यक्तियों की बड़े पैमाने पर हत्या करने और सुरक्षा बलों पर आक्रमण करने की योजना है । क्वाडीन शहर के आसपास दीवाली की पूर्व संध्या पर आतंकवादियों की गतिविधियों पर लगातार दबाव बनाए रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल की 48 वीं बटालियन द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ नाकाबंदी की गई ।

17 अक्तूबर, 1990 को लगभग 19.30 बजे सीमा सुरक्षा बल की 48 वीं बटालियन के कम्पनी कमांडर ने कलवान-क्वाडीन लिंक रोड़ पर, "टी" जंक्शन के नजदीक नाकेबंदी की । लगभग 19.50 बजे, नाका दल ने देखा कि गांव कलवान की तरफ से एक ट्रैक्टर आ रहा है । जब टैक्टर नाकाबंदी स्थान के नजदीक पहुंचा तो पार्टी कमांडर ने सर्च लाईट फैंकी और ड्राईवर को रुकने के लिए कहा । इस पर ट्रैक्टर में बैठे 5–6 उग्रवादियों ने एल० एम० जी० से नाका दल पर 10–15 राउंड गोलियों की लम्बी बौछार कर दी । नाका पार्टी के कमांडर ने अपने दल की आत्मरक्षा में आतंकवादियों पर गोली के जवाब में गोलियां चलाने का आदेश दिया । उसके बाद आतंकवादी नीचे कूदे और कुछ समय तक गोलीबारी करते रहे । इसी बीच, जब एक आतंकवादी अपनी एल० एम० जी० की मैगजीन बदल रहा था तो कांस्टेबल राजेश कुमार अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बगैर अपने मोर्चे से बाहर निकले और आतंकवादी के ऊपर कूद पड़े तथा उसकी एल० एम० जी० छीन ली । एल० एम० जी० छीनने के बाद राजेश कुमार ने उसी एल० एम० जी० से आतंकवादियों पर गोलियां चलायी । आतंकवादी पीछे हटने लगे और ऊबड़-खाबड़ जमीन और गन्ने-बैरी के खेतों का फायदा उठाकर गांव कलवान की तरफ भाग निकले । उसके बाद सीमा सुरक्षा बल/पुलिस कार्मिकों ने आस-पास के क्षेत्र में संयुक्त तलाशी की और सुरजीत सिंह पुत्र चरण सिंह गांव कलवान और

गुरमीत सिंह पुत्र सुन्दर सिंह, गांव बारहा नांगल नामक दो संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ा गया । तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री राजेश कुमार, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृतभत्ता भी दिनांक 17 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 60-प्रेज/92—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री इकबाल सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल सं० 87342475,
69वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक दिया गया

27 अक्तूबर, 1990 को लगभग 16.25 बजे, 69वीं बटालियन, बी०एस०एफ० के कमांडेंट अपने सुरक्षाबल के साथ (कांस्टेबल इकबाल सिंह सहित), तीन वाहनों पर डेनी पोवा ब्रिज (अनन्तनाग) से लौटते हुए जंगल मंडी की की तरफ जा रहे थे। अचानक ही सड़क के किनारे खड़े उग्रवादियों ने उन पर अन्धाधुंध स्वचालित हथियारों और हथगोले से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी सड़क के दोनों ओर के किनारों पर स्थित मकानों और मालिकनाग/हजरतबाल की ऊंचाइयों से हो रही थी।

कांस्टेबल इकबाल सिंह कमांडेंट के सुरक्षा बल के एक सदस्य थे और दूसरे वाहन में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बड़ी तत्परता से स्थिति के अनुसार कार्रवाई की, उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए, वाहन से कूद गए, उन्होंने मोर्चा सम्भाल लिया और अपने हथियार से गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिससे कि उग्रवादियों की गोलियों को प्रभावहीन किया जा सके और उनके साथियों को बचाव मिल सके जिससे वे मोर्चा संभाल लें। कांस्टेबल इकबाल सिंह के इस बहादुरी के कार्य से वांछित प्रभाव पड़ा। कुछ समय के लिए उग्रवादियों द्वारा बरसाई जा रही आग की गहनता कम हो गई और उग्रवादियों को मजबूरन अपनी स्थिति बदलनी पड़ी।

कुछ उग्रवादियों को गोलियों से भागते हुए देख कर, कांस्टेबल इकबाल सिंह ने गोलियां चलाते हुए उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इसी बीच उग्रवादियों ने अपने को पुनः संघटित कर लिया और कांस्टेबल इकबाल सिंह पर यू० एम० जी० से गोलियां दागी। उन्होंने मोर्चा संभाला और स्थिति को भांपा और यू० एम० जी की गोलियों की दिशा का पता लगाने में सफल हो गए । उन्होंने उसी दिशा में गोलियां चलाईं और एक बार फिर कुछ समय के लिए उग्रवादियों की बन्दूकें खामोश करने में सफल हो गए। इसी बीच में सैनिकों ने स्थिति सम्भाल ली और उग्रवादियों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। उग्रवादियों का मनोबल समाप्त हो गया और उन्होंने भागना शुरू कर दिया। श्री सिंह अपने जीवन की परवाह न करते हुए अपनी पार्टी के कार्मिकों के आगे भागते हुए उग्रवादियों का पीछा किया। अचानक ही एक गोली उन्हें लगी। गोली से भयंकर रूप से जख्मी हो गए और नीचे गिर पड़े। घातक रूप से जख्मी होने के बावजूद भी वे उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे और अपने आखिरी दम तक बहादुरी से लड़ते रहे। उग्रवादियों द्वारा सुनियोजित हमले का सफलतापूर्वक मुकाबला करने में श्री सिंह के इस बहादुरीपूर्ण और साहसी कार्य से उनके दल के कार्मिकों की जानें बच सकीं।

इस मुठभेड़ में श्री इकबाल सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक।

सं० 61-प्रेज/92—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री प्रफुल्ल चन्द्र प्रधानी,
कांस्टेबल सं० 89163071,
18वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

26 मार्च, 1991 को 7 बजे सीमा सुरक्षा बल की पी-2 बटालियन के एक प्लाटून को गांव गोनियन कलां

के इर्द गिर्द दो आतंकवादियों के घूमने के बारे में सूचना मिली। ये शीघ्र ही गांव गोनियन कलां की ओर दौड़े वहां पहुंचने पर पता लगा कि खौफनाक हथियारों से लैस आतंकवादी खेतों की ओर भाग गए थे।

09.40 बजे के करीब तलाशी कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल पी० सी० प्रधानी को व्यक्तियों के पैरों के निशान मिले। उन्होंने पदचिन्हों का पीछा किया, ऊंची घनी फसलों में करीब 1 किलोमीटर चलने के बाद पदचिन्हों के मुड़ने के निशान पाए और मुड़ने पर श्री प्रधानी ने दो आतंकवादियों को लेटी हुई स्थिति में देखा, जो आगे बढ़ते हुए बी० एस० एफ० कार्मिकों पर गोलियां दागने के लिए तयार थे। श्री प्रधानी ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए तत्काल तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी और बहुत ही पास की दूरी से दोनों आतंकवादियों पर अपनी एस० एस० आर० से बड़ी गोलियां दाग दीं। आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल और अपंग हो गए थे किन्तु ऐसा होने के बावजूद भी उन्होंने कांस्टेबल प्रधानी और उनकी पार्टी पर अपने हथियारों से गोलियों की बौछार जारी रखी। कांस्टेबल प्रधानी आतंकवादियों का सिर नीचा रखने के लिए उनपर गोलियां दागते रहे। इसी बीच में दूसरे बी०एस०एफ० कार्मिकों ने मोर्चा संभाला और आतंकवादियों की तरफ गोलियां चलाईं। भारी गोलाबारी के दौरान आतंकवादियों की तरफ जाते हुए कांस्टेबल प्रधानी के पेट में गोली लगी परन्तु बहुत खून निकलने के बावजूद भी उन्होंने आतंकवादियों पर गोलियां चलानी जारी रखी और अपनी टीम के सदस्यों को अपनी मैगजीन भरने के लिए काफी समय उपलब्ध कराया और आतंकवादियों पर दुबारा गोलीबारी शुरू की।

इस गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए। उनमें से एक भयंकर सूचीबद्ध आतंकवादी रंजीत सिंह था किन्तु दूसरा आतंकवादी पहचाना नहीं जा सका। तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से एक ए०के०-47 राइफल, एक 7 एमएम० बोल्ट एक्शन राइफल और असंख्य जीवित/खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री प्रफुल्ल चन्द्र प्रधानी, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 मार्च, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 62-प्रेज/92—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री श्याम सिंह, (मरणोपरान्त)
हैड कांस्टेबल,
33वीं बटालियन, पी०ए०सी०,
जिला बांदा।

श्री जयराम सिंह,
कांस्टेबल,
43वीं बटालियन, पी०ए०सी०,
जिला बांदा।

श्री सदा शिव यादव, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
43वीं बटालियन, पी०ए०सी०,
जिला बांदा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

15 मार्च, 1990 को लगभग 4.00 बजे अपराह्न में ग्राम हस्ताम, थाना बिसांडा के निवासी थांगानाई के घर में 7-8 डाकुओं की मौजूदगी की सूचना पाकर, श्री वी० एस० सिद्धू पुलिस अधीक्षक ने डा० तहसीलदार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक को डाकुओं का घेरा करने और उनका मुकाबला करने के लिए तत्काल उपलब्ध बल को इकट्ठा करने का निर्देश दिया। पूरा बल बिना समय गवांए खरहद चौकी पर लगभग 4.35 बजे अपराह्न पहुंच गया। पुलिस अधीक्षक ने तब मुखबिर और ग्रामवासियों से गैंग के ठिकाने के बारे में पूछताछ की जिन्होंने सूचित किया कि गैंग किसी केशव सिंह के घर में अपराध करने के इरादे से गांव के बाहर नाले की तरफ जा चुका है।

समूचे पुलिस बल को 5 दलों में बांट दिया गया जिसमें पहली टुकड़ी का नेतृत्व एस० पी०, दूसरी टुकड़ी का नेतृत्व डी०एस०पी० बांदा कर रहे थे और तीसरी टुकड़ी को पुलिस इन्सपैक्टर, कोतवाली के चार्ज में सौंपा गया था। इसी प्रकार चौथी व पांचवीं टुकड़ियां क्रमशः रिजर्व पुलिस के सब इन्सपैक्टर और प्लाटून कमांडर के चार्ज में रखी गईं। पुलिस कार्मिकों को मुठभेड़ की रणनीति और समूची योजना समझाने के बाद सभी टुकड़ियों को 6.30 बजे सांय तक अपनी-अपनी पोजीशन ले लेने और गैंग के आगमन की प्रतीक्षा करने को कहा गया। लगभग 7.00 बजे सायं 7—8 शस्त्रों से लैस डाकू पुलिस वर्दी में केशव सिंह के घर पहुंचे और दरवाजा खुलवाने के लिए आवाज लगाई।

कोई जवाब न पाकर एक डाकू ऊंची आवाज में चिल्लाया कि यह बुद्ध सैन का गैंग है और यदि दरवाजे नहीं खोले गए तो घर के अन्दर रह रहे लोगों को मारने के लिए घर को आग लगा दी जाएगी। इस पर एस० पी० बांदा श्री सिद्धू ने डाकुओं को चेतावनी दी कि उन्हें चारों तरफ से पुलिस ने घेर लिया है और उन्हें अपने हथियार डालकर समर्पण कर देना चाहिए। डाकुओं ने इसका जवाब पहली टुकड़ी पर अन्धाधुंध गोलीबारी से दिया और पुलिस को चेतावनी दी कि वे लौट जाएं अन्यथा वे मारे जाएंगे। गोलियों की यह बरसात एस० पी० को निशाना बनाकर की गई थी जो सौभाग्यवश बच गए। श्री सिद्धू ने तब सभी टुकड़ियों को सावधान किया और उन्हें निर्देश दिया कि डाकू पुलिस घेरे से बच न निकलें। डाकुओं को भी विभिन्न पार्टियों द्वारा अपने हथियार डाल देने की चेतावनी दी गई। डाकुओं ने अपने आपको पूरी तरह पुलिस से घिरा हुआ पाकर अपने आपको छोटे-छोटे गुटों में बांट लिया और अंधाधुन्ध गोलीबारी शुरू कर दी। डाकुओं की भीषण गोलीबारी देखकर एस० पी० ने और पुलिस दल भेजने का संदेश भेजा। डाकुओं ने एस० पी० की आवाज सुनकर फिर उन पर फायरिंग की लेकिन वे चमत्कारी ढंग से बच निकले और उन्होंने जवाब में गोली चलाई। पुलिस उपाधीक्षक डा० सिंह और एक सब-इन्सपैक्टर ने भी डाकुओं पर भारी गोलीबारी की और बाकी की टुकड़ियां भी गोलीबारी में शामिल हो गईं। जबकि दोनों ओर से गोलीबारी जारी थी, 43वीं बटालियन पी०ए०सी० के कांस्टेबल जयराम सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना बेहतर पोजीशन लेने की कोशिश की और डाकुओं पर गोलियां चलाईं जिसका जवाब डाकुओं ने टुकड़ी सं० 5 पर गोलीबारी से दिया। इस बीच प्लाटून कमांडर ने एस० पी० को चिल्लाकर बताया कि कांस्टेबल जयराम सिंह को गोली लग गई है, चूंकि एस० पी० गोलीबारी में लगे हुए थे, उन्होंने प्लाटून कमांडर को निर्देश दिया कि घायल कांस्टेबल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जाए। उन्होंने लाउडहिलेर पर सभी पुलिस बलों को भी अपनी स्वयं की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए डाकुओं पर दबाव बढ़ाने का निर्देश दिया। डाकू अब दबाव में आ गए थे और उनकी फायरिंग तेज हो गई।

अब तक 43वीं बटालियन पी०ए०सी० के कांस्टेबल सदा शिव यादव ने कांस्टेबल जयराम सिंह के स्थान पर पोजीशन ले ली थी। डाकुओं ने पुलिस पार्टी नं० 1 की तरफ बढ़ना शुरू किया और पुलिस द्वारा गोली चलाने के परिणामस्वरूप एक डाकू गिर पड़ा। पुलिस अधीक्षक और उनकी टुकड़ी पर आसन्न खतरे को भांपते हुए पुलिस उपाधीक्षक ने तुरन्त दरवाजा खोल दिया और गोलीबारी शुरू कर दी। और गोलियों के आदान-प्रदान में एक डाकू को गोली लगी और वह गिर पड़ा। बाद में डाकुओं की ताजा स्थिति जानने के लिए गोलीबारी रोक दी गई। अचानक डाकुओं ने पुलिस उपाधीक्षक पर गोली चला दी, लेकिन अपने भाग्य से वह बच गए। इस बीच एस० पी० और एक पुलिस सब-इन्सपैक्टर केशव सिंह के घर की छत से पूर्वी किनारे की तरफ रेंगते हुए गए और एस० पी० ने रोशनी के लिये बी०एल०पी० फायर का आदेश दिया। डाकुओं ने दक्षिण-पूर्वी दिशा में भागने की कोशिश की लेकिन कांस्टेबल सदा शिव यादव ने उन्हें भागने से रोकने के लिए डाकुओं पर गोली चलाई जिसके दौरान उन्हें गोली लगी और वे नीचे गिर पड़े। इस बीच 33वीं बटालियन पी०ए०सी० के एक हवलदार ने अपने को खतरे में डालकर एक डाकू पर गोली चलाई जो उनके निकट से भारी गोलीबारी कर रहा था और उन्होंने उसे मार गिराया। गिरते हुए वह हवलदार पर गोली चलाने में भी सफल हो गया। अब तक एस० पी० और डिप्टी एस० पी० पार्टी नं० 5 के पास दक्षिणी निकास तक पहुंच चुके थे जहां उन्हें फिर डाकुओं की गोलियों की झड़ी का सामना करना पड़ा। हवलदार श्याम सिंह और कांस्टेबल सदा शिव यादव, जो मुठभेड़ के दौरान गोलियों से घायल हुए थे, को तुरन्त जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया।

इस बीच, घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बल पहुंच गई जिसे गांव के चारों ओर तैनात कर दिया गया और यह निर्णय लिया गया कि गांव की गहन तलाशी प्रातः की जाएगी गांव में डाकुओं की तलाशी पर यह पता चला कि बाकी डाकुओं ने भागते हुए एक ग्रामवासी सदाशिव सिंह को मार डाला है। यह भी पता चला कि मुठभेड़ में तीन डाकू मारे गये जिनकी बाद में राजा सिंह, अच्छे लाल नाई और छोटे लाल साहू के रूप में पहचान की गई। दो अमेरिकन राइफल केलिबर 30.06 स्प्रिंग फील्ड तथा बड़ी मात्रा में बिना चले कारतूस और खाली खोल और 1 डी० बी० बी० एल० 12 बोर गन बगैर चले कारतूस/खाली खोल उनके कब्जे से बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री श्याम सिंह, हैड कांस्टेबल, श्री जय राम सिंह, कांस्टेबल और श्री सदा शिव यादव, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट बीरता, साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत बीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15 मार्च, 1990 से दिया जायेगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 63-प्रेज/92—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री हरीश चन्द्र सिंह,
पुलिस अधीक्षक,
जिला खेड़ी।

श्री चण्डी प्रसाद थपलियाल,
पुलिस उपाधीक्षक,
जिला खेड़ी।

श्री लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी,
पुलिस निरीक्षक,
जिला खेड़ी।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 14 दिसम्बर, 1990 को खेड़ी के पुलिस अधीक्षक को भारतीय स्टेट बैंक की मोहम्मदी शाखा में बैंक डकैती के बारे में सूचना मिली। तुरन्त ही श्री सिंह, सी० ओ० गोला, श्री सी० पी० थपलियाल के साथ गश्ती कार में उस स्थान की ओर चल पड़े और इसी दौरान सभी थानों व चैक पोस्टों को चौकन्ना कर दिया गया जबकि निकटवर्ती थानों के एस० ओ० तथा एस० एच० ओ० को मोहम्मदी पहुंचने की हिदायतें दी गईं। स्थल पर पहुंच कर श्री सिंह ने देखा कि सिख आतंकवादी पुलिस दल पर बेरहमी से ए० के० 56 एसाल्ट राइफलों से गोलियां बरसा रहे हैं और गन्ने के खेतों की ओर निकल गए। जब श्री सिंह ने पुलिस दल का नेतृत्व संभाला और पुलिस दल को तीन ग्रुपों में बांट दिया। पहला दल मोहम्मदी के निरीक्षक, श्री चतुर्वेदी, दूसरा दल सी० ओ० गोला श्री थपलियाल तथा तीसरा दल स्वयं के नेतृत्व में। आतंकवादियों ने काफी सुरक्षित रूप से मोर्चा ले रखा था और अन्धाधुन्ध गोलियां चला रहे थे। अविचलित श्री सिंह ने उन्हें हथियार डालने की चुनौती दी परन्तु उसका जवाब गोलियों की बौछार से मिला। पुलिस दल ने जवाब में गोलियां चलाईं परन्तु ए० के० 56 से उनकी कोई तुलना नहीं थी। इसी दौरान और अधिक पुलिस के पहुंच जाने पर भी श्री सिंह ने आतंकवादियों को बाहर खींचने के लिए गन्ने के खेतों में आग लगा दी परन्तु अत्याधिक सीलन के कारण यह बेकार साबित हुआ। श्री सिंह ने उत्साह एवं सूझबूझ को खोये बिना दो अन्तिम घाती दल बनाये, एक का नेतृत्व उन्होंने श्री चतुर्वेदी के साथ स्वयं संभाला और दूसरे दल का श्री थपलियाल ने। दोनों तिरछा होकर विपरीत दिशा की ओर बढ़े। श्री सिंह व श्री चतुर्वेदी के नेतृत्व वाले दल को एक ए० के० 56 एसाल्ट राइफल को उड़ाने में सफलता मिली परन्तु आतंकवादियों द्वारा हथगोलों व गोलियों की बौछारों के कारण आगे बढ़ना कठिन हो गया। श्री थपलियाल के नेतृत्व वाले दल ने निरन्तर गोलीबारी करके आतंकवादियों को दबाव में बनाए रखा और पहले दल के हमले से उनका ध्यान हटाए रखा। आतंकवादियों ने गोलीबारी जारी रखी और दो हथगोले भी दागे जिससे पुलिस कार्मिकों को चोटें आईं। चूंकि अंधेरा हो रहा था इसलिए श्री सिंह, श्री चतुर्वेदी तथा श्री थपलियाल ने पुलिस दल का मनोबल बनाए रखा तथा गोलीबारी जारी रखी जबकि सभी खाली स्थानों को बन्द कर दिया गया और सभी पुलिस दलों के कार्य को ठहर-ठहर कर आंकते रहे।

प्रातःकाल अर्थात 15-12-90 को जब दूसरी ओर से कोई गोलीबारी नहीं हो रही थी श्री सिंह ने श्री चतुर्वेदी व श्री थपलियाल के साथ-साथ खेत में प्रवेश किया और तलाशी के बाद दो आतंकवादी मृत पाये गये और प्राथमिक पूछताछ से पता चला कि खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के स्वयं-भू ले० जनरल अवतार सिंह तथा भाई रेशम सिंह गुट के हैं। दो ए० के० एसाल्ट राइफलें, सात मैगजीन, दो सक्रिय हथगोले, क्लीनिंग रॉड व मेटिरियल, गोला बारूद का थैला और काफी सक्रिय व निष्क्रिय गोलियां बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ में श्री हरीश चन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, श्री चण्डी प्रसाद थपलियाल, पुलिस उप-अधीक्षक तथा श्री लक्ष्मीनारायण चतुर्वेदी पुलिस निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 दिसम्बर, 1990 से दिया जायेगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 64-प्रेज/92—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं।

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राम प्रकाश सिंह पुंडीर,
पुलिस सब इंस्पैक्टर,
सिविल पुलिस,
जिला—मेरठ

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

श्रीराम प्रकाश सिंह पुंडीर, स्टेशन आफिसर खरखोदा को दिनांक 19 जनवरी, 1990 को सुबह लगभग 8.00 बजे

सूचना मिली कि सुनिल पुत्र श्री डालचन्द निवासी नानपुर नाम के एक लड़के का अपहरण हो गया है और अपहरण-कर्ताओं ने उसे छोड़ने के लिए 3 लाख रुपये की फिरौती की मांग की है तथा फिरौती के लिए गांव जूनागढ़ के गन्ने के खेतों का स्थान तय किया गया है। श्री पुंडीर ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और स्वयं उस स्थान के लिए चल पड़े जहां फिरौती का भुगतान होना था। इसी बीच एस० पी०, आर० ए० और सी० ओ० इन्चौली के नेतृत्व में पुलिस बल उस स्थान पर पहुंच गया। बल के जवानों को सारा मामला विस्तारपूर्वक बता दिया गया और उन्हें तीन पार्टियों में बांट दिया गया तथा उन्होंने बताई गई जगहों पर पोजिशन ले ली। दोपहर के लगभग 12.00 बजे, श्री पुंडीर के निर्देशानुसार अपहृत व्यक्ति के पिता श्री डालचन्द चिल्ला कर बोले, "मैं अपने वायदे के अनुसार तीस लाख रुपये लेकर आ गया हूं मेरे लड़के सुनील को ले आओ, रकम ले लो और मेरे बेटे को छोड़ दो"। यह सुनकर अपराधियों में से एक ने गन्ने के खेतों से बाहर झांककर देखा परंतु पुलिस पार्टी को देखकर शीघ्र ही वापिस खेतों में चला गया। खेतों में अपराधियों की उपस्थिति की पुष्टि होने पर, श्री पुंडीर ने तत्काल उन्हें आत्म-समर्पण के लिए ललकारा परंतु अपराधियों ने इसका जवाब पुलिस पार्टी भारी गोलीबारी से दिया। श्री पुंडीर और उनकी पार्टी के लोग भारी गोलीबारी का सामना करते हुए अपराधियों की तरफ रेंगने लगे और अपनी जान को भारी जोखिम में डाल दिया, जिस प्रक्रिया में श्री पुंडीर की टांग में चोट आ गई। चोटों के बावजूद वह आगे बढ़ते गए और अपराधियों को जिनकी संख्या लगभग 9–10 थी पीछे हटने को मजबूर कर दिया। अपराधी अपने साथ अपहृत सुनील, जोकि अपने प्राणों के लिए चिल्ला रहा था, को भी अपने सुरक्षित बचने के प्रयास में गांव जाहिदपुर की शमशान भूमि की ओर खदेड़ ले गए। श्री पुंडीर, जिनपर अब गोलीबारी को सीमित करने का दबाव था क्योंकि वह अपहृत व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुचाना चाहते थे, ने अपराधियों को गिरफ्तार करने और लड़के को सुरक्षित छुड़ाने का निर्णय लिया। श्री पुंडीर और उनकी पार्टी ने लड़के को सुरक्षित छुड़ाने का दृढ़ निश्चय करके और अपने जीवन को भी जोखिम में डालते हुए, लड़के को लेकर भागते हुए अराधियों का पीछा किया। तेजी से पीछा करने के दबाव श्री पुंडीर अपराधियों को घेरने और बिना नुकसान पहुचाए लड़के सहित दो अपराधियों को पकड़ने में सफल रहे, जबकि बाकी अपराधी दूसरी दिशाओं में गन्ने के गहरे खेतों में भागकर बच निकले। शस्त्र एवं गोलाबारूद के साथ पकड़े गए अपराधियों की पहचान शौकत उर्फ बिल्लू और फजल के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में श्री राम प्रकाश सिंह पुंडीर, पुलिस सब-इंस्पैक्टर ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 जनवरी, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 65–प्रेज/92—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री विकास तुकाराम गायकवाड़,
पुलिस निरीक्षक,
बृहत मुम्बई।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 27 जुलाई, 1990 को थाना डा० डी० बी० मार्ग में 2.45 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद फिएट कार में घातक हथियारों से लैस छह अपराधी, कामा बाग, खेतवाड़ी में डाका मारने की नियत से आए हैं। परन्तु एक पुलिस बल उस स्थान के लिए चल दिया।

खेतवाड़ी पहुंचने पर उन्होंने कार को कामा बाग परिसर की दीवार के साथ खड़े देखा। वास्तविकता की पुष्टि करने के उपरान्त, एक जाल बिछाया गया। निरीक्षक बी० टी० गायकवाड़ और एक उप-निरीक्षक, दो पुलिस कार्मिकों सहित कार के आस-पास चक्कर लगाते रहे। अन्य पुलिस कार्मिकों ने पास की गली में मोर्चा संभाला और उस क्षेत्र को घेर लिया।

कुछ समय बाद चार व्यक्ति कार के नजदीक आए, उनमें से एक कार चालक के बैठने के स्थान के दरवाजे की ओर गया तथा अन्य दो अपराधी दरवाजा खोलने और उसमें बैठने की प्रतीक्षा करने लगे। इस बीच उनके दो अन्य साथी भी वहां आ पहुंचे। वहां से उनके भाग निकलने की इच्छा को भांपते हुए श्री गायकवाड़ जल्दी से चालक द्वार की ओर गए उनमें से एक को दबोचने का प्रयास किया, जबकि अन्य साथियों ने कार को घेर लिया। खतरे का आभास करते ही, उनमें से एक अपराधी ने "राजू-भागो" बोल कर शोर मचाया। राजू मुड़ गया और अन्य दो साथियों सहित भाग गया।

अपराधी अन्नाबू मर्दायगा ने जब स्वयं को फंसा हुआ पाया तो उसने श्री गायकवाड़ की ओर अपना रिवाल्वर तान दिया और धमकी देते हुए कहा कि उसे वहां से जाने दिया जाए। परन्तु श्री गायकवाड़ पीछे नहीं हटे और अपराधी

को पकड़ने के लिए आगे बढ़े । अपराधी ने गोली चला दी परन्तु श्री गायकवाड़ नीचे झुक गए और गोली तेजी से ऊपर से निकल गई। बिजली की गति की भांति फूर्ति से श्री गायकवाड़ आगे झुके और इससे पहले कि वह दोबारा गोली चला पाता उन्होंने अपराधी को पकड़ लिया । जब अन्य अपराधियों ने पाया कि उसका साथी बेसहारा हो चुका है तो उन्होंने कार की दूसरी ओर से श्री गायकवाड़ पर रिवाल्वर से निशाना तान लिया । इससे पहले कि वह गोली चला पाता, अन्य पुलिस कार्मिकों ने उसे दबोच लिया इस प्रकार दोनों अभियुक्तों को रिवाल्वर सहित गिरफ्तार कर लिया गया । इस बीच तीसरा अभियुक्त भी पकड़ा गया । परन्तु शेष तीन अभियुक्त बच कर भाग निकले ।

तलाशी लेने पर, दो देशी पिस्तोल, एक चाकू, तीन फरसे तथा आठ खाली/बिना प्रयोग हुए कारतूस सहित, अपराधियों से एक कार बरामद हुई । अपराधी लूटपाट के कई मामलों, डकैतियों, चैन छीनने, तथा हत्या के प्रयास आदि के कई मामलों में संलग्न पाए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री विकास तुकाराम गायकवाड़, पुलिस निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 जुलाई, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं० 66-प्रेज/92—राष्ट्रपति, आर० पी० एस० एफ० के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री साम्बू लिंगप्पा,
कांस्टेबल,
5वीं बटालियन,
आर० पी० एस० एफ०,
तिरुचिरापल्ली ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 29 अक्तूबर, 1990 को आर० पी० एस० एफ० की 5वीं बटालियन की "डी" कम्पनी के श्री साम्बू लिंगप्पा, स्थानीय पुलिस तथा आर० पी० एफ० एस० के अन्य कार्मिकों सहित, राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद से सम्बन्धित आन्दोलनों के दौरान लखनऊ में थाना अमीनाबाद के अधीन मौलवीगंज मस्जिद वाले सबसे संवेदनशील क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात थे। लगभग 12.00 बजे एक विशिष्ट समुदाय के करीब 1000 व्यक्ति विभिन्न प्रकार के नारे लगाते हुए मस्जिद की ओर बढ़ने लगे उन्हें देखकर दूसरे समुदाय के लोग भी विरोध में नारे लगाने लगे, जिसके परिणाम स्वरूप वहां तनाव उत्पन्न हो गया और अंत में वहां दोनों ओर से पथराव तथा ईंटें इत्यादि फैंकने आरम्भ हो गये । जिस समय दोनों ओर से पथराव हो रहा था तो उस समय कांस्टेबल साम्बू लिंगप्पा ने विजित आनन्द नामक एक 13 वर्षीय लड़के को एक विशिष्ट समुदाय के व्यक्तियों द्वारा गली में घसीट कर ले जाते हुए देखा और गंडासे से वार करते हुए देखा, जिस कारण लड़के से बहुत अधिक रक्त बह रहा था । अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालते हुए कांस्टेबल साम्बू लिंगप्पा उस लड़के की ओर तेजी से गए और कुछ संघर्ष के बाद वे उस लड़के को उस उग्र भीड़ की चुंगल से छुड़ाने में सफल हो गए । इस प्रक्रिया में कांस्टेबल लिंगप्पा की छाती में दाईं ओर काफी चोट लग गई परन्तु अपने गहरे घावों की परवाह किये बिना वे लड़के को एक सुरक्षित स्थान पर ले आए और बेहोश हो गए । इस प्रकार उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डाल मासूम लड़के की जान बचाई ।

इस मुठभेड़ में श्री साम्बू लिंगप्पा, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिखाया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं०-67-प्रेज/92—राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री टी० वरहाला राजू,
पुलिस उप निरीक्षक,
थाना करीमनगर 11 शहर

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

करीमनगर शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस उप निरीक्षक श्री टी० वरहला राजू, अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ भूमिगत उग्रवादियों को पकड़ने के लिए विशेष ड्यूटी पर थे। दिनांक 10 मई, 1988 को लगभग 9.00 बजे अपराह्न उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि उग्रवादी डग्गू रायलिंगू और उसका दल वारंगल शहर में एक मकान में शरण लिए हुए हैं और एक अन्य जघन्य अपराध करने की योजना बना रहे हैं । श्री टी० वरहला राजू ने वारंगल जिला पुलिस की सहायता मांगी । स्थानीय पुलिस के साथ श्री राजू छिपने के स्थान की ओर रवाना हुए । जहां पहुंचने पर, श्री राजू ने पुलिस बल को चार ग्रुपों में विभाजित किया। श्री राजू, एक हैड कांस्टेबल के साथ, मकान के पिछवाड़े में कूदे। श्री राजू ने एक व्यक्ति को, जो चारपाई में सोया हुआ था, जगाया और उसे अपनी पहचान बताने के लिए और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। उस व्यक्ति ने श्री राजू का हाथ पकड़ लिया और वह पुलिस-पुलिस चिल्लाया। शोरगुल सुनकर दो औरतें घर से बाहर पहुंची और श्री राजू और दूसरे कांस्टेबल के साथ भिड़ गई और उनके हथियार छीनने की कोशिश की। इसी बीच उग्रवादी डग्गू रालिंगू बाहर आया और उसने श्री राजू पर गोली चलायी और उसकी दाहिनी टांग जख्मी कर दी। लेकिन जख्मी होने के बावजूद श्री राजू ने उग्रवादी की गोली का जवाब गोली से दिया श्री राजू को मारने के प्रयास में, उग्रवादी डग्गू रालिंगू ने अंधाधुंध गोलीबारी की और अपने विश्वासपात्र साथी श्री संतोष रेड्डी को मार डाला जब संतोष रेड्डी गोली लगने से जख्मी हो गए और वे जमीन पर गिर पड़े तो श्री राजू ने मरते हुए आदमी की आड़ ली और डग्गू रालिंगू पर गोली चलाई और उसे घटना स्थल पर ही मार दिया। दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी में दोनों महिलाएं भी गोली लगने से जख्मी हो गई। तलाशी के दौरान एक स्मिथ और वेसन 455 रिवाल्वर, गोला बारूद के साथ एस० एल० आर० और 31,000 रु० नकद बरामद किए गए। उग्रवादी डग्गू रालिंगू 17 अपराधिक मामलों में अर्न्तग्रस्त था।

इस मुठभेड़ में श्री टी० वरहाला राजू, पुलिस उप निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 मई, 1988 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं० 68-प्रैज/92—राष्ट्रपति, मध्यप्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री छेदीलाल दुबे (मरणोपरान्त)
हैड कांस्टैबल,
पहली बटालियन,
एस० ए० एफ०,
इंदौर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

इंदौर का बंबई बाजार जुआ, वैश्यवृति, चोरी छिपे शराब बेचने, स्मैक तथा अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री जैसी सभी प्रकार की अपराधिक गतिविधियों के लिए बदनाम हो गया है। हाल के वर्षों में करामत पहलवान के अपराधिक साम्राज्य पर उनके लड़कों अर्थात बाला बेग, अख्तर बेग, जफर बेग, सरवर बेग तथा बाबू बेग ने अधिकार कर लिया है। ये सभी नामी अपराधी हैं। इंदौर में सभी साम्प्रदायिक दंगें इसी क्षेत्र से शुरू होते हैं।

10 फरवरी, 1991 को जब बंबई बाजार चौकी के हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह ने जफर बेग के खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश की तो जफर बेग ने हैड कांस्टेबल पर हमला किया। सूचना मिलने पर, एस० एच० ओ० पुलिस स्टेशन पांडरीनाथ ने जफर बेग को गिरफ्तार कर लिया लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में गुस्से की लहर दौड़ गई तथा अख्तर बेग ने 100, 150 व्यक्तियों को इकट्ठा किया और बंबई बाजार चौकी पर आक्रमण कर दिया। भीड़ ने एक सब इंस्पेक्टर तथा कांस्टेबल की पिटाई कर दी, फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया और पुलिस चौकी को लूट लिया उन्होंने पुलिस कर्मियों की एक मोटर साइकिल तथा दो साइकिलों को आग लगा दी, टेलीफोन के तार काट दिए और उपकरण (यंत्र) ले गए और मुख्य जवाहर मार्ग रोक दिया इस साम्प्रदायिक संवेदनशील क्षेत्र में गड़बड़ी की खबर सुनकर पुलिस अधीक्षक अपने गनमैन कांस्टेबल सी० एम० दुबे के साथ घटनास्थल की ओर दौड़े तथा धुंआं और आग देखी और लोगों को अत्यधिक आतंक में विभिन्न दिशाओं में भागते हुए देखा अश्रुगैस तथा लाठी चार्ज का सहारा लिया गया लेकिन भीड़ ने पत्थर बाजी की और पुलिस दल पर घर में बने बम फैंके।

पुलिस अधीक्षक और हेड कांस्टेबल ने, अपनी जान की गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए सभी ओर से भारी

अस्त्र शस्त्र का सामना किया। कभी-कभी पुलिस कर्मियों, जिनकी संख्या बहुत कम थी, तथा गुंडों की बढ़ती हुई भीड़ के बीच आमने-सामने हाथापाई हुई। बाला बेग के घर के सामने बहुत अधिक पत्थर बाजी हुई और बाला बेग ने जो अपने तीन मंजिल मकान में सबसे ऊपर खड़े हुए थे, पुलिस अधीक्षक को मारने के उद्देश्य से भारी घिसाई पत्थर फेंका लेकिन श्री दूबे ने, जो पुलिस अधीक्षक का छाया की तरह पीछा कर रहे थे तथा अत्याधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में उन्हें संरक्षण प्रदान कर रहे थे, फेंके जाने वाले पत्थर को देख लिया, वह उस पत्थर (मिसाइल) तथा पुलिस अधीक्षक के बीच में आ गए। यह पत्थर श्री दूबे को सिर पर लगा। वह इस भारी पत्थर के आघात से लड़खड़ा कर गिर पड़े तथा उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई लेकिन ने पुलिस अधीक्षक के जीवन को बचाने के अपने उद्देश्य में सफल हो गए। बाद में, उन तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिन्होंने अनेक जघन्य अपराध किये थे।

इस घटना में श्री छेदीलाल दुबे हेंड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं० 69-प्रेज/92—राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री डी० कृष्णे अर्स,
पुलिस उप-निरीक्षक,
वन चल दस्ता (फोरेस्ट मोबाइल स्क्वाड),
मैसूर, कर्नाटक।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 9 अप्रैल, 1990 को लगभग 1.00 बजे अपराह्न, श्री डी० कृष्णे अर्स सहित इस पुलिस अधिकारी वीराप्पन नामक एक खूंखार अपराधी और उसके गिरोह जो लगभग 20 हत्या के मामले में अन्तर्ग्रस्त थे, की उपस्थिति संबंधी सूचना के प्रमाणीकरण के लिए होंगेकल की ओर गए। होंगेकल गोपीनाथन सड़क पर वापस जाते हुए उन्होंने सड़क को शिलाखण्डों से अवरुद्ध पाया। जिस जीप में पुलिस कार्मिक जा रहे थे, उस पर अचानक गोलियों की बौछार हुई, जिसके परिणामस्वरूप 4 पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर ही वीर गति को प्राप्त हो गए। जीप में एक दम बायीं ओर बैठे हुए श्री अर्स तुरन्त जीप से नीचे उतरे और उन्होंने 9 एम० एम० पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दी। जब उनकी मैगजीन खाली हो गई तो उन्होंने एक कास्टेबल से जिसे चोट लग गई थी .303 राइफल छीन ली और गोलियां चलानी शुरू कर दीं। वह दूसरी बार गोली चलाने ही वाले थे कि इस कार्रवाई के दौरान एक गोली उनके बाएं हाथ में लगी। यह महसूस करते हुए कि जीप में बैठे सभी व्यक्तियों को गोलियां लग गई, वे जीप को विपरीत दिशा में ले गए और होंगेकल की ओर चल दिए। तमिलनाडु पुलिस की सहायता से उन्होंने पांच घायल व्यक्तियों को धर्मपुरी अस्पताल पहुंचाया। श्री डी० कृष्णे अर्स के इस कार्य से उनके कुछ साथियों की जानें बच गई।

इस मुठभेड़ में श्री डी० कृष्ण अर्स पुलिस उप-निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 अप्रैल, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई 1992

सं० 70-प्रेज/92—राष्ट्रपति, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एस० डी० प्रधान,
उप-निरीक्षक (रेडियो ओपरेटर),
IV बटालियन,
भारत तिब्बत सीमा पुलिस,
पहिडांडा, उत्तर काशी,
उत्तर प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

7 जून, 1991 को लगभग 18.00 बजे "बारागुडी गाड" में अचानक उम्मीद से अधिक पानी भर गया और एस० पी० एफ० शिविर के बचाव के लिए बनाये गए सभी अवरोध

बाढ़ के पानी में बह गए। नदी ने अपना मार्ग भारत तिब्बत सीमा पुलिस शिविर की ओर बदल दिया। अपने आदमियों और सरकारी स्टोर के लिए उत्पन्न खतरे को देखते हुए श्री प्रधान नदी के बदले हुए बहाव में कूद पड़े और आदमियों और सामान को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के कार्य में जुट गए।

9 जून, 1991 को लगभग 2200 बजे, नदी में पानी फिर बढ़ने लगा और लगभग 200 बैरल, उनमें से कुछ मिट्टी के तेल के बह गए। श्री प्रधान जवानों के साथ उस भयंकर नदी में कूद पड़े, और लगभग 100 बैरलों को बचाने में कामयाब हो गए। 16 जून, 1991 की शाम को नदी में पानी पुनः भयंकर रूप में बढ़ने लगा और नदी में पहले आई बाढ़ के मुकाबले यह बाढ़ अत्याधिक भयंकर हो गई और इसका पानी जवानों के मैस और सोलार हट के साथ-साथ बहने लगा। अत्याधिक ठंडे पानी की तेज धारा/अंधेरी रात के बावजूद उप निरीक्षक चार जवानों के साथ, नदी में कूद पड़े और डेढ़ घंटे के बाद वे अवरोधकों को तोड़कर नदी के बहाव को दूसरी दिशा की ओर मोड़ने में सफल हो गए। इस प्रकार से उन्होंने सोलार हट और पूरे शिविर को बचाया।

इस मुठभेड़ में श्री एस० डी० प्रधान, उप निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7 जून 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 71-प्रेज/92—राष्ट्रपति एन० एस० जी० के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री आजाद वीर सिंह,
रेंजर-II,
13 एस०आर० जी०,
एन० एस० जी०।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

9-10 जुलाई, 1990 की मध्यवर्ती रात्रि को श्री एच० एल० यादव, टीम कमान्डर के नेतृत्व में घात लगाने वाले एक दल को, (जिसमें एक सहायक कमान्डर तथा श्री आजाद वीर सिंह रेंजर-II सहित, 15 रेंजर थे) जिला तरन-तारन, थाना बालतोहा, गांव कोतली वासवा सिंह के बाहर घात लगाने के लिए तैनात किया गया, ताकि उस क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को पकड़ा जा सके। लगभग 2100 बजे दल ने गांव कोतली वासवासिंह से गांव बहादुर नगर को जा रहे मार्ग पर निगरानी रखने के लिए एक नहर के पास मोर्चा संभाला और उस मार्ग पर नजर रखी।

लगभग 0115 बजे उन्हें नहर के साथ की झाड़ियों के पीछे से अचानक निकलता हुआ एक नागरिक दिखाई दिया, जो घात दल के बहुत नजदीक था। जब घात दल ने उसे ललकारा तो वह चिल्लाया और इस आतंकवादियों के एक ग्रुप ने करीब 50 गज की दूरी से स्वचालित हथियारों से घातदल पर अचानक गोलियां चलाई। श्री आजाद वीर सिंह को, जो एल० एम०जी० चला रहे थे, उनके दाएं कन्धे पर गोलियां लगी। गोलियों से घायल होने तथा अत्यधिक रक्त बहने के बावजूद उन्होंने पूरा घूमकर अपने दाएं हाथ से आतंकवादियों पर गोली शुरू कर दीं उनके द्वारा समय पर जवाब में प्रभावकारी गोलीबारी किए जाने के फलस्वरूप आतंकवादियों को पीछे हटने के लिए बाध्य होना पड़ा इस प्रकार उन्होंने घात-दल को और अधिक हताहत होने से बचाया। कंधे के पास उनके दाएं हाथ पर कई जगह फ्रैक्चर हो गए थे और उनकी जान बचाने के लिए बाद में उनके दाएं हाथ को काटना पड़ा।

इस मुठभेड़ में श्री आजाद वीर सिंह, रेंजर-II ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 जुलाई, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 72-प्रेज/92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री कमलजीत सिंह,
पुलिस इंस्पैक्टर,
पुलिस स्टेशन बंगा,
जालन्धर

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 6 मई, 1991 को इंस्पैक्टर कमलजीत सिंह, एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन बंगा को यह सूचना

मिली कि आतंकवादियों के एक दल ने नवां शहर स्थित कापरेटिव सोसायटी बैंक की कैश वैन पर हमला कर दिया जिसमें चार व्यक्ति मारे गए व चार व्यक्ति घायल हो गए और लगभग 5,53,500/– रु० की राशि गाड़ी से लूट ली गई। अपराध करने के पश्चात वे लाल मारूति गाड़ी में गुज्जरौर लिंक रोड़ की तरफ भाग गये।

श्री कमलजीत सिंह तत्काल अपने 5-6 बन्दूकधारियों के साथ भागते हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ऊंचालधाना गांव की तरफ बढ़े। जब वे लाल मारूति गाड़ी को ढूंढ रहे थे तो मार्ग में उन्हें सूचना मिली कि आतंकवादियों ने गाड़ी (वैन) छोड़ दी थी और वे ट्रक छीनकर नौरा-भौरा गांव की ओर भागे। पुलिस दल पहल गेलान की ओर मुड़ गया। मार्ग में उन्हें प्रतिकूल दिशा से ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। श्री कमलजीत ने शीघ्र ही स्थिति का जायजा लेते हुए अपने दल के कार्मिकों को अपना स्थान ग्रहण करने का आदेश दिया। जैसे ही ट्रक समीप आया, श्री कमलजीत सिंह ने उन्हें रुकने का इशारा किया किन्तु आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। श्री कमलजीत सिंह ने अपने बाएं ओर से घूमकर जिप्सी के पीछे से मोर्चा संभाला। पुलिस दल ने अपने मोर्चे से गोलीबारी की। आतंकवादियों ने भी अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलियां चलाई।

श्री कमलजीत ने रेंग कर उबड़ खाबड़ जमीन के पीछे की ओर से मोर्चा सम्भाला और अपनी ए० के० 47 राइफल से आतंकवादियों पर गोली चलाई। यह देख कर आतंकवादियों ने कमलजीत सिंह पर एक हथगोला फैंका जिसके फट जाने से उसका एक टुकड़ा उनके बांए हाथ में जा लगा और उसमें से खून बहने लगा। घायल होने के बावजूद भी उन्होंने आतंकवादियों को व्यस्त रखा। गोला फेंकने के बाद आतंकवादी ट्रक से कूदकर पुलिस दल पर फायरिंग करते हुए अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे।

श्री कमलजीत ने भागते हुए आतंकवादियों पर सही निशाना दागा, जो उनकी ओर ही कूदे थे। उन्होंने ट्रक पर भी गोली चलाई और उनमें से एक आतंकवादी को मार डाला जो पुलिस दल पर गोली चला रहा था। दल के अन्य सदस्यों ने भी आतंकवादियों पर गोली चलाई जो प्रतिकूल दिशा में भाग रहे थे। यह मुठभेड़ लगभग 45 मिनट तक जारी रही। तत्पश्चात आतंकवादियों की ओर से फायरिंग बन्द हो गई। तलाशी लेने पर ट्रक की अगली सीट पर एक आतंकवादी मृत पाया गया जबकि तीन आतंकवादी भागते हुए खेत में मारे गए। घायल आतंकवादियों को शीघ्र ही अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उन्होंने दम तोड़ दिया।

[illegible] की जा रही थी, उसी दौरान श्री कमलजीत सिंह ने पहल गैलन गांव की ओर से गोली की आवाज सुनी। वह शीघ्र ही उस ओर बढ़ गए और वहां पहुंचने पर उन्होंने पुलिस उप-अधीक्षक, नवां शहर की जिप्सी में एक कांस्टेबल को मृत पाया वह एक हैड कांस्टेबल, एक कांस्टेबल और डी०एस०पी० श्री लोक नाथ को घायल पाया। घायल होने के बावजूद भी श्री लोक नाथ ने घायल कांस्टेबल को एस० एल० आर० लेकर आतंकवादियों का पीछा किया जो अपने स्कूटर छोड़कर खेतों में भागने लगे थे। श्री लोक नाथ ने भागते हुए आतंकवादियों पर सही निशाना दागा जो गोलीबारी करते हुए छिपकर भाग रहे थे।

श्री लोक नाथ एक आतंकवादी को मारने में सफल हो गए। दूसरा आतंकवादी एक अन्य पुलिस कार्मिकों द्वारा मारा गया तथा तीसरा आतंकवादी मोराबाली की ओर भाग गया। एक सुनियोजित कार्रवाई के फलस्वरूप 8 आतंकवादियों का डकैती होने के दो घंटों के भीतर ही सफाया कर दिया गया। तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से 4 ए० के०-47 राइफल, एक स्टेनगन, दो 7.62 एस०एम० राइफल्स, एक .30 बोर पिस्तौल, लूटा हुआ सारा धन, एक मारूति वैन और दो ट्रक बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में पुलिस इंस्पैक्टर श्री कमलजीत सिंह, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस व उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 मई, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 73–प्रज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री लोक नाथ,
पुलिस उप-अधीक्षक,
सब डिवीजनल नवां शहर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 6 मई, 1991 को इंस्पेक्टर कमलजीत सिंह, एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन बंगा को यह सूचना मिली कि आतंकवादियों के एक दल ने नवां शहर स्थित कापरेटिव सोसाइयटी बैंक की कैश वैन पर हमला कर दिया जिसमें चार व्यक्ति मारे गए व चार व्यक्ति घायल हो गए और लगभग 5,53,500/—रु० की राशि गाड़ी से लूट ली गई।

अपराध करने के पश्चात वे लाल मारुती गाड़ी में गज्जरोर लिंक रोड की तरफ भाग गए ।

श्री कमलजीत सिंह तत्काल अपने 5-6 बन्दूकधारियों के साथ भागते हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ऊंचाल-धाना गांव की तरफ बढ़े । जब वे लाल मारुति गाड़ी को ढूंढ रहे थे तो मार्ग में उन्हें सूचना मिली कि आतंकवादियों ने गाड़ी (वैन) छोड़ दी थी और वे ट्रक छीनकर नौरा-भौरा गांव की ओर भागे । पुलिस दल पहले गैलान की ओर मुड़ गया । मार्ग में उन्हें प्रतिकूल दिशा से ट्रक आता हुआ दिखाई दिया । श्री कमलजीत ने शीघ्र ही स्थिति का जायजा लेते हुए अपने दल के कार्मिकों को अपना स्थान ग्रहण करने का आदेश दिया । जैसे ही ट्रक समीप आया, श्री कमलजीत सिंह ने उन्हें रुकने का इशारा किया किन्तु आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी । श्री कमलजीत सिंह ने अपने बाएं ओर से घूमकर जिप्सी के पीछे से मोर्चा संभाला । पुलिस दल ने अपने मोर्चे से गोलीबारी की आतंकवादियों ने भी अपने स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलियां चलाई श्री कमलजीत ने रेंग कर उबड़-खाबड़ जमीन के पीछे की ओर से मोर्चा सम्भाला और अपनी ए० के०-47 राइफल से आतंकवादियों पर गोली चलाई । यह देखकर आतंकवादियों ने कमलजीत सिंह पर एक हथगोला फेंका जिसके फट जाने से उसका एक टुकड़ा उनके बांए हाथ में जा लगा और उसमें से खून बहने लगा । घायल होने के बावजूद भी उन्होंने आतंकवादियों को व्यस्त रखा । गोला फेंकने के बाद आतंकवादी ट्रक से कूदकर पुलिस दल पर फायरिंग करते हुए अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे । श्री कमलजीत ने भागते हुए आतंकवादियों पर सही निशाना दागा, जो उनकी ओर ही कूदे थे । उन्होंने ट्रक पर भी गोली चलाई और उनमें से एक आतंकवादी को मार डाला जो पुलिस दल पर गोली चला रहा था । दल के अन्य सदस्यों ने भी आतंकवादियों पर गोली चलाई जो प्रतिकूल दिशा में भाग रहे थे । यह मुठभेड़ लगभग 45 मिनट तक जारी रही । तत्पश्चात् आतंकवादियों की ओर से फायरिंग बन्द हो गई । तलाशी लेने पर ट्रक की अगली सीट पर एक आतंकवादी मृत पाया गया जब कि तीन आतंकवादी भागते हुए खेत में मारे गए । घायल आतंकवादियों को शीघ्र ही अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उन्होंने दम तोड़ दिया ।

जब तलाशी की जा रही थी, उसी दौरान श्री कमलजीत सिंह ने पहल गैलन गांव की ओर से गोली की आवाज सुनी । वह शीघ्र ही उस ओर बढ़ गए और वहां पहुंचने पर उन्होंने पुलिस उप-अधीक्षक, नवां शहर की जिप्सी में एक कांस्टेबल को मृत पाया गया व एक हैड कांस्टेबल, एक कान्स्टेबल और डी० एस० पी० श्री लोक नाथ को घायल पाया । घायल होने के बावजूद श्री लोक नाथ ने घायल कांस्टेबल की एस० एल० आर० लेकर आतंकवादियों का पीछा किया जो अपने स्कूटर छोड़कर खेतों में भागने लगे थे । श्री लोक नाथ ने भागते हुए आतंकवादियों पर सही निशाना दागा जो गोलीबारी करते हुए छिपकर भाग रहे थे । श्री लोक नाथ एक आतंकवादी को मारने में सफल हो गए । दूसरा आतंकवादी एक अन्य पुलिस कार्मिक द्वारा मारा गया तथा तीसरा आतंकवादी मोरावाली की ओर भाग गया । एक सुनियोजित कार्रवाई के फलस्वरूप 8 आतंकवादियों का डकैती होने के दो घंटों के भीतर ही सफाया कर दिया गया । तलाशी के दौरान मुठभेड़ के स्थान से 4 ए० के०-47 राइफल, एक स्टेनगन, दो 7.62 एम० एम० राइफल्स, एक .30 बोर पिस्तौल, लूटा हुआ सारा धन, एक मारुति वैन और दो ट्रक बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री लोक नाथ, पुलिस उप-अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 74-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जगजीतसिंह, (मरणोपरान्त)
पुलिस उप-निरीक्षक,
थाना भोलथ ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 9 जुलाई, 1990 को थाना-भोलथ के थाना प्रभारी, उप-निरीक्षक जगजीत सिंह, को सूचना प्राप्त हुई कि सुरजीत सिंह संधू नामक एक व्यक्ति के घर में कुछ खूंखार आतंकवादी छिपे हुए हैं । उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और एक पुलिस पार्टी के साथ उस घर को चारों तरफ से घेर लिया । जिस समय पुलिस पार्टी घर के चारों ओर घेरा डाल रही थी, तो उस घर के अन्दर छिपे आतंकवादियों ने बचकर भाग निकलने की कोशिश की । उनके बचकर भाग निकलने की कोशिश को विफल करने के लिए श्री जगजीतसिंह ने अपने शस्त्र से गोली चलाई और एक आतंकवादी को मार दिया । उनमें से एक आतंकवादी ने श्री जगजीत सिंह पर एक धमाका किया तथा एक गोली उनको लगी जिससे वह गंभीर रूप

से घायल हो गए । घायल होने के बावजूद श्री जगजीत सिंह अपने हथियार से गोली चलाते रहे । इस दौरान उस घर की खिड़की से मकान मालिक बाहर कूद गया और ठीक श्री जगजीत सिंह के पीछे आ गया, फिर उसने अपनी ए० के०-47 चीनी असाल्ट राईफल से श्री जगजीत सिंह की गर्दन के पीछे गोली मार दी जिससे वह नीचे गिर पड़े । जिस समय वह अपनी अंतिम सांसें गिन रहे थे, उन्होंने भागते हुए आतंकवादी की ओर इशारा किया, आतंकवादी का पीछा किया गया और अंत में उसको पास के गांव में मार डाला ।

इस मुठभेड़ में एक महिला सहित सात आतंकवादी मारे गए । उनमें से दो आतंकवादी थे और शेष उनको आश्रय देने वाले थे । दोनों आतंकवादियों की बाद में बलविन्दर सिंह उर्फ बिट्टू और सुरजीत सिंह संधू के रूप में शिनाख्त की गई । तलाशी के दौरान घटनास्थल से दो ए० के०-47 राईफलें, एक बहुउद्देश्य मशीनगन सहित गोला बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री जगजीत सिंह, पुलिस उप-निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 जुलाई, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 75-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री अनिल कुमार शर्मा,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
फिरोजपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 5 जून 1990 को श्री जोगिन्दर सिंह जोहल पुलिस उप-अधीक्षक (मुख्यालय) फिरोजपुर तथा उप-निरीक्षक राम सिंह, थाना प्रभारी, थाना मल्लेवाला, अन्य पुलिस कर्मियों के साथ देव सिंह हरीजन नामक एक अपहृत व्यक्ति को छुड़ाने के लिए बस्ती चेपारियां वाली गए थे । उन्होंने क्षेत्र को घेर लिया और लोगों को चेतावनी दी कि यदि वहां कोई संदिग्ध चरित्र वाला कोई व्यक्ति है तो वह आत्मसमर्पण कर दे परन्तु कोई भी व्यक्ति बाहर नहीं आया । उसके बाद उन्होंने घर-घर की तलाशी लेनी आरम्भ कर दी । जैसे ही वे लालसिंह सरपंच नामक व्यक्ति के घर भीतर घुसे तो अन्दर से उन पर भीषण गोलीबारी की गई । पुलिस बल ने आत्मसुरक्षा में जबाबी गोलीबारी की । उप-निरीक्षक रामसिंह जो घर में घुस चुके थे, पर आतंकवादियों द्वारा गोली चलाई परन्तु उन्होंने तुरन्त गेहूं की कुछ बोरियों के पीछे मोर्चा लिया और अपने सर्विस रिवालवर से आतंकवादियों पर गोली चलाई । आतंकवादियों द्वारा उप-निरीक्षक रामसिंह पर चलाई गई गोलियां गेहूं की बोरियों और घर के कुएं पर लगीं । दोनों ओर से करीब एक घंटे तक गोलियां चलती रहीं । गोलीबारी के दौरान देवसिंह हरिजन, लालसिंह सरपंच और उनका भाई हरभजन सिंह मारे गए । उसके बाद चार आतंकवादियों ने अपने हथियारों से गोलियां चलाते हुए घर की दीवार लांघ कर खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया ।

श्री जोगिन्दर सिंह और उसके साथियों ने अपने वाहन में बैठकर आतंकवादियों का पीछा किया और वे खेतों में दो आतंकवादियों को मारने में सफल हुए । शेष दो आतंकवादी जो आगे-आगे खेतों में भाग रहे थे ने बच कर भाग निकलने का प्रयास किया ।

इस बीच, श्री अनिल कुमार शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजपुर को जो रसीका गांव के घटनास्थल पर गए हुए थे, फिरोजपुर वापस आ रहे थे, तो वायरलैस पर उन्हें मुठभेड़ के होने और आतंकवादियों के भाग निकलने की सूचना प्राप्त हुई । उन्होंने तुरन्त श्री जोगिन्दर सिंह जोहल को घेरा कसने और पुलिस नियंत्रण कक्ष, फिरोजपुर से कुमक भेजने का निर्देश दिया । सकीलांवाली बस्ती से निकलने पर जब श्री ए० के० शर्मा और उनका दल दाहिनी ओर मुड़ा तो उन्होंने 300 गज की दूरी पर स्वचालित हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को देखा । श्री शर्मा तुरन्त अपने वाहन से उतर गए और उन्होंने आतंकवादियों को रुकने के लिए ललकारा । परन्तु उग्रवादियों ने श्री शर्मा की चेतावनी की अवहेलना कर, श्री शर्मा और उनके बन्दूकधारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी । इस पर श्री शर्मा ने अपने एक बन्दूकधारी से एक एल० ए० आर० ले ली और गोली चलानी शुरू कर दी । जब श्री शर्मा ने देखा कि गोली का अपेक्षित असर नहीं हो रहा है तो उन्होंने रेंगते हुए आतंकवादियों की ओर आगे बढ़ने का निश्चय किया । चूंकि फासला काफी था, फिर भी आतंकवादी की तेज गोलीबारी के बीच श्री शर्मा ने जिप्सी ली और कच्चे खेतों की ओर चलाकर ले गए । तब श्री शर्मा और उनके साथी रेंगते हुए आतंकवादियों की ओर बढ़ने लगे । काफी निकट जाकर श्री शर्मा ने भीषण गोली बारी की जिससे दोनों आतंकवादी वहीं धान के खेतों में ही मारे गए कुल मिला कर पांच आतंकवादी मारे गए ।

खोजबीन के बाद मृत आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री अनिल कुमार शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृति भत्ता भी दिनांक 5 जून 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 76-प्रेस/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री जोगिन्दर सिंह,
पुलिस उप-अधीक्षक,
फिरोजपुर ।

श्री राम सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक,
फिरोजपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 5 जून, 1990 को श्री जोगिन्दर सिंह जोहल, पुलिस उप-अधीक्षक (मुख्यालय) फिरोजपुर तथा उप-निरीक्षक राय सिंह, थाना प्रभारी, थाना पल्लेमाला, अन्य पुलिस कर्मियों के साथ देव सिंह हरीजन नामक एक अपहृत व्यक्ति को छुड़ाने के लिए बस्ती चेपारियां चले गए थे । उन्होंने क्षेत्र को घेर लिया और लोगों को चेतावनी दी कि यदि वहां संदिग्ध चरित्र वाला कोई व्यक्ति है तो वह आत्मसर्म्पण कर दे परन्तु कोई भी व्यक्ति बाहर नहीं आया । उसके बाद उन्होंने घर-घर की तलाशी लेनी आरम्भ कर दी । जैसे ही वे लालसिंह सरपंच नामक व्यक्ति के घर भीतर घुसे तो अन्दर से उन पर भीषण गोलीबारी की गई । पुलिस दल ने आत्मसुरक्षा में जबाबी जगोलीबारी की । उप निरीक्षक रामसिंह जो घर में घुस चुके थे, पर आतंकवादियों द्वारा गोली चलाई परन्तु उन्होंने तुरन्त गेहूं की कुछ बोरियों के पीछे मोर्चा लिया गौर अपने सर्विस रिवाल्वर से आतंकवादियों पर गोली चलाई । आतंकवादियों द्वारा उप-निरीक्षक रामसिंह पर गोलियां चलाई गई गोलियां गेहूं की बोरियों और घर के कुएं पर लगी । दोनों ओर से करीब एक घंटे तक गोलियां चलती रहीं । गोलीबारी के दौरान देवसिंह हरिजन, लालसिंह सरपंच और उनका भाई हरभजन सिंह मारे गए । उसके बाद चार आतंकवादियों ने अपने हथियारों से गोलियां चलाते हुए घर की दीवार लाँघ कर खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया ।

श्री जोगिन्दर सिंह और उनके साथियों ने अपने वाहन में बैठकर आतंकवादियों का पीछा किया और वे खेतों में दो आतंकवादियों को मारने में सफल हुए । शेष दो आतंकवादी जो आगे-आगे खेतों में भाग रहे थे ने बच कर भाग निकलने का प्रयास किया ।

इस बीच, श्री अनिल कुमार शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजपुर को जो रतीका गांव के घटना स्थल पर गए हुए थे, फिरोजपुर वापस आ रहे थे, तो वायरलैस पर उन्हें मुठभेड़ के होने और आतंकवादियों के भाग निकलने की सूचना प्राप्त हुई । उन्होंने तुरन्त श्री जोगिन्दर सिंह जोहल को घेरा कसने और पुलिस नियंत्रण कक्ष, फिरोजपुर से कुमक भेजने का निर्देश दिया । सकीलांवाली बस्ती से निकलने पर जब श्री ए० के० शर्मा और उनका दल दाहिनी ओर मुड़ा तो उन्होंने 300 गज की दूरी पर स्वचालित हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को देखा । श्री शर्मा तुरन्त अपने वाहन से उतर गए और उन्होंने आतंकवादियों को रुकने के लिए ललकारा । परन्तु उग्रवादियों ने श्री शर्मा की चेतावनी की अवहेलना कर, श्री शर्मा और उनके बन्दूकधारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी । इस पर श्री शर्मा ने अपने एक बन्दूकधारी से एक एस० आर० ले ली और गोली चलानी शुरू कर दीं । जब श्री शर्मा ने देखा कि गोली का अपेक्षित असर नहीं हो रहा है तो उन्होंने रेंगते हुए आतंकवादियों की ओर आगे बढ़ने का निश्चय किया । चूंकि फासला काफी था, फिर भी आतंकवादी की तेज गोलीबारी के बीच श्री शर्मा ने जिप्सी ली और कच्चे खेतों की ओर चला कर ले गए । तब श्री शर्मा और उनके साथी रेंगते हुए आतंकवादियों की ओर बढ़ने लगे । काफी निकट जाकर श्री शर्मा ने भीषण गोलीबारी की जिससे दोनों आतंकवादी वहीं धान के खेतों में ही मारे गए । कुल मिला कर पांच आतंकवादी मारे गए । खोजबीन के बाद मृत आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री जोगिन्दर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक और श्री रामसिंह, पुलिस उपनिरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 जून, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 77-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री दलबीर सिंह,
पुलिस निरीक्षक,
जिला तरन तारन ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 25 अगस्त, 1990 को सायं 6.45 बजे जिला तरन तारन के पुलिस थाना पट्टी पर तैनात पंजाब सशस्त्र पुलिस की प्रथम कमांडो बटालियन के निरीक्षक दलबीर सिंह अमृतसर से पट्टी जाने वाली पंजाब रोडवेज की बस में ड्यूटी से वापिस आ रहे थे । इस बस की सुरक्षा के लिए इसमें (हैड कांस्टेबल रबेल सिंह सहित) पंजाब पुलिस के तीन कार्मिक तैनात थे । जब बस तरन तारन पट्टी मार्ग पर झंडोके ग्राम के नजदीक पहुंची, उसी बस में यात्रा कर रहे आतंकवादियों में से एक आतंकवादी ने कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह पर अपने रिवाल्वर से गोली चलाकर उन्हें घायल कर दिया । उस आतंकवादी ने जब ड्राईवर की इस चेतावनी के साथ बस को रोकने का आदेश दिया कि बस में यात्रा कर रहे एक खास समुदाय के लोग तथा पुलिस वालों को मौत के घाट उतारा जाएगा। निरीक्षक दलबीर सिंह जो आगे वाले दरवाजे के पास सादे कपड़ों में बैठे हुए थे, जहां से आतंकवादी गोली चला रहा था, तत्काल अपनी सीट से उठ गए और आतंकवादी से भिड़ गए और उसे अपने घुटने के नीचे दबा दिया तथा उसके रिवाल्वर को छीनने में सफल हो गए । अन्य आतंकवादी जो उस बस में था निरीक्षक दलबीर सिंह की तरफ अपने साथी को छुड़ाने के लिए दौड़ा । निरीक्षक दलबीर सिंह आतंकवादी से छीनी गई रिवाल्वर का इस्तेमाल नहीं कर पाये क्योंकि उन्हें दोनों ही आतंकवादियों से भिड़ना पड़ा ।

इसी बीच में, दो आतंकवादी जो बस के पिछले दरवाजे के नजदीक खड़े हुए थे, ने कांस्टेबल रबेल सिंह से जबरदस्ती स्टेनगन छीन ली लेकिन सूझबूझ के कारण, उन्होंने स्टेनगन से मैगजीन को हटा दिया । उसी समय, कांस्टेबल रबेल सिंह ने आतंकवादी के उस हाथ जिसमें यह मैगजीन सहित रिवाल्वर पकड़े हुए था, प्रहार किया, जिसके परिणामस्वरूप रिवाल्वर नीचे गिर पड़ी और इसे कांस्टेबल ने उठा लिया । तब श्री रबेल सिंह ने उस आतंकवादी पर गोली चलानी शुरू कर दी, जो बस के पिछले दरवाजे से नीचे गिर पड़ा। इसे देखकर, अन्य आतंकवादी ने जख्मी आतंकवादी को उठाया तथा छीनी गई स्टेनगन सहित भाग गया । इसके पश्चात् कांस्टेबल रबेल सिंह आगे आए तथा उन आतंकवादियों, जो निरीक्षक दलबीर सिंह से भिड़ रहे थे, में से एक आतंकवादी को मार गिराया । इसी बीच में निरीक्षक दलबीर सिंह ने दूसरे आतंकवादी को उससे छीनी गई पिस्तौल से मार गिराया । इस प्रक्रिया में निरीक्षक दलबीर के सिर में चोटें आई । बस में गोली चलने के कारण बस के ड्राईवर व कंडक्टर समेत सभी यात्री बस से भाग खड़े हुए । इसके पश्चात् कांस्टेबल रबेल सिंह ने पुलिस कार्मिकों व दो मृत आतंकवादी सहित बस को पट्टी के लिए स्वय चलाया । घायल पुलिस कार्मिकों को आगे उपचार हेतु अमृतसर के कक्कड़ अस्पताल में दाखिल करवाया गया । मृत आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा व कुलवन्त सिंह बब्बर थे । तलाशी के दौरान एक माऊजर रिवाल्वर एक .455 बोर रिवाल्वर, 2 मैगजीन व करीब 15 कारतूस बरामद किये गये ।

इस मुठभेड़ में श्री दलबीर सिंह, पुलिस निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस व उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 अगस्त, 1990 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 78-प्रेज/92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री रबेल सिंह,
हैड कांस्टेबल,
जिला तरन तारन ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 25 अगस्त, 1990 को सायं 6.45 बजे जिला तरन तारन के पुलिस थाना पट्टी पर तैनात पंजाब सशस्त्र पुलिस की प्रथम कमांडो बटालियन के निरीक्षक दलबीर सिंह अमृतसर से पट्टी जाने वाली पंजाब रोडवेज की बस में ड्यूटी से वापिस आ रहे थे। इस बस की सुरक्षा के लिए इसमें (हैड कांस्टेबल रबेल सिंह सहित) पंजाब पुलिस के तीन कार्मिक तैनात थे। जब बस तरन तारन पट्टी मार्ग पर झंडोके के नजदीक पहुंची, उसी बस में यात्रा कर रहे आतंकवादियों में से एक आतंकवादी ने कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह पर अपने रिवालवर से गोली चलाकर उन्हें घायल कर दिया । उस आतंकवादी ने जब ड्राईवर को इस चेतावनी के साथ बस को रोकने का आदेश दिया कि बस में यात्रा कर रहे एक खास समुदाय के लोग तथा पुलिस वालों को मौत के घाट उतारा जाएगा । निरीक्षक दलबीर सिंह जो आगे वाले दरवाजे के पास सादे कपड़ों में बठे हुए थे, जहां से आतंकवादी गोली चला रहा था, तत्काल अपनी सीट से उठ गए और आतंकवादी से भिड़ गए और उसे अपने गुटने के नीचे दबा दिया तथा उसके रिवाल्वर को छीनने में सफल हो गए ।

अन्य आतंकवादी जो उस बस में था निरीक्षक दलबीर सिंह की तरफ अपने साथी को छुड़ाने के लिए दौड़ा। निरीक्षक दलबीर सिंह आतंकवादी से छीनी गई रिवाल्वर का इस्तेमाल नहीं कर पाए क्योंकि उन्हें दोनों ही आतंकवादियों से भिड़ना पड़ा।

इसी बीच में, दो आतंकवादी जो बस के पिछले दरवाजे के नजदीक खड़े हुए थे, ने कांस्टेबल रवेल सिंह से जबरदस्ती स्टेनगन छीन ली लेकिन सूझबूझ के कारण, उन्होंने स्टेनगन से मैगजीन को तोड़ दिया। उसी समय, कांस्टेबल रवेल सिंह ने आतंकवादी के उस हाथ जिसमें वह मैगजीन सहित रिवाल्वर पकड़े हुए था, प्रहार किया, जिसके परिणामस्वरूप रिवाल्वर नीचे गिर पड़ी और इसे कांस्टेबल ने उठा लिया। तब श्री रवेल सिंह ने उस आतंकवादी पर गोली चलानी शुरू कर दी, जो बस के पिछले दरवाजे से नीचे गिर पड़ा। इसे देखकर, अन्य आतंकवादी ने जख्मी आतंकवादी को उठाया तथा छीनी गई स्टेनगन सहित भाग गया। इसके पश्चात कांस्टेबल रवेल सिंह आगे आए तथा उन आतंकवादियों, जो निरीक्षक दलबीर सिंह से भिड़ रहे थे, से एक आतंकवादी को मार गिराया। इसी बीच में निरीक्षक दलबीर सिंह ने दूसरे आतंकवादी को उससे छीनी गई पिस्तौल से मार गिराया। इस प्रक्रिया में निरीक्षक दलबीर सिंह के सिर में चोटें आईं। बस में गोली चलने के कारण बस के ड्राईवर व कंडक्टर समेत सभी यात्री बस से भाग खड़े हुए। इसके पश्चात कांस्टेबल रवेल सिंह ने पुलिस कार्मिकों व दो मृत आतंकवादी सहित बस को पट्टी के लिए स्वयं चलाया। घायल पुलिस कार्मिकों को आगे उपचार हेतु अमृतसर के कक्कड़ अस्पताल में दाखिल करवाया गया। मृत आतंकवादी सुखदेव सिंह उर्फ सुखा व कुलवंत सिंह बब्बर थे। तलाशी के दौरान एक माउजर रिवाल्वर, एफ. 455 बोर रिवाल्वर, 2 मैगजीन व करीब 15 कारतूस बरामद किये गये।

इस मुठभेड़ में श्री रवेल सिंह, हैड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस व उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 25 अगस्त, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के०उपाध्याय
निदेशक

सं० 79-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री गुरमेल सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
जिला फिरोजपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 11 अक्तूबर, 1990 को सूचना प्राप्त हुई कि चार उग्रवादी थाना सदर फिरोजपुर के बस्ती जामीनाम स्थित दारा सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में छिपे हुए हैं। फिरोजपुर मुख्यालय के पुलिस उप-अधीक्षक के कमान्ड में एक पुलिस दल ने (कांस्टेबल गुरमेल सिंह सहित) उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए छापा मारा। पुलिस दल को देखकर आतंकवादियों ने, जो शस्त्रों से लैस थे। पुलिस दल पर गोली चलानी शुरू कर दी तथा ऐल क पटरी की तरफ भागे। पुलिस दल ने आतंकवादियों का पीछा किया और मुख्यालयों में अधिकारी को घटना के बारे में एक संदेश भेजा। जब उग्रवादी तथा पीछा करने वाला दल भदरू गांव के नजदीक पहुंचे तो कांस्टेबल गुरमेल सिंह आगे बढ़े और उन्होंने एक आतंवादी पर गोली चलाई और उसे मार डाला। उसके बाद दो आतंकवादी भदरू गांव की ओर भागे और उनमें से एक ने, जो दोनों ओर से गोली-बारी के दौरान घायल हो गया था पुलिस दलों पर भारी गोली-बारी चलानी शुरू कर दी। कांस्टेबल गुरमेल सिंह ने जो घायल उग्रवादी के बहुत निकट थे, उग्रवादी की ओर रेंगते हुए आना शुरू कर दिया, परन्तु आतंकवादी ने कांस्टेबल गुरमेल सिंह पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप वे घटना स्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए। अन्य पुलिस कार्मिकों ने आतंकवादी पर भारी गोलीबारी की और उसे मार डाला।

शेष दो आतंकवादी बस्ती इस्सा वाली अट्टारी के जरनैल सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान में घुस गए और उन्होंने पुलिस कार्मिकों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसी बीच घटना स्थल पर कुमुक पहुंच गई और उन्होंने मकान को घेर लिया। दोनों ओर से गोली चलने के दौरान उग्रवादी मकान से बाहर आने को बाध्य हो गए और दोनों ही उग्रवादियों को गोली से मार दिया। मारे गए चार आतंकवादियों की बाद में दीआल सिंह उर्फ धोला, जोगा सिंह, फतेह सिंह और हरजीत सिंह मान के रूप में शिनाख्त की गई। तलाशी के दौरान मुठभेड़ वाले स्थान से बड़ी मात्रा में शस्त्र तथा गोला बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री गुरमेल सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 11 अक्तूबर, 1990 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं० 80-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एस० पी० एस० बसरा,
पुलिस अधीक्षक,
रोपड़ ।

श्री दिनकर गुप्ता,
सहायक पुलिस अधीक्षक,
रोपड़ ।

श्री बलदेव सिंह,
हैड कांस्टेबल,
रोपड़ ।

श्री गुरमीत सिंह,
कांस्टेबल,
रोपड़ ।

सेवाओं का विवरण जिसके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 26 मई, 1991 को ग्राम चितमाला में एक विशेष तलाशी अभियान चलाने का निर्णय किया गया । तलाशी के दौरान सरदारा सिंह के घर के निवासियों ने दरवाजा खोलने से इंकार कर दिया । हैड कांस्टेबल बलदेव सिंह अपने दल के साथ घर के आंगन में कूद पड़ा । इससे पूर्व कि वे पोजिशन ले पाते, घर के अन्दर छुपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी । हैड कांस्टेबल बलदेव सिंह ने घायल एवं गोलियों द्वारा आहत होने पर भी अपनी एस० एल० आर० से बड़ी बहादुरी से जवाबी फायरिंग की । पुलिस कर्मियों ने स्थिति संभाली और जवाबी फायरिंग की । इसके बाद ही घटना के बारे में संदेश भेजा गया । श्री बलदेव सिंह ने लगभग 20 मिनटों के लिए आतंकवादियों को उलझाए रखा ।

सर्व/श्री एस० पी० एस० बसरा, पुलिस अधीक्षक, प्रचालन और दिनकर गुप्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक, ग्राम रोपड़ जो निकटवर्ती ग्राम में तलाशी कार्य कर रहे थे, संदेश पाते ही तुरंत मुठभेड़ के स्थान की ओर प्रस्थान किया । वहां पहुंचते ही उन्होंने स्थिति का जायजा लिया । वे अपनी वैयक्तिक सुरक्षा की परवाह किए बिना गन-बैटल में कूद पड़े । श्री बसरा दीवार पर चढ़कर छत पर पहुंचे और सीढ़ियों से नीचे आकर उन्होंने स्थिति संभाली । श्री गुप्ता ने बुलेट-प्रूफ जिप्सी में बैठकर मुख्य द्वार के माध्यम से घर में प्रवेश किया । जब श्री बसरा ने आतंकवादियों को उलझाए रखा और जवाबी हमला किया । श्री गुप्ता ने घायल श्री बलदेव सिंह को उठाया और उन्हें अस्पताल ले गये, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया । इसके पश्चात् श्री गुप्ता ने घर के आंगन में खड़े ट्रैक्टर के पीछे स्थिति संभाली ।

उग्रवादी घर के पिछवाड़े के तीन कमरों की खिड़कियों से लगातार फायरिंग कर रहे थे । दोनों अधिकारियों के बंदूकधारियों और सभी पुलिस कर्मियों ने उग्रवादियों को उलझाए रखा । एक भयानक मुठभेड़ होने लगी । यह महसूस करते हुए कि वे बहादुर अधिकारियों के दृढ़ संकल्प के आगे टिक नहीं पाएंगे, उग्रवादी आखिरी कमरे की पिछली खिड़की से निकलकर भाग गए । तत्पश्चात कुछ समय के लिए खामोशी रही । दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने हथियारों से फायरिंग करते हुए मकान पर धावा बोलने का निर्णय लिया । उन्होंने आंगन और बरामदा पार किया और बड़ी कुशलता से कमरों में प्रवेश किया । मकान की पूरी तलाशी करने के पश्चात् उन्होंने एस० एस० पी०, रोपड़ को सूचित किया जो इस दौरान घटनास्थल पर पहुंच गए थे और अभियान का आदेश लिया ।

तत्पश्चात सर्व/श्री बसरा और गुप्ता ने साथ लगे हुए मकानों की तलाशी शुरू की । ज्योंहि श्री गुप्ता द्वारा नेतृत्व किए जा रहे दल ने गुरमेल सिंह के मकान में प्रवेश और कमरों में पहुंचा, वहां पर छुपे हुए उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोली चलाई । श्री गुप्ता के बंदूकधारी कांस्टेबल गुरमीत सिंह के चेहरे पर पहला धमाका हुआ हुआ और वह घायल होकर गिर गया । गिरने से पूर्व श्री गुरमीत सिंह ने अपनी आई० एम० जी० से कुछ गोलियां चलाई । श्री गुप्ता तुरंत संभले और वह निकटवर्ती नींव की दीवार के पीछे ओट लेने के लिए रेंगने लगे, उन्होंने आतंकवादियों के ठिकाने पर भारी गोलाबारी की और उन्हें बाहर निकलने दिया । यह देखकर श्री बसरा ने उन कमरों को छत के ऊपर जाने का निर्णय किया, जिनमें उग्रवादी छुपे हुए थे, ताकि वह श्री गुप्ता और कांस्टेबल गुरमीत सिंह को जानों को बचा सकें । ज्योंही उग्रवादियों में से एक उग्रवादी ने घायल कांस्टेबल गुरमीत सिंह की एल० एम० जी० को उठाना चाहा, श्री गुप्ता ने तुरंत खड़े होकर उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे उसी समय मार दिया ।

इसी दौरान एस० एस० पी०, रोपड़ और श्री बसरा ने छत में छेद कर दिए और कमरों के अन्दर छुपे उग्रवादियों पर गोलियों की बौछार कर दी । कमरों में छुपे हुए उग्रवादियों ने अपनी गोलियों का निशाना छत की ओर किया और गोलियां पतली छत को चीरती हुई ऊपर आने लगी और दोनों अधिकारी बाल-बाल बचे । यह देख कर कि एल० एम० जी०/ए० के०—47 राइफल की गोलियां निष्फल सिद्ध हुई हैं श्री बसरा ने बड़ी शीघ्रता से चार एच० ई०—36 हथगोले को छेदों के जरिये फैंका । इसके साथ-साथ श्री गुप्ता बड़ी बहादुरी से गोलियां चलाते हुए आगे बढ़े और घायल कांस्टेबल गुरमीत सिंह को पुनः उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले गए । तत्पश्चात उग्रवादियों की तरफ से फायरिंग बंद हो गई । तलाशी के दौरान तीन मृतक आतंकवादियों के शव कमरों से बरामद किए गए और एक शव बाहर से बरामद किया गया । बाद में मृतक उग्रवादियों को काबुल सिंह उर्फ सोढ़ी, काबुल सिंह उर्फ

निक्कू, करणवीर सिंह और हरमिन्द्र सिंह उर्फ बहादुर के नाम से पहचाना गया । आगे की गई तलाशी पर 3 ए० के०—47 राइफल्स, 1 रिवाल्वर, 2 स्टिक बम, 1 माउजर और भारी मात्रा में भरे हुए/खाली कारतूस घटनास्थल से बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री एस० पी० एस० बसरा पुलिस अधीक्षक, श्री दिनकर गुप्ता, सहायक पुलिस अधीक्षक, श्री बलदेव सिंह, हैड कांस्टेबल और श्री गुरमीत सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

सं 81—प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अजीत सिंह, (मरणोपरान्त)
पुलिस उप महानिरीक्षक (बार्डर रेंज),
अमृतसर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 6 मई, 1991 को कुछ उग्रवादियों ने ग्राम गोहालवार के निकट बस से एक कांस्टेबल को बाहर खींच लिया और बाद में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी । उन्होंने फिरौती के लिए दो बस यात्रियों का अपहरण भी कर लिया । उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए, तरन तारन के वरिष्ट पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्रपाल सिंह ने कुछ गांवों की पूरी तलाशी के आदेश दिए और इसके लिए पंजाब पुलिस/सी० आर० पी० एफ० कार्मिकों को मिलाकर 12 पार्टियों का गठन किया ।

तलाशी अभियान दिनांक 7 मई, 1991 की सुबह शुरू किया गया और यह पता चल गया था कि उग्रवादी तरन तारन शहर के पुलिस स्टेशन के गांव रटौल में छिपे हुए थे । तत्काल पूरे गांव को घेर लिया गया और प्रारंभिक प्रयासों के फलस्वरूप दो अपहृत व्यक्तियों मदन लाल और किशन लाल को सुरक्षित छुड़ा लिया गया । उनसे पूछने पर पता चला कि कुछ सशस्त्र उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों के साथ गांव में छुपे हुए थे । इसी बीच श्री नरेन्द्रपाल सिंह एस० एस० पी० गांव में पहुंचे और वहां की स्थिति का जायजा लेकर खोज अभियान शुरू कर दिया । बलबीर सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर की तलाशी के दौरान घर के आंगन में मुर्गी फार्म के नीचे एक बंकर पाया गया । बड़ी समझदारी से उस बंकर को साफ किया गया और वहां से कुछ हथियार बरामद हुए तथा यहां छिपे हुए उग्रवादी बच कर पास के घरों में घुस गये । इसी बीच, एक नजदीकी घर से बचकर निकलते हुए पास की एक बिल्डिंग में घुस गये । और उन्होंने उसकी पहली मंजिल पर मोर्चा बना लिया । जैसे ही श्री सुखदेव सिंह पुलिस उपाधीक्षक, तरन तारन संदिग्ध मकान के पास पहुंचे, उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी श्री सुखदेव सिंह ने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया । श्री नरिन्द्रपाल सिंह अपनी पार्टी के साथ स्थान बदल कर एक नजदीकी मकान में चले गये और उन्होंने श्री सुखदेव सिंह को कवरिंग फायर प्रदान करते हुए भारी गोलीबारी शुरू कर दी ताकि वह वहां से हटकर किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं । अपनी जान के लिए भारी खतरा होते हुए भी वह अपने बन्दूकचियों के साथ स्थिति का बहादुरी से मुकाबला करते रहे । दोनों ओर से हो रही गोलीबारी में कांस्टेबल अमरीक सिंह आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गए तथा श्री सुखदेव सिंह गोली लग कर गंभीर रूप से घायल हो गए । इस सब के बावजूद श्री सुखदेव सिंह ने आतंकवादियों पर गोली चलाना जारी रखा और कोई रास्ता न पाकर श्री नरिन्द्रपाल सिंह और उनकी पार्टी ने इस विशिष्ट मकान का घेरा कड़ा कर दिया और सतर्कतापूर्वक घिरे हुए आतंकवादियों को भारी गोलीबारी के आदान-प्रदान में भगा दिया । इसके परिणामस्वरूप दो उग्रवादी मारे गये । उसके बाद घायल श्री सुखदेव सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया ।

सूर्यास्त को ध्यान में रखते हुए छानबीन कार्रवाई निलंबित कर दी गई थी तथा ग्राम की घेराबन्दी करने पर अत्याधिक जोर डाला गया था । बाहरी घेराबंदी को मजबूत करने के लिए सेना को भी बुलाया गया था । रात्रि के दौरान, उग्रवादियों द्वारा घेराबंदियों में घुस पैठ करने के प्रयास में रुक-रुक कर गोलियां चलती रहीं जिसके फलस्वरूप सेना का एक जवान मारा गया और एक आतंकवादी अर्थात् दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा को गिरफ्तार किया गया । अगले दिन अर्थात् 8 मई 1991 को श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने स्थिति की नए सिरे से समीक्षा की और अपनाई जाने वाली रणनीति के बारे में मुठभेड़ में लगे अपने अधिकारियों तथा जवानों को बताया । श्री अजीत सिंह, डी० आई० जी० आफ पुलिस, बार्डर रेंज अमृतसर, घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने अपने दल के साथ ग्राम के दक्षिणी हिस्से को घेर लिया । इस समय तक, खन्दकों में छिपे आतंकवादियों ने चारों तरफ भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिससे उनके ठिकानों का पता लगाना मुश्किल हो गया । गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए श्री नरेन्द्र पाल सिंह अपने गनमैन के साथ आगे बढ़े ताकि

घेराबन्दी को कम किया जा सके। गोलाबारी में एक गनमैन अर्थात् पालविन्द्र सिंह और सेना के एक जवान को गंभीर चोटें पहुंची। इससे श्री एन० पी० सिंह का हौसला पस्त नहीं हुआ, उन पर भारी गोलाबारी हुई तथा उनकी आंख में गोली लगी। हालांकि अत्याधिक रक्तस्राव के बावजूद उन्होंने अपना स्थान बदला तथा यह देखा कि दो उग्रवादी पुलिस दल पर भीषण गोलाबारी कर रहे हैं। हालात को समझते हुए श्री एन० पी० सिंह ने इन दो उग्रवादियों पर भारी गोलाबारी की तथा उनमें से एक को मार गिराने में सफल हुए तथा इस प्रकार कुछ हद तक स्थिति पर नियंत्रण पाया। वी० एस० एफ० सैट पर उन्होंने उग्रवादियों के स्थान का सफाया करने के लिए अपने अधिकारियों को आगे बढ़ने का निर्देश दिया। बाद में श्री एन० पी० सिंह को जो घायल अवस्था में थे अमृतसर ले जाया गया।

इस बीच, श्री अजीत सिंह, डी० आई० जी० पुलिस ने खाईयों में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ दबाव डालना शुरू कर दिया। उन्होंने स्थिति का नए सिरे से जायजा लेने के लिए अपना स्थान सुरक्षित जगह पर बदला ताकि उग्रवादियों के खिलाफ अंतिम आक्रमण (प्रहार) शुरू किया जा सके। जब वे आदमियों को भारी गोलीबारी करने के निर्देश दे रहे थे, एक गोली उनकी छाती में लगी। इसने उन्हें और उनके आदमियों को वापिस लौटने के लिए विचलित नहीं किया और उन्होंने सुरक्षा कार्मिकों को उग्रवादियों द्वारा और क्षति पहुंचाने से बचाने के लिए शील्ड (कवच) की तरह काम किया। बहुत विषम परिस्थितियों में श्री अजीत सिंह को वापिस लाया गया और अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में उनकी मृत्यु हो गयी।

भारी गोलाबारी के आदानप्रदान में कमांडो बटालियन के कांस्टेबल हरभजन सिंह ने आतंकवादियों का सामना करने के दृढ़ प्रयास में आतंकवादियों पर गोलाबारी जारी रखी। उन्होंने अकेले ही दो घंटे तक कड़ा मुकाबला किया और एक आतंकवादी को मार गिराने में सफल हो गए हालांकि वे बुरी तरह से घायल हो गए। उन्होंने श्री अजीत सिंह के अधूरे काम को सफलतापूर्वक पूरा किया। गांव के मध्य में एक अन्य भीषण लड़ाई में हैड कांस्टेबल तेजिन्द्र सिंह और कांस्टेबल राजिन्द्र सिंह गंभीर स्थिति का मुकाबला करते हुए बहादुरी से शहीद हो गए और सी० आर० पी० एफ० के एक कांस्टेबल को चोट पहुंची।

उपरोक्त मुठभेड़ में जो राज्य के इतिहास में सबसे अधिक खूंखार मुठभेड़ थी, पांच सुरक्षा कार्मिक और सात उग्रवादी मारे गए। मुठभेड़ में शामिल अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्ग निर्देशन में अदम्य साहस का परिचय दिया और उसने कठिन परिस्थिति का बहादुरी से सामना किया। इस मुठभेड़ में श्री अजीत सिंह, आई० पी० एफ०, डी० आई० जी० पुलिस बार्डर रेंज, अमृतसर ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए अपनी जान दे दी। मृतक आतंकवादियों की बाद में पहचान की गई उनमें (1) हरिन्द्र सिंह उर्फ जिन्दा (2) लखविन्दर सिंह उर्फ लखा पुत्र अमरीक सिंह (3) लखविन्दर सिंह उर्फ लखा पुत्र सूचा सिंह (4) मेहर सिंह उर्फ मेजर सिंह (5) अमरीक सिंह उर्फ काला (6) जगतार सिंह और (7) शिन्दा उर्फ शिन्दी थे। तलाशी के दौरान घटना स्थल से बड़ी संख्या में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया था।

इस मुठभेड़ में श्री अजीत सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 मई, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं 82–प्रेज/92—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री नरिन्द्रपाल सिंह,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
तरन तारन।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 6 मई, 1991 को कुछ उग्रवादियों ने ग्राम गोहालवार के निकट बस से एक हैड कांस्टेबल को बाहर खींच लिया और बाद में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने फिरौती के लिए दो बस यात्रियों का अपहरण भी कर लिया। उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए, तरन तारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नरिन्द्रपाल सिंह ने कुछ गांवों की पूरी तलाशी के आदेश दिए और उसके लिए पंजाब पुलिस/सी० आर० पी० एफ० कार्मिकों को मिलाकर 12 पार्टियों का गठन किया।

तलाशी अभियान दिनांक 7 मई, 1991 की सुबह शुरू किया गया और यह पता चल गया था कि उग्रवादी तरन तारन शहर के पुलिस स्टेशन के गांव रटौला में छिपे हुए थे। तत्काल पूरे गांव को घेर लिया गया और प्रारंभिक प्रयासों के फलस्वरूप दो अपहृत व्यक्तियों मदन लाल और किशन लाल को सुरक्षित छुड़ा लिया गया। उनसे पूछने पर पता चला कि कुछ सशस्त्र उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों के साथ गांव में छिपे हुए थे। इसी बीच श्री नरिन्द्रपाल सिंह एस० एस० पी० गांव में पहुंचे और वहां की स्थिति

का जायजा लेकर खोज अभियान शुरू कर दिया । बलबीर सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर की तलाशी के दौरान घर के आंगन में मुर्गी फार्म के नीचे एक बंकर पाया गया । बड़ी समझदारी से उस बंकर को साफ किया गया और वहां से कुछ हथियार बरामद हुए तथा वहां छिपे हुए उग्रवादी भागकर उसके घरों में घुस गए ।

इसी बीच एक नजदीकी घर से बचकर निकलते हुए पास की एक बिल्डिंग में घुसे और उन्होंने उसकी पहली मंजिल पर मोर्चा बनाया जैसे ही श्री सुखदेव सिंह पुलिस उपाधीक्षक, तरन तारन संदिग्ध मकान के पास पहुंचे, उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी । श्री सुखदेव सिंह ने प्रभावी ढंग से गोलाबारी का जवाब दिया । श्री नरिन्द्रपाल सिंह अपनी पार्टी के साथ स्थान बदलकर एक नजदीकी मकान में चले गए और उन्होंने श्री सुखदेव सिंह को फायरिंग फायर प्रदान करते हुए भारी गोलाबारी शुरू करदी ताकि वह वहां से हटकर किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाए । अपनी जान के लिए भारी खतरा होते हुए भी, वह अपने बंदूकधियों के साथ स्थिति का बहादुरी से मुकाबला करते रहे । दोनों ओर से हो रही गोलाबारी में कांस्टेबल अमरीक सिंह आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गए तथा श्री सुखदेव सिंह गोली लगकर गंभीर रूप से घायल हो गए । इन सबके बावजूद श्री सुखदेव सिंह ने आतंकवादियों पर गोली चलाना जारी रखा और कोई रास्ता न पाकर श्री नरिन्द्रपाल सिंह और उनकी पार्टी ने इस विशिष्ट मकान का घेरा कड़ा कर दिया और सतर्कतापूर्वक घिरे हुए आतंकवादियों को भारी गोलाबारी के आदान-प्रदान में भगा दिया । इसके परिणामस्वरूप दोनों उग्रवादी मारे गये । उसके साथ घायल श्री सुखदेव सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया ।

सूर्यास्त को ध्यान में रखते हुए छानबीन कार्रवाई तिलांजलि कर दी गई थी तथा ग्राम की घेराबन्दी करने का अत्यधिक जोर डाला गया था । बाहरी घेराबन्दी को मजबूत करने के लिए सेना को भी बुलाया गया था । रात्रि के दौरान उग्रवादियों द्वारा घेराबन्दी में घुसपैठ करने के प्रयास में रुक-रुक कर गोलियां चलती रही जिसके फलस्वरूप सेना का एक जवान मारा गया और एक आतंकवादी अर्थात दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा को गिरफ्तार किया गया । अगले दिन अर्थात 8 मई, 1991 को श्री नरेन्द्र सिंह ने स्थिति की नए सिरे से समीक्षा की और अपनाई जाने वाली रणनीती के बारे में मुठभेड़ में लगे अपने अधिकारियों तथा जवानों को बताया श्री अजीत सिंह, डी० आई० जी० आफ पुलिस, बार्डर रेंज, अमृतसर घटनास्थल पर पहुंचे, उन्होंने अपने दल के साथ ग्राम के दक्षिणी हिस्से को घेर लिया । इस समय तक, खंदकों में छिपे आतंकवादियों ने चारों तरफ भारी गोलाबारी शुरू कर दी जिससे उनके ठिकानों का पता लगाना मुश्किल हो गया । गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए,, श्री नरेन्द्र पाल सिंह अपने गनमैन के साथ आगे बढ़े ताकि घेराबन्दी को कम किया जा सके । गोलाबारी में एक गनमैन अर्थात बलविन्द्र सिंह और सेना के एक जवान को गंभीर चोटें पहुंचीं । इससे श्री एन० पी० सिंह का हौंसला पस्त नहीं हुआ, उन पर भारी गोलाबारी हुई तथा उनकी जांघ में गोली लगी । हालांकि अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद उन्होंने अपना स्थान बदला तथा यह देखा कि दो उग्रवादी पुलिस दल पर भीषण गोलाबारी कर रहे हैं । हालात को समझते हुए श्री एन० पी० सिंह ने इन दो उग्रवादियों पर भारी गोलाबारी की तथा उनमें से एक को मार गिराने में सफल हुए तथा इस प्रकार कुछ हद तक स्थिति पर नियंत्रण पाया । बी० एस० एफ० सैट पर उन्होंने उग्रवादियों के स्थान का सफाया करने के लिए अपने अधिकारियों को आगे बढ़ने का निर्देश दिया । बाद में श्री एन० पी० सिंह को जो घायल अवस्था में थे अमृतसर ले जाया गया ।

इस बीच, श्री अजीत सिंह, डी० आई० जी० पुलिस ने खाईयों में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ दबाव डालना शुरू कर दिया । उन्होंने स्थिति का नए सिरे से जायजा लेने के लिए अपना स्थान सुरक्षित जगह पर बदला ताकि उग्रवादियों के खिलाफ अन्तिम आक्रमण, प्रहार) शुरू किया जा सके । जब वे आदमियो को भारी गोलाबारी करने के निर्देश दे रहे थे, एक गोली उनकी छाती में लगी । इसने उन्हें और उनके आदमियों को वापिस लौटने के लिए विचलित नहीं किया और उन्होंने सुरक्षा कार्मिकों को उग्रवादियों द्वारा और क्षति पहुंचाने से बचाने के लिए शील्ड (कवच) की तरह काम किया । बहुत विषम परिस्थितियों में श्री अजीत सिंह को वापिस लाया गया और अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में उनकी मृत्यु हो गई ।

भारी गोलाबारी के आदान-प्रदान में कमांडो बटालियन के कांस्टेबल हरभजन सिंह ने आतंकवादियों का सामना करने के वृह प्रयास में आतंकवादियों पर गोलाबारी जारी रखी । उन्होंने अकेले ही दो घंटे तक कड़ा मुकाबला किया और एक आतंकवादी को मार गिराने में सफल हो गए हालांकि वे बुरी तरह से घायल हो गए । उन्होंने श्री अजीत सिंह के अधूरे काम को सफलतापूर्वक पूरा किया । गांव के मध्य में एक अन्य भीषण लड़ाई में हैड कांस्टेबल तेजिन्द्र सिंह और कांस्टेबल राजिन्द्र सिंह गंभीर स्थिति का मुकाबला करते हुए बहादुरी से शहीद हो गए और सी० आर० पी० एफ० के एक कांस्टेबल को चोट पहुंची ।

उपरोक्त मुठभेड़ में जो राज्य के इतिहास में सबसे अधिक खूंखार थी, पांच सुरक्षा कार्मिक और सात उग्रवादी मारे गए । मुठभेड़ में शामिल अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्ग निर्देशन में अदम्य साहस का परिचय दिया और उसने कठिन परिस्थिति का बहादुरी से सामना किया । इस मुठभेड़ में श्री अजीत सिंह, आई० पी० एफ०, डी० आई० जी० पुलिस बार्डर रेंज अमृतसर ने उग्रवादियो का मुकाबला करते हुए अपनी जान दे दी । मृतक आतंकवादियों की बाद में पहचान की गई उसमें (1) हरिन्द्र सिंह

उर्फ जिन्दा (2) लखविन्दर सिंह उर्फ लखा पुत्र अमरीक सिंह (3) लखविन्दर सिंह उर्फ लखा पुत्र सूचा सिंह (4) मेहर सिंह उर्फ मेजर सिंह (5) अमरीक सिंह उर्फ काला (6) जगतार सिंह और (7) जिन्दा उर्फ शिन्दी थे। तलाशी के दौरान घटना-स्थल से बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया था।

इस मुठभेड़ में श्री नरिन्दर पाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 मई, 1991 से दिया जाएगा।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

83-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद :

श्री सुखदेव सिंह भाटी,
पुलिस उप-अधीक्षक,
तरन-तारन ।

श्री तेजिन्दर सिंह, (मरणोपरान्त)
हैड कांस्टेबल,
तरन-तारन ।

श्री हरभजन सिंह,
कांस्टेबल,
1 बटालियन,
पी० ए० सी० कमान्डो ।

श्री अमरीक सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
तरन-तारन ।

श्री रविन्दर सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
तरन-तारन ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 6 मई, 1991 को कुछ उग्रवादियों ने ग्राम गोहलवार के निकट बस से एक हैड कांस्टेबल को बाहर खींच लिया और बाद में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने फिरौती के लिए दो बस यात्रियों का अपहरण भी कर लिया। उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए, तरन-तारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री नरिन्दर पाल सिंह ने कुछ गाँवों की पूरी तलाशी के आदेश दिए और इसके लिए पंजाब पुलिस/सी० आर० पी० एफ० कार्मिकों को मिलाकर 12 पार्टियों का गठन किया।

तलाशी अभियान दिनांक 7 मई, 1991 की सुबह शुरू किया गया और यह पता चल गया था कि उग्रवादी तरन तारन जिले के पुलिस स्टेशन के गांव रट्टौला में छिपे हुए थे। तत्काल पूरे गांव को घेर लिया गया और प्रारंभिक प्रयासों के फलस्वरूप दो अपहृत व्यक्तियों मदनलाल और किशनलाल को सुरक्षित छुड़ा लिया गया। उनसे पूछने पर पता चला कि कुछ सशस्त्र उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों के साथ गांव में छुपे हुए थे। इसी बीच श्री नरिन्द्रपाल सिंह एस० एस० पी० गांव में पहुंचे और वहाँ की स्थिति का जायजा लेकर खोज अभियान शुरू कर दिया। बलबीर सिंह नाम के एक व्यक्ति के घर की तलाशी के दौरान घर के आंगन में मुर्गी फार्म के नीचे एक बंकर पाया गया। बड़ी समझदारी से उस बंकर को साफ किया गया और वहां से कुछ हथियार बरामद हुए तथा वहां छिपे हुए उग्रवादी बचकर पास के घरों में घुस गए।

इसी बीच एक नजदीकी घर से बचकर निकलते हुए पास की एक बिल्डिंग में घुसे गए और उन्होंने उसकी पहली मंजिल पर मोर्चे बना लिए जैसे ही श्री सुखदेव सिंह पुलिस उपाधीक्षक, तरन तारन संविग्ध मकान के पास पहुंचे, उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी। श्री सुखदेव सिंह ने प्रभावी ढंग से गोलाबारी का जवाब दिया। श्री नरिन्द्रपाल सिंह अपनी पार्टी के साथ स्थान बदलकर एक नजदीकी मकान में चले गए और उन्होंने श्री सुखदेव सिंह को कवरिंग फायर प्रदान करते हुए भारी गोलीबारी शुरू कर दी ताकि वह वहां से हटकर किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। अपनी जान के लिए भारी खतरा होते हुए भी, वह अपने बंदूकचियों के साथ स्थिति का बहादुरी से मुकाबला करते रहे। दोनों ओर से हो रही गोलीबारी में कांस्टेबल अमरीक सिंह आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गए तथा श्री सुखदेव सिंह गोली लगकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस सब के बावजूद श्री सुखदेव सिंह ने आतंकवादियों पर गोली चलाना जारी रखा और कोई रास्ता न पाकर श्री नरिन्द्रपाल सिंह और उनकी पार्टी ने इस विशिष्ट मकान का घेरा कड़ा कर दिया और सफलतापूर्वक घिरे हुए आतंकवादियों को भारी गोलाबारी के आदान-प्रदान में भगा दिया। इसके परिणामस्वरूप दोनों उग्रवादी मारे गए। उसके बाद घायल श्री सुखदेव सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया।

सूर्यास्त को ध्यान में रखते हुए छानबीन कार्रवाई निलंबित कर दी गई थी तथा ग्राम की घेराबंदी करने पर अत्याधिक जोर डाला गया था। बाहरी घेराबंदी को मजबूत करने के लिए सेना को भी बुलाया गया था। रात्रि के दौरान, उग्रवादियों द्वारा घेराबंदी में घुसपैठ करने के प्रयास में रुक-रुक कर गोलियाँ चलती रहीं जिसके फलस्वरूप सेना का

एक जवान मारा गया और एक आतंकवादी अर्थात् दिलबाग सिंह उर्फ बग्गा को गिरफ्तार किया गया । अगले दिन अर्थात् 8 मई, 1991 को श्री नरेन्द्र पाल सिंह ने स्थिति की नए सिरे से समीक्षा की और अपनायी जाने वाली रणनीति के बारे में मुठभेड़ में लगे अपने अधिकारियों तथा जवानों को बताया । श्री अजीत सिंह, डी आई० जी आफ पुलिस, बार्डर रेंज, अमृतसर, घटना स्थल पर पहुंचे, उन्होंने अपने दल के साथ ग्राम के दक्षिणी हिस्से को घेर लिया। इस समय तक, खन्दकों में छिपे आतंकवादियों ने चारों तरफ भारी गोलाबारी शुरू कर दी जिससे उनके ठिकानों का पता लगाना मुश्किल हो गया । गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए, श्री नरेन्द्र पाल सिंह अपने गनमैन के साथ आगे बढ़े ताकि घेराबंदी को कम किया जा सके। गोलाबारी में एक गनमैन अर्थात् बलविन्दर सिंह और सेना के एक जवान को गंभीर चोटें पहुंचीं । इससे श्री एन० पी० सिंह का हौसला पस्त नहीं हुआ, उन पर भारी गोलीबारी हुई तथा उनकी जांघ में गोली लगी । हालांकि अत्याधिक रक्तस्राव के बावजूद उन्होंने अपना स्थान बदला तथा यह देखा कि दो उग्रवादी पुलिस दल पर भीषण गोलाबारी कर रहे हैं। हालात को समझते हुए श्री एन० पी० सिंह ने उग्रवादियों पर भारी गोलाबारी की तथा उनमें से एक को मार गिराने में सफल हुए तथा इस प्रकार कुछ हद तक स्थिति पर नियंत्रण पाया । पी० एच० एफ० सैट पर उन्होंने उग्रवादियों के स्थान का सफाया करने के लिए अपने अधिकारियों को आगे बढ़ने का निर्देश दिया । बाद में श्री एन० पी० सिंह को, जो घायल अवस्था में थे अमृतसर ले जाया गया ।

इस बीच, श्री अजीत सिंह, डी० आई० जी० पुलिस ने खाईयों में छिपे आतंकवादियों के खिलाफ दबाव डालना शुरू कर दिया । उन्होंने स्थिति का नए सिरे से जायजा लेने के लिए अपना स्थान सुरक्षित जगह पर बदला ताकि उग्रवादियों के खिलाफ अंतिम आक्रमण (प्रहार) शुरू किया जा सके । जब वे आदमियों को भारी गोलाबारी करने के निर्देश दे रहे थे, एक गोली उनकी छाती में लगी । इसने उन्हें और उनके साथियों को वापिस लौटने के लिए विचलित नहीं किया और उन्होंने सुरक्षा कार्मिकों को उग्रवादियों द्वारा और क्षति पहुंचाने से बचाने के लिए शील्ड (कवच) की तरह काम किया। बहुत विषम परिस्थितियों में श्री अजीत सिंह को वापिस लाया गया और अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में उनकी मृत्यु हो गयी ।

भारी गोलाबारी के आदान प्रदान में कमान्डो बटालियन के कांस्टेबल हरभजन सिंह ने आतंकवादियों का सामना करने के दृढ़ प्रयास में आतंकवादियों पर गोलाबारी जारी रखी । उन्होंने अकेले ही दो घंटे तक कड़ा मुकाबला किया और एक आतंकवादी को मार गिराने में सफल हो गए हालांकि वे बुरी तरह से घायल हो गए । उन्होंने श्री अजीत सिंह के अधूरे काम को सफलतापूर्वक पूरा किया । गांव के मध्य में एक अन्य भीषण लड़ाई में हैड कांस्टेबल तेजिन्दर सिंह और कांस्टेबल राजिन्द्र सिंह गंभीर स्थिति का मुकाबला करते हुए बहादुरी से शहीद हो गए और सी० आर० पी० एफ के एक कांस्टेबल को चोट पहुंची ।

उपरोक्त मुठभेड़ में जो राज्य के इतिहास में सबसे अधिक खूंखार मुठभेड़ थी, सात सुरक्षा कार्मिक और सात उग्रवादी मारे गये । मुठभेड़ में शामिल अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्ग निर्देशन में अदम्य साहस का परिचय दिया और उसने कठिन परिस्थिति का बहादुरी से सामना किया । इस मुठभेड़ में श्री अजीत सिंह, आई० पी० एफ०, डी० आई० जी० पुलिस बार्डर रेंज, अमृतसर ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए अपनी जान दे दी । मृतक आतंकवादियों की बाद में पहचान की गई उनमें (1) हरिन्दर सिंह उर्फ जिन्दा (2) लखविन्दर सिंह उर्फ लखा पुत्र अमरीक सिंह (3) लखविन्दर सिंह उर्फ लखा पुत्र सूचा सिंह (4) मेहर सिंह उर्फ मेजर सिंह (5) अमरीक सिंह उर्फ काला (6) जगतार सिंह और (7) शिन्दा उर्फ शिन्दी थे । तलाशी के दौरान घटना स्थल से बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया था ।

इस मुठभेड़ में श्री सुखदेव सिंह भाटी, पुलिस उप-अधीक्षक, श्री तेजिन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल, श्री हरभजन सिंह कांस्टेबल, श्री अमरीक सिंह, कांस्टेबल और श्री राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए किये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय,
निदेशक

सं० 84-प्रेस/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद :

श्री मोहिन्दर सिंह,
पुलिस उप-अधीक्षक,
आनन्दपुर साहिब ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 8 जून, 1991 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रोपड़, को सूचना मिली कि थाना नूरपूर बेदी के अन्तर्गत ग्राम सैदपुर में कुछ आतंकवादी छिपे हैं । उन्होंने श्री मोहिन्दर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक, आनन्दपुर, को आतंकवादियों के छिपने के स्थान पर छापा मारने का निर्देश

दिया । संदिग्ध छिपने के स्थान पर छापा मारने के लिए अन्य पुलिस कार्मिकों सहित श्री मोहिन्दर सिंह 11.45 बजे (अपराह्न) रवाना हुए । जब पुलिस दल सैदपुर की एक स्कूल इमारत के निकट पहुंचा तो इमारत के अन्दर छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा उन पर स्वचालित हथियारों से भारी गोली-बारी हो गई । पहले दल ने तुरन्त पोजीशन संभाली और जवाब में गोलियां चलाईं । नूरपुर बेदी के थाना प्रभारी और उनके दल की जान को गंभीर खतरे का आभास करते हुए श्री मोहिन्दर सिंह ने तुरन्त इमारत की दाईं ओर छिपने के स्थान पर धावा बोलने की योजना बनाई ।

इमारत को पूरी तरह से घेर लेने के बाद श्री मोहन्दर सिंह ने अपने दल के सदस्यों को आगे बढ़ कर धावा बोलने के लिए तेज स्वर में आदेश दिया, जो थाना प्रभारी, नूरपुर बेदी और उसके दल के लिए गोली-बारी रोक देने का संकेत भी था । उसके बाद श्री मोहिन्दर सिंह और उनका दल चार दीवारी पर चढ़ा तथा स्कूल के अन्दर कूद गया और अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए आतंकवादियों पर धावा बोल दिया । जब दल आतंकवादियों के छिपने के स्थान से करीब 30–40 गज दूर रह गया था, तो आतंकवादियों ने पुलिस दल पर हथगोले फैंके । भयभीत हुए बिना, श्री मोहिन्दर सिंह ने लेट कर मोर्चा संभाल लिया तथा अपने साथियों को लेट कर मोर्चा संभाल लेने के आदेश दिए । हथगोले पुलिस दल के निकट फटे और उसके दर्रे भूमी पर लेटे हुए पुलिस कार्मिकों के ऊपर से गुजरे । आतंकवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर गोली चलाना जारी रखा परन्तु श्री मोहिन्दर सिंह और उनके दल के सदस्य बिना घायल हुए बच निकले । श्री मोहिन्दर सिंह स्वयं रेत के एक टीले के पीछे लेट गए और आतंकवादियों के छिपने के स्थान पर भीषण गोली-बारी की । इसके साथ-साथ उन्होंने नूरपुर बेदी के थाना प्रभारी को आदेश दिया कि वे आतंकवादियों के छिपने के स्थान को आगे की ओर से और बांईं ओर से घेर लें । इस बात का आभास होते ही कि उनको चारों ओर से घेरा जा रहा है, आतंकवादियों ने श्री मोहिन्दर सिंह द्वारा संभाले गए मोर्चे वाले स्थान के निकट से मण्ड क्षेत्र की ओर बचकर भागने की निरर्थक कोशिश की ।

एक साहस पूर्ण कार्य का प्रदर्शन करते हुए और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर, श्री मोहिन्दर सिंह ने दौड़ते हुए आतंकवादियों का पीछा किया और उनमें से एक को दबोच लिया । उनमें से एक आतंकवादी के साथ उनकी हाथापाई हो गई । हाथापाई के दौरान श्री मोहिन्दर सिंह के हाथ की पकड़ से ए० के०—47 राईफल छूट गई और नीचे गिर गई । संयम बरतते हुए उन्होंने जोखिम उठाया और आतंकवादियों से उसकी ए के —47 राईफल छीन ली । जब आतंकवादी ने श्री मोहिन्दर सिंह की गिरफ्त से छूट कर बच कर भाग निकलने की कोशिश की तो श्री मोहिन्दर सिंह ने आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे वहीं मार गिराया । फिर भी, अन्य आतंकवादी अंधेरे और ऊंची घास का फायदा उठाते हुए मण्ड क्षेत्र में भाग निकला । खोज-बीन के बाद एक शव बरामद किया गया जिसकी बाद में, सोहन सिंह के रूप में पहचान की गई । वहां की तलाशी लेने पर एक ए के —47 राईफल, ए0 के–47, राईफल की एक मैगजीन तथा बड़ी मात्रा में खाली तथा बिना प्रयोग किए गए कारतूस बरामद हुए । बब्बर खालसा इंटरनेशनल का मृत आतंकवादी बहुत घृणित अपराधों में अन्तर्ग्रस्त था ।

इस मुठभेड़ में श्री मोहिन्दर सिंह, पुलिस उप-अधीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 जून, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई, 1992

सं० 85–प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद ।

श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय,
पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक,
जिला—फिरोजपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 3 मई, 1991 को इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह, एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन धर्मकोट को यह सूचना मिली कि एक कट्टर उग्रवादी राजबीर सिंह उर्फ फौजी तथा कुछ अन्य कट्टर उग्रवादी करतार सिंह, ग्राम लोहारा, पुलिस स्टेशन धर्मकोट के एक परित्यक्त फार्म हाउस में छिपे हुए हैं । उन्होंने शीघ्र ही यह सूचना श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर और पुलिस उप-अधीक्षक, जीरे को दी जो तत्काल ही अपने बल के साथ पुलिस स्टेशन, धर्मकोट पहुंच गए ।

तत्पश्चात्, तीन दल बनाए गए, प्रत्येक दल का नेतृत्व एस एस० पी०, फिरोजपुर पुलिस उप-अधीक्षक, जीरे तथा

एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन, धर्मकोट ने अलग-अलग किया और उन्होंने फार्म हाउस को घेर लिया । तब श्री चट्टोपाध्याय ने उग्रवादियों को चेतावनी दी कि पुलिस ने चारों ओर से फार्म हाउस को घेर लिया है, अतः वे आत्मसमर्पण कर दें । किन्तु फार्म हाउस के बराड़ें की छत पर से कुछ उग्रवादियों ने पुलिस दल पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी तथा फार्म हाउस के आंगन में कूद पड़े । पुलिस को आत्म-रक्षा में गोली चलानी पड़ी ।

कुछ समय पश्चात् श्री चट्टोपाध्याय अपने जीवन की परवाह न करते हुए रेंग कर ट्यूबवैल के कमरे के करीब पहुंचे । उग्रवादियों ने पुलिस दल की आवाजाही को देख लिया और उन पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी । कुछ गोलियां ठीक उसी दीवार पर लगी जिसके नीचे श्री चट्टोपाध्याय जमीन पर लेटे हुए थे, अतः उन्हें चोट नहीं आई । उसके बाद श्री चट्टोपाध्याय और उनके दल ने टूटी हुई दीवार की पिछली तरफ से उग्रवादियों पर गोलियां चलाई ।

इसी बीच इंस्पैक्टर नछत्तर सिंह ने अपने दल के साथ अपनी जान की परवाह न करते हुए उग्रवादियों की भारी गोलाबारी के बावजूद भी रेंगते हुए मुख्य द्वार से अहाते से प्रवेश किया । उग्रवादियों के समीप पहुंच कर पुलिस दल ने उन पर गोलाबारी शुरू कर दी । दोनों ओर से ढाई घन्टे तक गोलियां चलती रहीं । उसके बाद उग्रवादियों की ओर से गोलाबारी रुक गई । तलाशी करने पर उग्रवादियों के चार शव बरामद हुए जिनकी बाद में राजवीर सिंह, उर्फ फौजी, सुखवीर सिंह उर्फ काला, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा तथा कुलवन्त सिंह उर्फ कान्ता के रूप में शिनाख्त की गई । मुठभेड़ के स्थान से तलाशी के दौरान एक ए० के०—47 राईफल, दो ए० के०—56 राइफल्स, 12 राकिट, एक .33 बोर राईफल, एक लैंडमाइन, एक डारैक्शनल एक्सप्लोसिव, 3 किलो विस्फोटक सामग्री, 34 डिटोनेटरस् और बड़ी मात्रा में सक्रिय/निष्क्रिय कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई, 1992

सं० 86-प्रेज/92—राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री नछत्तर सिंह,
पुलिस इंस्पेक्टर,
जिला—फिरोजपुर ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 3 मई, 1991 को इंस्पेक्टर नछत्तर सिंह एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन, धर्मकोट को यह सूचना मिली कि एक कट्टर उग्रवादी राजवीर सिंह उर्फ फौजी तथा कुछ अन्य कट्टर उग्रवादी करतार सिंह, ग्राम लोहारा, पुलिस स्टेशन, धर्मकोट के एक परित्यक्त फार्म हाऊस में छिपे हुए हैं । उन्होंने शीघ्र ही यह सूचना श्री सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर और पुलिस उप-अधीक्षक, जीरे को दी जो तत्काल ही अपने बल के साथ पुलिस स्टेशन, धर्मकोट पहुंच गए ।

तत्पश्चात्, तीन दल बनाए गए, प्रत्येक दल का नेतृत्व एस० एस० पी०, फिरोजपुर, पुलिस उप-अधीक्षक, जीरे तथा एस० एच० ओ०, पुलिस स्टेशन, धर्मकोट ने अलग-अलग किया और उन्होंने फार्म हाऊस को घेर लिया । तब श्री चट्टोपाध्याय ने उग्रवादियों को चेतावनी दी कि पुलिस ने चारों ओर से फार्म हाउस को घेर लिया है, अतः वे आत्मसमर्पण कर दें । किन्तु फार्म हाउस के बराड़े की छत पर कुछ उग्रवादियों ने पुलिस दल पर से भारी गोलाबारी शुरू कर दी तथा फार्म हाउस के आंगन में कूद पड़े । पुलिस को आत्म-रक्षा में गोली चलानी पड़ी ।

कुछ समय पश्चात् श्री चट्टोपाध्याय अपने जीवन की परवाह न करते हुए रेंग कर ट्यूबवैल के कमरे के करीब पहुंचे । उग्रवादियों ने पुलिस दल की आवाजाही को देख लिया और उन पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी । कुछ गोलियां ठीक उसी दीवार पर लगीं जिसके नीचे श्री चट्टोपाध्याय जमीन पर लेटे हुए थे, अतः उन्हें चोट नहीं आई । उसके बाद श्री चट्टोपाध्याय और उनके दल ने टूटी हुई दीवार की पिछली तरफ से उग्रवादियों पर गोलियां चलाई ।

इसी बीच इंस्पेक्टर नछत्तर सिंह ने अपने दल के साथ अपनी जान की परवाह न करते हुए उग्रवादियों की भारी गोलाबारी के बावजूद भी रेंगते हुए मुख्य द्वार से अहाते में प्रवेश किया । उग्रवादियों के समीप पहुंचकर पुलिस दल ने उन पर गोलाबारी शुरू कर दी । दोनों ओर से ढाई घन्टे

तक गोलियां चलती रहीं । उसके बाद उग्रवादियों की ओर से गोलाबारी रुक गई । तलाशी करने पर उग्रवादियों के चार शव बरामद हुए जिनकी बाद में राजवीर सिंह उर्फ फौजी, सुखवीर सिंह उर्फ काला, सुखदेव सिंह उर्फ सुखा तथा कुलवन्त सिंह उर्फ कान्ता के रूप में शिनाख्त की गई । मुठभेड़ के स्थान से तलाशी के दौरान एक ए० के०-47 राईफल, दो ए० के०-56 राइफल्स, 12 राकेट, एक .33 बोर राइफल, एक लैंडमाइन, एक डारैक्शनल, एक्सप्लोसिव, 3 किलो विस्फोटक सामग्री, 34 डिटोनेटरस् और बड़ी मात्रा में सक्रिय/निष्क्रिय कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री नछत्तर सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस व उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फल-स्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3 मई, 1991 से दिया जाएगा ।

ए० के० उपाध्याय
निदेशक

लोक सभा सचिवालय

(प्राक्कलन समिति शाखा)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 15 मई 1992

सं० 4/2/ई० सी०/92—लोक सभा के निम्नलिखित सदस्यों को प्राक्कलन समिति की 1 मई, 1992 से आरम्भ होने वाली और 30 अप्रैल, 1993 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए निर्वाचित किया गया है :—

1. श्री ए० चार्ल्स
2. श्री राजेन्द्र अग्निहोत्री
3. श्री मुमताज अंसारी
4. श्री अयूब खां
5. श्री मनोरंजन भक्त
6. श्री सरताज सिंह छटवाल
7. श्री सोमजीभाई डामोर
8. श्री पांडुरंग पुंडलिक फुंडकर
9. श्री संतोष कुमार गंगवार
10. श्रीमती गिरिजा देवी
11. श्री नूरुल इस्लाम
12. श्री आर० जीवरत्नम
13. डा० विश्वनाथम कैनिथी
14. श्री सी० के० कुप्पुस्वामी
15. श्री धर्मपाल सिंह मलिक
16. श्री संजय लाल
17. श्री हन्नान मोल्लाह
18. श्री जी० देवराय नायक
19. श्री रूप चन्द पाल
20. श्री श्रीवल्लभ पाणिग्रही
21. श्री हरिन पाठक
22. श्री हरीश नारायण प्रभु झाट्ये
23. श्री अमर राय प्रधान
24. श्री इब्राहिम सुलेमान सेठ
25. श्री भोरेश्वर साबे
26. श्री मानवेंद्र शाह
27. डा० महावीपक सिंह शाक्य
28. श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री
29. श्री मानकूराम सोढ़ी
30. श्री ब्रज किशोर त्रिपाठी

अध्यक्ष ने श्री मनोरंजन भक्त संसद सदस्य को प्राक्कलन समिति (1992–93) का सभापति नियुक्त किया है ।

बी० बी० पंडित,
निदेशक

इलेक्ट्रानिकी विभाग

नई दिल्ली-110003, दिनांक 20 अप्रैल 1992

संकल्प

सं० 15 (40)/91-निर्यात—भारत सरकार ने निम्नलिखित के कार्यान्वयन की दृष्टि से इलेक्ट्रानिकी विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत भारत सरकार की एक पंजीकृत अलाभकारी स्वायत्त संस्था के रूप में 'सैटकाम' सेवा (भारत) स्थापित करने का निर्णय किया है :—

I. 'सैटकाम' सेवा (भारत) को संस्था पंजीकरण अधिनियम-1860 के अंतर्गत एक संस्था के रूप में पंजीकृत किया जाएगा, जिसका पंजीकृत कार्यालय इलेक्ट्रानिक्स निकेतन, 6, सी० जी० गो० काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 में होगा ।

II. सैटकाम' सेवा का मुख्य उद्देश्य मूल्य संवर्धित उच्च गति की आंकड़ा संचार सुविधाएं स्थापित करना तथा निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आंकड़ा अंतर सुलभ कराने की दृष्टि से उपभोक्ता के परिसर तक सेवाएं उपलब्ध कराना होगा :—

(क) बिना किसी अतिरिक्त लागत के उपभोक्ता के परिसर पर पूर्णतया विश्वसनीय उच्च गति का सम्पर्क ।

(ख) अल्प सूचना पर उच्च गति के अंतर्राष्ट्रीय उपलब्ध सम्पर्क कराने की क्षमता ।

(ग) दिन की विभिन्न अवधियों तथा विभिन्न समयों के लिए विभिन्न गतियों पर संपर्क उपलब्ध कराने की क्षमता ।

(घ) उपर्युक्त (ग) के अनुसार वास्तविक उपयोगिता के आधार पर सेवाओं के लिए प्रभार लेने की एक लचीली प्रणाली ।

(ङ) विभिन्न देशों को आंकड़ा सम्पर्क सुविधाएं उपलब्ध कराने में लचीलापन ।

(च) भारतीय उद्यमों तथा उनके विदेशी ग्राहकों/भागीदारों के बीच कम्प्यूटर के माध्यम से सम्पर्क उपलब्ध कराने की सुविधा ।

III. इस संस्था के प्रशासन तथा प्रबंध का दायित्व एक अधिशासी परिषद, पर होगा । अधिशासी परिषद, का गठन नीचे दिये अनुसार है :—

क्रम सं०	नाम तथा पता	स्तर
(i)	श्री ना० विठ्ठल, सचिव इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार 6, सी० जी० ओ० काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 ।	अध्यक्ष
(ii)	श्री के० राय पाल, संयुक्त सचिव इलेक्ट्रानिकी विभाग भारत सरकार 6 सी० जी० ओ० काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 ।	पदेन महानिदेशक
(iii)	श्री एस० डब्ल्यू० ओक, संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार 6, सी० जी० ओ० काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 ।	सदस्य
(iv)	श्री बृजेन्द्र के० सिंगल, अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक, विदेश संचार निगम लिमिटेड महात्मा गांधी रोड, मुम्बई–400001 ।	सदस्य
(v)	श्री अशोक झा, संयुक्त सचिव वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली ।	सदस्य
(vi)	श्री सौरभ श्रीवास्तव प्रबंध निदेशक, इंटरनेशनल इंफौर्मेटिक्स-सोल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड, श्री प्रताप उद्योग 274 शहीद कैप्टन गौड़ मार्ग, श्रीनिवास पुरी, नई दिल्ली-110065 ।	सदस्य
(vii)	श्री एफ० सी० कोहली निदेशक, टाटा परामर्श सेवायें, नरीमन पाइन्ट, मुम्बई-400021 ।	सदस्य
(viii)	श्री एन० आर० नारायण मूर्ति, प्रबंध निदेशक इंफोसिस कन्सलटेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, के–130, कोरामंगल, बंगलौर-560034 ।	सदस्य
(ix)	डा० एस० रामणी निदेशक राष्ट्रीय साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी केन्द्र, गुलमोहर क्रास रोड नं० 9, जुहू, मुम्बई-400049 ।	सदस्य
(x)	श्री हरीश मेहता, प्रबंध निदेशक, आनवर्ड टेक्नोलाजी प्राइवेट लि०, हीरोज बिल्डिंग, चर्च गेट मुम्बई ।	सदस्य
(xi)	श्री आर० के० वर्मा अपर निदेशक इलेक्ट्रानिकी विभाग (भारत सरकार) 6, सी० जी० ओ० काम्प्लेक्स, नई दिल्ली ।	सदस्य-सचिव

IV. परिषद के सदस्य सचिव इस संस्था के रजिस्ट्रार होंगे।

V. एक कार्यकारी समिति द्वारा अधिशासी परिषद, की सहायता की जायेगी जो संस्था के तकनीकी और प्रशासनिक प्रबंध की देखभाल करेगी । 'सेटकाम' सेवा (भारत) के पदेन महानिदेशक इसकी कार्यकारी समिति के अध्यक्ष होंगे ।

VI. श्री के० राय पाल, संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रानिकी विभाग पदेन महानिदेशक के रूप में कार्य करेंगे तथा श्री आर० के० वर्मा अपर निदेशक, इलेक्ट्रानिकी विभाग इसके कार्यकारी निदेशक होंगे ।

एस० मुरली,
संयुक्त सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

(पूर्ति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 29 मई 1992

सं० सी–18011/3/89–स्था०–1 (पार्ट)—राष्ट्रपति, पूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय में सहायक निदेशक (पूर्ति) (ग्रेड-1) श्री विक्रम आदित्य को उपनिदेशक (पूर्ति) के वेतनमान अर्थात् 3000-100-3500-125-4500 रुपये में दिनांक 6 अप्रैल 1984 से तथा उनके नियमित आधार पर उपनिदेशक (पूर्ति) के रूप में नियुक्त होने तक के लिए व्यक्तिक आधार पर विशेष कार्याधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं ।

2. श्री विक्रम आदित्य की उपरोक्त नियुक्ति केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण प्रधान पीठ के दिनांक 8 नवम्बर 1991 के ओ० ए० सं० 642/89 पर दिए गए निर्णय के प्रतिपालन में दिनांक 6 अप्रैल 1984 से प्रभावी की गई है ।

एस० बालासुब्रमणियन
अवर सचिव

वस्त्र मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 मई 1992

सं० एफ 1(49) 190–टी०सी०एम०—भारत सरकार ने दिनांक 1 अप्रैल 1992 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में तथा उसमें आंशिक

संशोधन करते हुए निर्णय लिया है कि कपास-सलाहकार बोर्ड में निम्नलिखित अतिरिक्त गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल किया जाए :—

उपजकर्ता :

1. श्री के० सुन्दरमूर्ति
के० जी० एफ० कोलार जिला
कर्नाटक ।

2. श्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत
भूतपूर्व विधायक
गान्धी नगर, गुजरात ।

3. श्री बंसी लाल बूतलहरे
भूतपूर्व मन्त्री
63 एम० आर० जी०, एम० एल० ए० क्वार्टर्स
भोपाल (मध्य प्रदेश) ।

2. बोर्ड सरकार को सामान्यतः कपास के उत्पादन, खपत और विपणन संबंधी मामलों में सलाह देगा जिनमें कपास नियंत्रण आदेश 1986 के अधिकार क्षेत्र के भीतर आने वाले मामले भी शामिल हैं तथा साथ ही सूती वस्त्र मिल उद्योग कपास उपजकर्ताओं, कपास व्यापार और सरकार के बीच सम्पर्क सूत्र स्थापित करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा ।

3. पुनर्गठित बोर्ड के सदस्य 31 अगस्त 1994 तक बोर्ड की सेवा करेंगे ।

4. गैर-सरकारी सदस्यों को वित्त मंत्रालय के निदेशों के अनुसार कपास सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिए टी० ए० डी० ए० मिलेगा ।

5. बोर्ड की बैठक में उपस्थित केवल सदस्यों तक ही सीमित रहेगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना की एक प्रतिलिपि सभी संबंधित व्यक्तियों को प्रेषित की जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

आर० आर० सिंह
निदेशक

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण

नई दिल्ली-110011, दिनांक 27 मई 1992

सं० एफ० 32/33-88-स्मा०—भारत सरकार पुरातत्व सर्वेक्षण, के दिनांक 17 मार्च 1992 के संकल्प सं० एफ० 32/33/88-स्मा० के अनुसरण में, तथा दिनांक 24 मार्च 1992 की अधिसूचना सं० एफ० 32 33/88-स्मा०, के तहत पहले ही अधिसूचित नियुक्तियों के अतिरिक्त भारत के विश्वविद्यालयों से प्राप्त सिफारिशों में से अध्यक्ष द्वारा नामित डा० पी० सी० पारिख निदेशक बी० जे० इन्स्टीट्यूट आफ लर्निंग एण्ड रिसर्च अहमदाबाद को केन्द्रीय पुरातत्व सलाहकार मंडल का सदस्य नियुक्त किया गया है ।

एम० सी० जोशी
महानिदेशक

औद्योगिक विकास विभाग

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 मई 1992

संकल्प

सं० सिरामिक 11(21) 91—सिरामिक उद्योग के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए पुनर्गठित विकास नामिका से संबंधित सम संख्यक दिनांक 27 सितम्बर, 1991 के संकल्प को जारी रखते हुए भारत सरकार ने नामिका के वर्तमान संरचना के अतिरिक्त निम्नलिखित सदस्यों को शामिल करने का निर्णय लिया है :—

1. श्री आर० एम० मेहरा
सिरामिक तथा प्रबंध परामर्शदाता
94 वरियामहल 'ए'
80 एल० जगमोहन दास मार्ग
बम्बई-400006 ।

2. श्री एस० के० घोष
प्रबन्ध निदेशक
एलायड सिरामिक लि०
91, सेनिनसारानी
कलकत्ता-700017 ।

नामिका की संरचना तथा संदर्भ की शर्तों के संबंध में कोई दूसरा परिवर्तन नहीं है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संरचना के प्रति सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भेज दी जाए । यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिए इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

मदन मोहन
निदेशक (प्रशासन)

कृषि मंत्रालय

(पशुपालन तथा डेयरी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 9 मार्च, 1992

संकल्प

सं० 3-14/87-एल० डी० टी०—इस मंत्रालय के दिनांक 6 सितम्बर, 1988 के संकल्प तथा बाद में, समय-समय पर जारी संशोधनों के क्रम में, भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से आगे तीन वर्ष की अवधि के लिए गो संवर्द्धन सलाहकार परिषद् पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है ।

गो संवर्द्धन सलाहकार परिषद् का गठन

पुनर्गठित परिषद् का गठन निम्न प्रकार से होगा :

1. कृषि मंत्री, — अध्यक्ष
कृषि भवन, नई दिल्ली ।

2. राज्य मंत्री (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, पशुपालन और डेयरी विभाग) कृषि भवन, नई दिल्ली । — उपाध्यक्ष

3. सचिव, — सदस्य
पशुपालन और डेयरी विभाग,
कृषि मंत्रालय, कृषि भवन,
नई दिल्ली ।

4. पशुपालन आयुक्त, — सदस्य
पशुपालन और डेयरी विभाग,
कृषि मंत्रालय, कृषि भवन,
नई दिल्ली ।

5. उप-महानिदेशक, (ए० एस०) सदस्य
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्,
कृषि भवन, नई दिल्ली ।

6. संयुक्त सचिव (पशुपालन) सदस्य
पशुपालन और डेयरी विभाग,
कृषि मन्त्रालय,
कृषि भवन, नई दिल्ली ।

7. संयुक्त सचिव (डेयरी विकास) सदस्य
पशुपालन और डेयरी विभाग,
कृषि मन्त्रालय,
कृषि भवन, नई दिल्ली ।

8. संयुक्त सचिव (आई० आर० डी०) सदस्य
ग्रामीण विकास मंत्रालय,
कृषि भवन, नई दिल्ली ।

9. अध्यक्ष, सदस्य
राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड,
आनन्द, गुजरात ।

10. निदेशक, पशुपालन, सदस्य
पंजाब, चंडीगढ़ ।

11. निदेशक, पशुपालन, सदस्य
केरल, तिरूअनंतपुरम ।

12. निदेशक, पशुपालन, सदस्य
उ० प्र०, लखनऊ ।

13. निदेशक, पशुपालन, सदस्य
उड़ीसा, कटक ।

14. श्री स्वामी आनंदबोध सरस्वती, सदस्य
अध्यक्ष,
सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा,
महर्षि दयानन्द भवन,
रामलीला मैदान,
नई दिल्ली-110002 ।

15. श्री स्वामी गोरक्षानन्द सरस्वती, सदस्य
संयोजक, श्री गोशाला बाबा फूलसध,
पो० उचाना खुर्द,
जिला जींद (हरियाणा) ।

16. श्री राम सिंह राठौर,
अध्यक्ष, महर्षि दयानन्द गोवर्धन बुग्ध केन्द्र, सदस्य
25–1, यशवन्त निवास रोड,
द्वितीय तल,
इंदौर (म० प्र०) ।

17. श्री प्रेम चन्द गुप्ता, सदस्य
पूर्व-सदस्य, महानगर परिषद्,
कार्यकारी अध्यक्ष,
भारत गोसेवक समाज,
4–17, रूप नगर,
दिल्ली-110007 ।

18. श्री राम पाल अग्रवाल, सदस्य
नूतन कामधेनु प्रतिष्ठान,
कामधेनु लेन,
मुक्कड़ बाग रोड,
पटना (बिहार) ।

19. श्री दशरथ भाई ठाकुर, सदस्य
मंत्री, बम्बई जीव दया मंडली,
दया मन्दिर, 125–127,
मुम्बा देवी रोड,
बम्बई-3 ।

20. श्री दत्तात्रेय मंजूनाथ बर्वे, सदस्य
पंचवटी गो-सेवा आश्रम,
पो० मलगी, ता० मंदगोड,
जिला—नार्थकन्नड़—581546 ।

21. पंडित वन्देमातरम रामचन्द्र राव, सदस्य
14–3–178, कमलानिलयम,
गोशाव महल स्टेडियम,
हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) ।

22. श्री ईश्वर सिंह सामोटा, सदस्य
एडवोकेट,
नाथद्वारा जिला—उदयपुर
(राजस्थान) ।

23. डा० राधानाथ रथ, सदस्य
पदम भूषण, पूर्व-मंत्री, उड़ीसा,
अध्यक्ष, कटक गौशाला और संपादक "समाज"
कटक (उड़ीसा) ।

24. डा० प्रेमधर मिश्रा, सदस्य
उत्कल हाडकास फार्म,
ग्रा० पो०—प्रेमकनाल,
(उड़ीसा) ।

25. श्री विद्यासागर, सदस्य
बिहार भूदान समिति,
कदम कुंआ,
पटना–3 (बिहार) ।

26. श्री चांदी रामजी वर्मा, सदस्य
पूर्व—विधायक,
अबोहर, पंजाब ।

27. डा० जे० एन० पांडा, सदस्य
सेवा-निवृत्त निदेशक,
पशुचिकित्सा,
ग्रा० पो० बारगढ़, जिला—संबलपुर,
(उड़ीसा) ।

28. और दो संसद सदस्य सदस्य

29. दोनों सदनों से एक-एक

30. संयुक्त आयुक्त (एल० पी०), सदस्य सचिव
पशुपालन और डेयरी विभाग,
कृषि मंत्रालय, कृषि भवन,
नई दिल्ली ।

सलाहकार समिति के निम्नलिखित कार्य होंगे :—

(1) समय-समय पर गोपशुओं के संरक्षण, विकास, प्रजनन आहार तथा विपणन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करना ।

(2) उपर्युक्त मामलों में से किसी पर भी केन्द्रीय और राज्य सरकारों को सलाह देना ।

(3) गोपशुधन के विकास, खासकर गोशाला के उचित रूप से विकास से संबंधित मामलों पर राज्य गोसंवर्धन परिषदों, गोशाला तथा पिंजरापोल संघ जैसे विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के कार्यकलापों की समीक्षा और समन्वयन,

(4) गोपशु के विकास, खासकर जहां गैर-सरकारी संस्थाओं का सहयोग अपेक्षित है, के लिए प्रवर्द्धनात्मक कार्यकलाप शुरू करना; और

(5) देश के किसी क्षेत्र में गोपशुधन के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा यथापेक्षित अन्य कार्य शुरू करना।

परिषद् की आवधिक रूप से ऐसे समय और स्थान पर बैठक होगी जैसा अध्यक्ष द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

आदेश

1. आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों, संघशासित क्षेत्र प्रशासनों, भारत सरकार के मंत्रालयों के विभागों, योजना आयोग, मंत्रिमंडलीय सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय और अन्य संबंद्ध संगठनों को भेजी जाए

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

आर० सी० चौधरी, संयुक्त सचिव (पशुपालन)

संचार मंत्रालय

(दूरसंचार आयोग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 1 जून 1992

विषय : भारतीय तार अधिनियम, 1885 की पुनरीक्षा करने तथा उपयुक्त संशोधनों की सिफारिश करने के लिए समिति का गठन।

सं० 2-1/91-टी० सी० ओ०—श्री के० के० सिन्हा द्वारा दूरसंचार विभाग में अपर सचिव (टी) का कार्यभार ग्रहण करने के परिणाम स्वरूप उन्हें भारतीय तार अधिनियम, 1885 की पुनरीक्षा करने के लिए गठित समिति में श्री बी० एन० भागवत के स्थान पर सदस्य नियुक्त किया गया है। समिति का गठन दिनांक 4 नवम्बर, 1991 को समसंख्यक अधिसूचना के तहत किया गया था।

आर० रामानुजम, संयुक्त सचिव

विद्युत एवं अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय

(विद्युत विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 मई 1992

सं० 6/8—/90-ट्रांस—विद्युत विभाग के संकल्प सं० 6/8/90-ट्रांस दिनांक 4 अक्तूबर, 1991 में उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड के गठन संबंधी संरचना में क्रम संख्या (5) व (7) के स्थान पर निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाए :—

(5) विद्युत संबंधी कार्य प्रभारी मंत्री, मेघालय अथवा उनकी ओर से प्रतिनिधि।

(7) विद्युत संबंधी कार्य प्रभारी मंत्री, नागालैण्ड अथवा उनकी ओर से प्रतिनिधि।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त संकल्प असम, मणिपुर अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैण्ड और मिजोरम की राज्य सरकारों असम और मेघालय के बिजली बोर्ड, नीपको, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम राष्ट्रीय विद्युत पारेषण निगम, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड भारत सरकार के सभी मंत्रालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति के सचिव, योजना आयोग और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को भेज दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित कर दिया जाए।

ए० एस० जठग संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 मई 1992

सं० क्यू०—16012/1/88 ई० एस० ए० (एन० एल० आई०)—जबकि राष्ट्रीय श्रम संस्थान का पुनर्गठन अधिसूचना सं० क्यू—16012/1/88-ई० एस० ए० (एन० एल० आई०) दिनांक 6 जून, 1990 द्वारा अधिसूचित किया गया था।

अब उपर्युक्त अधिसूचना में निम्नलिखित परिवर्तन किये जाएं:-

क्रमांक 26 की विद्यमान प्रविष्टि के लिए अर्थात् :—

"श्री जी० एस० लोहाना,
संयुक्त सचिव
श्रम मंत्रालय श्रम शक्ति भवन,
नई दिल्ली"।

निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी :—

"श्री लालफाक जुआला,
संयुक्त सचिव
श्रम मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन,
नई दिल्ली"।

वी० रामाराव, संयुक्त निदेशक

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 27 जून 1992

सं० 10/2/92-के० से० (II)—कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 1992 में केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग, भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिक के संवर्ग के ग्रेड-ग, सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-ग, रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "ग" और अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (रेल मंत्रालय) आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "ग" के लिए प्रवर सूचियों में सम्मिलित करने के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किये जाते हैं।

2. प्रवर सूचियों में सम्मिलित किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बता दी जायेगी।

केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिऐ आरक्षण किए जाएंगे।

अनुसूचित जाति/आदिम जाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित हैं :—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश; 1950, संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951; संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951; अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956; बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966; हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971; संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989 और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) एक्ट, 1976 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (संशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा यथासंशोधित संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956; संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989 और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) एक्ट, 1976; और संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959; (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथासंशोधित, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962; संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962; संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964; संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967; संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजातियां आदेश, 1970; संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978; तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978; संविधान (जम्मू एवं कश्मीर) आदेश, 1989 समय-समय पर संशोधित ।

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) एक्ट, 1990 और संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (संशोधन) एक्ट, 1991; संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) एक्ट, 1991 ।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट में निर्धारित पद्धति के अनुसार ही ली जाएगी ।

किस तारीख को और किन-किन स्थानों पर परीक्षा ली जायेगी, इसका निर्धारण आयोग करेगा ।

4. पात्रता की शर्तें—केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/केन्द्रीय सतर्कता आयोग आशुलिपिक सेवा/भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों के संवर्ग/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (रेल मंत्रालय) आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "घ" या श्रेणी–III का नियमित रूप से नियुक्त कोई भी ऐसा स्थायी अथवा अस्थायी अधिकारी जो निम्नलिखित शर्तें पूरी करता हो, परीक्षा में बैठने और अपनी सेवा की रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता करने का पात्र होगा अर्थात् केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ के आशुलिपिक उस सेवा के ग्रेड-ग की रिक्तियों के लिए पात्र होंगे, केन्द्रीय सतर्कता आयोग आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ के आशुलिपिक उस सेवा के ग्रेड-ग की रिक्तियों के लिए पात्र होंगे और भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड–III के आशुलिपिक भारतीय विदेश सेवा (ख) के (आशुलिपिकों) के संवर्ग के ग्रेड-II की रिक्तियों के लिए पात्र होंगे तथा सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-घ के आशुलिपिक सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड–ग और रेलवे सचिवालय आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "घ" के आशुलिपिक रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के श्रेणी "ग" की रिक्तियों के लिए पात्र होंगे और अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (रेल मंत्रालय) आशुलिपिक सेवा की श्रेणी "घ" के आशुलिपिक, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन आशुलिपिक सेवा के श्रेणी "ग" की रिक्तियों के लिए पात्र होंगे ।

(क) सेवा की अवधि—सेवा के ग्रेड–घ या ग्रेड–III में निर्णायक तारीख अर्थात् 1–8–1992 को उसकी कम से कम तीन वर्ष की अनुमोदित और निरन्तर सेवा होनी चाहिए ।

